आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.18
सूर्यास्त 05.17

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी उपरांत 09:16 द्वादशी विक्रम संवत 2083
रविवार, 15 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 208, पृष्ठ 14+4 ■ मूल्य 6 रुपये




■ सेबी चेयरमैन की सलाह अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक - 12



■ 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री - 12



■ भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त : अमित शाह - 13



■ भारतीय क्रिकेट बॉलर कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे - 14

# कांग्रेस झूठे वादों की दुकान : मोदी

## प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं, हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा | बोले- सरकार लोगों पर वैश्विक संघर्षों के पड़ने वाले प्रभाव को कम करने के लिए काम कर रही

**• मोदी ने असम में 23,550 करोड़ रुपये और पश्चिम बंगाल को 18,680 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात**

सिलचर/कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री ने शनिवार को असम के सिलचर में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार वैश्विक संघर्षों के कारण लोगों पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने के लिए काम कर रही है। साथ ही आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी कांग्रेस देश में दहशत पैदा करने की कोशिश करके गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार कर रही है। कांग्रेस को एक जिम्मेदार राजनीतिक दल की भूमिका निभानी चाहिए थी लेकिन वह ऐसा करने में विफल रही। वह आज झूठे वादों की दुकान बन चुकी है और दहशत फैलाने की कोशिश कर रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने असम में विधानसभा चुनावों से पहले सिलचर में शनिवार को 23,550 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की। वहीं पश्चिम बंगाल में 18,680 करोड़ की विभिन्न परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि राज्य से भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। उन्होंने सिलचर में कहा, उसके (कांग्रेस) पास न तो असम के लिए कोई दूरदृष्टि है और न ही राष्ट्र के लिए वे (कांग्रेस नेता) केवल मोदी को गाली देना, अफवाहें फैलाना और लोगों को गुमराह करने के लिए झूठ बोलना जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- हम बाहरी युद्धों के असर से बचाव में लगे हैं हताश कांग्रेस ने देश के विरुद्ध ही मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को जिस तरह उसके हाल पर छोड़ दिया, उसने उसी तरह बराक घाटी को कमजोर करने में भी अहम भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कछार जिले के सिलचर और मेघालय के शिलांग के बीच 22,864 करोड़ रुपये की नियंत्रित प्रवेश-निकास वाली एक्सप्रेसवे परियोजना के लिए भूमि पूजन में भाग लिया। 166 किलोमीटर लंबे चार लेन के इस ग्रीनफील्ड द्रुतगति गलियारे से मेघालय और असम के बीच संपर्क सुविधा में उल्लेखनीय सुधार होगा और गुवाहाटी और सिलचर के बीच की दूरी 295 से घटकर 252 रह जाएगी।

प्रधानमंत्री ने बंगाल में परियोजनाओं की शुरुआत कर रेखांकित किया कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास को नई गति प्रदान करेंगी, जिससे व्यापार और उद्यम को बढ़ावा मिलेगा।



कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माला पहनाते भाजपा नेता।

### घुसपैठियों को बचाने के लिए तृणमूल एसआईआर का विरोध कर रही : मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर घुसपैठियों के अपने वोट बैंक को बचाने के लिए मतदाता सूची के एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि राज्य में तृणमूल के शासनकाल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की वजह से कई क्षेत्रों की जनसांख्यिकी बदल गई है। मोदी ने यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर तीखा हमला बोला और उस पर घुसपैठ को बढ़ावा देने, राज्य की जनसांख्यिकी को बदलने और संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा चुनावों से पहले ममता बनर्जी सरकार के लिए उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल उत्पीड़ित हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता देने का विरोध कर रही है।

### टीएमसी ने राष्ट्रपति का ही नहीं, आदिवासियों और संविधान का भी अपमान किया

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान करके सभी हदें पार करने का आरोप लगाया। मोदी ने कहा कि पार्टी ने न केवल राष्ट्र की प्रमुख का अपमान किया बल्कि देश के आदिवासियों और संविधान का भी अनादर किया। पिछले हफ्ते मुर्मू की उत्तर बंगाल यात्रा के दौरान पैदा हुए विवाद के बीच मोदी ने ये आरोप लगाए हैं। राष्ट्रपति ने अपने कार्यक्रम का स्थल अंतिम क्षण में बदल दिए जाने पर नाराजगी जताई थी और सवाल उठाया था कि हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री ममता या राज्य का कोई मंत्री मौजूद क्यों नहीं था। राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि बंगाल में वर्तमान सरकार के तहत आदिवासी, दलित और गरीब लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

# एलपीजी ला रहे 2 जहाजों ने होर्मुज स्ट्रेट को पार किया दो दिन में भारत पहुंचेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

खाड़ी देशों से एलपीजी लेकर आ रहे दो भारतीय जहाजों ने शनिवार सुबह युद्ध प्रभावित होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया। इसके साथ ही होर्मुज को पार करने वाले भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या तीन हो गई है। जहाजरानी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

जलडमरूमध्य के पश्चिमी हिस्से में बचे हुए 22 जहाज प्रतीक्षा में हैं, क्योंकि भारत सरकार उनकी सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की सरकारों के साथ बातचीत कर रही है। जहाजरानी मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी ला रहे जहाज शिवालिक और नंदा देवी अब गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि ये जहाज 92,700 टन एलपीजी ला रहे हैं। शिवालिक के 16 मार्च को मुंद्रा जबकि नंदा देवी पोत के 17 मार्च को कांडला बंदरगाह पर पहुंचने की संभावना है। भारतीय ध्वज वाले जहाजों की निकासी भारतीय कूटनीति के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने के साथ-साथ ये इस मायने में भी अहम है कि रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकताओं का 60 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें से 85-90 प्रतिशत सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देशों से प्राप्त होता है।




**• 92 हजार टन वाले एलपीजी पोत शिवालिक और नंदा देवी 16/17 मार्च को गुजरात के बंदरगाहों पर पहुंचेंगे**

### बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से 6 एलपीजी के

सिन्हा ने कहा कि पश्चिमी हिस्से में बचे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों में से छह एलपीजी पोत हैं, एक एलएनजी वाहक है, चार कच्चे तेल के टैंकर हैं, एक रासायनिक उत्पादों की ढुलाई कर रहा है और तीन कंटेनर जहाज हैं और दो बल्क कैरियर हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर ने कहा, हमारे कई जहाज खाड़ी क्षेत्र में प्रतीक्षा में हैं। हम ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के मद्देनजर सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क और समन्वय बनाए रखने का प्रयास कर रहे हैं ताकि उनके लिए सुरक्षित एवं निर्बाध पारगमन सुनिश्चित किया जा सके।




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पोस्ट-फेस्टिवल ब्लूज उत्सव के बाद का खालीपन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### बुजुर्ग व्यक्ति को कार के बोनट से लटकाकर घुमाया, चालक गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ, जिसमें कार के बोनट से एक बुजुर्ग व्यक्ति को लटके हुए देखा जा सकता है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 10 :30 बजे निकोल इलाके में हुई। पुलिस अधिकारी सुमरा ने बताया, कृष्णापार्क सोसाइटी के निवासी कार चालक हरिसांग यादव (29) को भारतीय न्याय संहिता और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### राष्ट्रविरोधी साजिश बेनकाब, छह गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस और गुप्तचर एजेंसियों ने गाजियाबाद में बड़ी राष्ट्रविरोधी साजिश को नाकाम कर दिया है। छापेमारी में छह ऐसे साजिशकर्ता गिरफ्तार किए गए गए हैं, जो दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र सक्रिय रहकर सामरिक प्रतिष्ठानों की लोकेशन, फोटो-वीडियो विदेश भेजते थे। इसके लिए उन्हें विदेश से फंडिंग हो रही थी। पकड़े गए संदिग्धों में बदायूं, शाहजहांपुर, संभल, बिजनौर आदि जिलों के रहने वाले लोग शामिल थे। गाजियाबाद के थाना मसूरी पुलिस की कार्रवाई में गिरफ्तार रैकेट का सरगना सुहेल मलिक उर्फ रोमियो है, जो बिजनौर के नरगढी नवादा का रहने वाला है। उसके साथ बदायूं में कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रिसौली निवासी शिवा बाल्मीकि, शाहजहांपुर में सुल्तानपुर, कटना का रहने वाला रितिक गंगवार, संभल के ज्ञानपुर सिसौना की साने इरम उर्फ महक, गाजियाबाद में भौवापुर, कोशांबी का प्रवीन और औरेया के ग्राम बनारसीदास निवासी राज बाल्मीकि भी दबोचे गए हैं।

# ईरान के तेल नेटवर्क क्षेत्र खार्ग द्वीप पर अमेरिका की बमबारी

दुबई, एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका ने ईरान के तेल नेटवर्क के लिए महत्वपूर्ण एक द्वीप पर स्थित सैन्य ठिकानों को शुक्रवार को नष्ट कर दिया और चेतावनी दी कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में हस्तक्षेप करना जारी रखता है तो उसकी तेल अवसंरचना को निशाना बनाया जाएगा। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के खार्ग द्वीप पर स्थित ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर दिया। खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल है।

ईरान ने कहा था कि यदि ऐसा हमला किया गया तो उसकी ओर से और भी बड़े स्तर की जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इस बीच एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि ईरान के साथ युद्ध के दो सप्ताह बाद प. एशिया में 2,500 और मरीन एवं एक युद्धपोत भेजा जा रहा है। ईरान इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है जिससे दुनिया के तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा गुजरता है। वहीं, अमेरिकी और इजराइली युद्धक विमान समूचे ईरान में सैन्य और अन्य लक्ष्यों पर बमबारी कर रहे हैं। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान या कोई और देश होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन में बाधा डालता है, तो वह तेल बुनियादी ढांचे को नष्ट न करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करेंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने एक पोस्ट में चेतावनी दी कि ईरान की दक्षिणी समुद्री सीमा पर स्थित द्वीपों पर अगर हमले हुए तो ईरान संयम नहीं बरतेगा। ये द्वीप देश की अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं।

**• खार्ग द्वीप पर ईरान के तेल निर्यात का मुख्य टर्मिनल, ट्रंप की चेतावनी- होर्मुज में आवागमन रोका तो अन्य तेल अवसंरचना को बनाया जाएगा निशाना**



### बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर पर मिसाइल हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास परिसर के भीतर एक हेलीपैड पर मिसाइल से हमला हुआ। जिसके बाद शनिवार सुबह दूतावास परिसर के ऊपर धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। दुनिया में अमेरिका के सबसे बड़े राजनयिक केंद्रों में शामिल यह विशाल दूतावास परिसर पहले भी ईरान समर्थित मिलिशिया द्वारा दागे गए रॉकेट और ड्रोन का कई बार निशाना बना है।

## एसआई भर्ती परीक्षा में 'पंडित' ऑप्शन को लेकर छिड़ा विवाद

**लखनऊ।** पिछले दिनों फिल्म के पंडत नाम को लेकर हुआ विवाद अभी ठंडा ही हुआ था कि अब यूपी एसआई की भर्ती परीक्षा में एक प्रश्न के ऑप्शन में पंडित शब्द को लेकर नया विवाद छिड़ गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे गलत बताते हुए दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। वहीं भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्र ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत की है। दरअसल शनिवार को एसआई भर्ती परीक्षा के दौरान 20 नंबर पर एक प्रश्न पूछा गया है। प्रश्न है कि अवसर के हिसाब से बदल जाने वाले को आप क्या कहेंगे ? इस प्रश्न के आप्शन भी दिए गए हैं, जिनमें ए-निष्कपट, बी-सदाचारी, सी- पंडित, डी-अवसरवादी आप्शन लिखे हैं। इसमें अभ्यर्थी को किसी एक पर टिक करना हैं। यह प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर जैसे वायरल हुआ तो खलबली मच गई।

**• डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने इसे बताया गलत सीएम से शिकायत**

# एसआई भर्ती परीक्षा : पहले दिन एक लाख 26 हजार अभ्यर्थी गैर हाजिर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस में एसआई पद के लिए हुई लिखित परीक्षा पहले दिन शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। इस दौरान शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 1,26,000 से अधिक अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

उधर फर्जी तौर पर पेपर लीक का दावा कर परीक्षार्थियों से धन वसूलने के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया, साथ ही सात टेलीग्राम ग्रुपों के खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है। उधर रविवार को भी प्रदेश के सभी केन्द्रो पर दोनों पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निकाली गईं 4,543 पदों के लिए 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसके लिए शनिवार को प्रदेश के 75 जिलों के 1090 परीक्षा केन्द्रों पर सुबह दस से 12 बजे और अपरान्ह तीन बजे से शाम पांच बजे की दो पालियों मे परीक्षा हुईं। परीक्षा में 160 पूछे गए, वहीं पांच मिनट का अतिरिक्त समय भी दिया गया। प्रवक्ता ने दावा किया कि कंट्रोल रूम के जरिए प्रदेश भर के परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी रही। पूरी तरह से परीभा शांति पूर्वक संपन्न हुई।

**• दोनों पालियों में 5,31,765 अभ्यर्थियों ने लिया भाग, पूछे गए 160 सवाल**

**• पेपर लीक कराने का फर्जी दावा करने वाले तीन युवक गिरफ्तार सात टेलीग्राम चैनलों पर मुकदमा**

# सोनम वांगचुक जेल से रिहा

**जोधपुर/दिल्ली/लेह।** केंद्र सरकार द्वारा हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का फैसला किए जाने के बाद जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक (59) को शनिवार दोपहर राजस्थान की जोधपुर केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया। इस कदम का राजनीतिक दलों और लद्दाख में आंदोलन कर रहे संगठनों ने स्वागत किया है। इससे पहले, केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि उसने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। वांगचुक संबंधित अधिनियम के तहत निर्धारित हिरासत अवधि का लगभग आधा समय पहले ही बिता चुके हैं।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए हिंसक प्रदर्शनों के दो दिन बाद, 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया था।

**• लगभग छह महीने बाद केंद्र सरकार ने हिरासत रद्द की**



# अभिषेक प्रकाश सेवा में बहाल विभागीय कार्रवाई यथावत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने निलंबित चल रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। राज्य सरकार ने निलंबन अवधि समाप्त होने के बाद 15 मार्च 2026 से सेवा में बहाल करने का आदेश जारी किया है। शासन के नियुक्ति अनुभाग-5 द्वारा 14 मार्च शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि बहाली के बावजूद उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्रवाई पूर्ववत जारी रहेगी। शासन ने यह आदेश राज्यपाल की अनुमति से दिया है।

आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निलंबन अवधि 14 मार्च 2026 तक मानी जाएगी और 15 मार्च से अभिषेक प्रकाश को फिर से सेवा में शामिल किया जाएगा। साथ ही अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने तक कोई भी विभागीय निर्णय या कार्रवाई प्रभावित नहीं होगी। अर्थात, नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी और शासन की जवाबदेही और पारदर्शिता बनी रहेगी।



**• नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई**

## इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष झुनझुनवाला का निधन

मसौधा, अयोध्या



**अमृत विचार :** अयोध्या के उद्योगपति, इंडियन शुगर मिल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं केएम शुगर मिल के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला का शनिवार शाम लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। 85 वर्षीय झुनझुनवाला चीनी उद्योगपति के साथ-साथ कई शिक्षण संस्थानों के मालिक और अध्यक्ष भी रहे हैं। बताते हैं कि केएम शुगर मिल के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत झुनझुनवाला ने गन्ना किसानों के हित में कई सराहनीय कार्य किया है। बताया गया कि उन्होंने झुनझुनवाला परिवार की कुलदेवी श्रीराणी सती देवी का राजस्थान से लेकर अयोध्या जिले तक कई मंदिर भी बनवाया है। आम जनमानस के लिए मसौधा गेट बाजार स्थित श्री राणी सती मंदिर के नाम से पूजा के लिए एक वृहद मंदिर की भी स्थापना कराई। केएम शुगर मिल के कार्मिक प्रबंधक विवेकानंद मिश्र ने बताया कि इनके पांच संतानों में तीन बेटियां हैं जिसमें बड़ी बेटी मीनाक्षी मोदी, पर्दा गोयनका और दो बेटों में आदित्य कुमार झुनझुनवाला व संजय कुमार झुनझुनवाला प्रमुख हैं। पार्थिव शरीर लखनऊ से अयोध्या केएम शुगर मिल मोती नगर दर्शनार्थ लाया जा रहा है। रविवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे अयोध्या सरयू तट स्थित रामघाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**सियासत** | हरियाणा के कैथल में संत कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बोले- जनता का भरोसा खो चुके लोग अब संवैधानिक संस्थाओं पर उठा रहे सवाल

# मुकाबला नहीं कर पा रहे, अफवाहों से फैला रहे अराजकता : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनता जिन लोगों को नकार चुकी है और जो मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं, वे अफवाहों के जरिए अराजकता और अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को समाज को मिलकर रोकना होगा और 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से काम करना होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत शेरनाथ महाराज को शुभकामनाएं दीं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं, वे अब भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर ही सवाल उठा रहे हैं। कभी लोकसभा अध्यक्ष, कभी न्यायपालिका तो कभी निर्वाचन आयोग पर आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि जीतने पर श्रेय लेना और हारने पर संस्थाओं पर आरोप लगाना उचित नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और आर्थिक अस्थिरता का माहौल है, लेकिन भारत किसानों के परिश्रम और मजबूत नेतृत्व के कारण विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 145 करोड़ देशवासी एकजुट होकर देश के नेतृत्व पर भरोसा जता रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद कई सरकारें आईं, लेकिन आस्था के सवालों पर ध्यान नहीं दिया गया, क्योंकि वे वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश में समान सोच वाली सरकार बनने के बाद अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारपुरी और बद्रीनाथ धाम जैसे धार्मिक स्थलों का भव्य विकास भी इसी सोच का परिणाम है।



### संतों के सानिध्य में ऊंची रहेगी सनातन की ध्वज पताका

योगी ने कहा कि भारत की संत परंपरा ने सदैव समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया है। संतों के सानिध्य में सनातन की ध्वज पताका हमेशा ऊंची रहेगी। उन्होंने कहा कि धर्मस्थल केवल पूजा के केंद्र नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और सामाजिक समरसता के भी केंद्र होते हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब और हरियाणा की भूमि संतों और वीरों की परंपरा के लिए जानी जाती है। इस परंपरा ने देश की सुरक्षा और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### यहां नशे को बढ़ावा दे रहा पाकिस्तान

योगी ने कहा कि पाकिस्तान भारत में नशे को बढ़ावा देकर युवा पीढ़ी को कमजोर करने की साजिश कर रहा है। उन्होंने समाज और संतों से अपील की कि नशे के खिलाफ जनजागरण चलाया जाए। नशा समाज और राष्ट्र दोनों के लिए विनाशकारी है और इसके खिलाफ लड़ाई देशसेवा के समान है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलकाता में आयोजित जनसभा के लाइव प्रसारण को सुनने के लिए लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय में बंगाली समाज के प्रतिनिधि एकत्र हुए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी समेत अन्य पार्टी नेता मौजूद रहे। अमृत विचार

# बदायूं सीबीजी प्लांट मामले में एसआईटी गठित

## प्लांट परिसर की सुरक्षा बढ़ाते हुए पुलिस चौकी की स्थापना की गई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बदायूं स्थित सीबीजी प्लांट में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बरेली मंडल के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित की जाएगी और त्वरित कार्रवाई की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि एसआईटी घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच करेगी। इसका उद्देश्य किसी भी प्रकार की लापरवाही या संभावित साजिश का पता लगाना और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना है। गठित एसआईटी आगामी दिनों में जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

सीएम योगी ने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच के दौरान यदि किसी अन्य आपराधिक संलिप्तता का संकेत मिलता है, तो अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।



प्रदेश सरकार पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है। अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मामले की जांच पूरी गंभीरता से की जाए और किसी भी दोषी को बख्शा न जाए।

**-योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उप्र.**

### प्रशासन हुआ सतर्क, तत्काल कदम उठाए

घटना के बाद प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रशासन ने तत्काल कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सीबीजी प्लांट परिसर में पुलिस चौकी स्थापित की गई है। इससे न केवल भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की संभावना कम होगी, बल्कि औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। एसआईटी के गठन से राज्य सरकार ने यह संदेश भी दिया है कि प्रदेश में औद्योगिक सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर सरकार पूरी सतर्क है। जांच दल घटना के सभी पहलुओं, साजिश के किसी भी संकेत और प्रशासनिक लापरवाही की छानबीन करेगा।

---

**न्यूज ब्रीफ**

### 181 हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मिली मदद

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को मजबूत करने के उद्देश्य से संचालित 181 महिला हेल्पलाइन संकट की घड़ी में महिलाओं के लिए भरोसेमंद सहारा बनकर उभरी है। वर्ष 2017 से संचालित इस टोल फ्री सेवा के माध्यम से अब तक 8.42 लाख से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को सहायता प्रदान की जा चुकी है। महिलाएं घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, उत्पीड़न या अन्य किसी भी समस्या की स्थिति में 181 नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद और परामर्श प्राप्त कर रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, 181 हेल्पलाइन प्रदेश भर में 24 घंटे सक्रिय रहती है। कॉल सेंटर में तैनात प्रशिक्षित परामर्शदाता महिलाओं की समस्याओं को सुनकर सहायता उपलब्ध कराते हैं। जरूरत पड़ने पर संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन से भी समन्वय कर समस्या के समाधान की दिशा में कार्रवाई की जाती है। सरकार का कहना है कि यह हेल्पलाइन महिलाओं और बालिकाओं के लिए एक प्रभावी सहायता तंत्र के रूप में काम कर रही है। प्रदेश के किसी भी जिले या गांव से महिलाएं अपनी समस्या साझा कर विशेषज्ञों से सलाह ले सकती हैं।

### नवआरंभ उत्सव 25 से, बालवाटिका में बढ़ेंगे नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत बनाने और छोटे बच्चों को स्कूल से जोड़ने की दिशा में प्रदेश सरकार ने कदम बढ़ा दिये हैं। उक्त क्रम में 25 मार्च को राज्यभर के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों और प्राथमिक विद्यालयों में 'नवआरंभ उत्सव' आयोजित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की इस पहल का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का बालवाटिका में नामांकन बढ़ाना और अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करना है। नीति के अनुसार, वर्ष 2030 तक सभी बच्चों तक प्रारंभिक शिक्षा का लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नवआरंभ उत्सव के दौरान विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें बच्चों और अभिभावकों को बालवाटिका की गतिविधियों और सुविधाओं से परिचित कराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, डायट, नोडल शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। नवआरंभ उत्सव के आयोजन के लिए राज्य सरकार ने 1592.22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। प्रत्येक विद्यालय को लगभग तीन हजार रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे।

---

# एलपीजी कालाबाजारी करने वाले 8 गिरफ्तार, 40 एफआईआर दर्ज

## गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री को लेकर प्रदेशभर में की जा रही कड़ी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर किया गया निरीक्षण और छापेमारी**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में एलपीजी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी और अवैध बिक्री पर सख्त कार्रवाई जारी है। खाद्य एवं रसद विभाग तथा जिला प्रशासन की टीमों ने पिछले दो दिनों में प्रदेश के 2,554 स्थानों पर निरीक्षण और छापेमारी की कार्रवाई की। इस दौरान 40 एफआईआर दर्ज की गईं, आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और 37 अन्य के खिलाफ अभियोजन कार्यवाही की गई।

मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति लगातार सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी पर कड़ी नजर रखी जाए। इससे उपभोक्ताओं को गैस की नियमित आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी न होने पाए।

प्रदेशभर के 4,108 एलपीजी वितरकों के यहां पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के अनुसार रिफिल की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है। भारत सरकार ने कमर्शियल सिलेंडरों की कुल खपत के 20 प्रतिशत तक आवंटन की अनुमति दी है, जिससे व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी गैस आपूर्ति प्रभावित नहीं होगी।

इस कार्रवाई से न केवल कालाबाजारी करने वालों पर सख्ती दिखाई गई है, बल्कि प्रदेश की एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को मजबूती भी मिली है। प्रशासन का मानना है कि सतत निगरानी और जांच के माध्यम से उपभोक्ताओं को नियमित और पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

### समस्याओं का त्वरित समाधान

आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए प्रदेश के सभी जिलों में 24 घंटे सक्रिय कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी लगातार फील्ड निरीक्षण कर उपभोक्ताओं को आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। लखनऊ मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम सक्रिय है, जहां अधिकारियों की तैनाती से समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

---

### आरटीई के तहत 1.56 लाख बच्चों को निजी स्कूलों में मिला प्रवेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को संचालित प्रवेश प्रक्रिया के पहले दो चरणों में 1.56 लाख से अधिक बच्चों को निजी विद्यालयों में दाखिला मिल चुका है।

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार, प्रथम चरण में लगभग 1.09 लाख सीटों का आवंटन किया गया, जबकि दूसरे चरण की लॉटरी में 47 हजार से अधिक बच्चों को प्रवेश मिला। पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी तरीके से पूरी की गई, जिसमें आवेदन, सत्यापन और लॉटरी प्रणाली के जरिए छात्रों का चयन किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक प्रवेश लखनऊ में हुए हैं, जहां पहले चरण में 12,097 और दूसरे चरण में 3,489 बच्चों को सीट मिली।

---

# तीन माह में बनाए 18 लाख आयुष्मान कार्ड

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **बरेली पहले, जौनपुर दूसरे और आगरा तीसरे स्थान पर**

**अमृत विचार :** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत छूटे पात्र लाभार्थियों को जोड़ने के लिए उत्तर प्रदेश में विशेष अभियान चलाया गया है। चलाए गए अभियान के तहत पिछले 3 महीनों में करीब 18 लाख नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। प्रदेश में अब तक कुल 5.64 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिससे करोड़ों परिवारों को सालाना 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा मिल रही है।

प्रदेश सरकार ने यह विशेष अभियान पहले 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया था, जिसमें 5.52 लाख से अधिक कार्ड बनाए गए। अभियान की सफलता को देखते हुए इसे 15 जनवरी से दोबारा शुरू किया गया, जो 15 अप्रैल तक चलेगा। 12 मार्च तक इस चरण में 17.94 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (साचीज) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अर्चना वर्मा के अनुसार, अभियान के दौरान कार्ड बनाने में बरेली जिला पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर रहा, जहां 1,12,855 कार्ड बनाए गए। जौनपुर 83,042 कार्ड के साथ दूसरे और आगरा 76,702 कार्ड के साथ तीसरे स्थान पर है। इसके अलावा प्रयागराज 74,252 कार्ड बनाकर चौथे और आजमगढ़ 70,266 कार्ड के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

---

# कार्रवाई : वायरल वीडियो पर वरिष्ठ सहायक निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बस्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विक्रमजोत में वायरल हुए एक वीडियो के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को मामले का तत्काल संज्ञान लिया और निर्देश दिए कि वीडियो के जांच कराई जाए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

वायरल वीडियो में दिखाए गए क्लर्क प्रदीप श्रीवास्तव पर घूस लेने का आरोप था। उप मुख्यमंत्री के आदेश पर आरोपी वरिष्ठ सहायक को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उसे कार्यालय अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, चित्रकूट धाम मंडल, बांदा में स्थानांतरित किया गया है। साथ ही मंडलीय अपर निदेशक, चित्रकूट धाम को जांच अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। उन्होंने मामले की जांच संबंधी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

---

# प्रदेश में बन रहे 'यूनिटी मॉल', जिलों के उत्पादों को मिलेगा वैश्विक मंच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **आगरा, वाराणसी और लखनऊ में तेजी से चल रहा निर्माण**
- **हस्तशिल्प, ओडीओपी और जीआई उत्पादों को मिलेगा बड़ा बाजार**

**अमृत विचार :** प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और स्थानीय उत्पादों को नया बाजार उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 287.56 करोड़ की लागत से तीन आधुनिक 'पीएम यूनिटी मॉल' बनाए जा रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस पहल के तहत आगरा, वाराणसी और लखनऊ में इन मॉल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। इनका उद्देश्य प्रदेश के 75 जिलों के ओडीओपी और जीआई-टैग उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ना है।

सरकार का मानना है कि इन मॉल के माध्यम से कारीगरों, महिलाओं और युवाओं को अपने उत्पादों को प्रदर्शित और बेचने के लिए स्थायी मंच मिलेगा। इससे पारंपरिक हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों को नया जीवन मिलने के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। प्रदेश के कारीगरों को बड़ा बाजार मिलने से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलने के साथ पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा।



### फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार

**अमृत विचार :** लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में करीब 4.86 एकड़ क्षेत्र में 64 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। परियोजना के तहत दुकानों की फिनिशिंग और प्रशासनिक ब्लॉक का ढांचा तैयार हो चुका है और अन्य निर्माण कार्य तेजी से चल रहे हैं। इसके जून 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

आगरा के शिल्पग्राम क्षेत्र में करीब 11.53 एकड़ भूमि पर लगभग 128.85 करोड़ रुपये की लागत से यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है। यहां बेसमेंट और फाउंडेशन से जुड़े कई निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं।

वाराणसी के गंगानगर कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 154.71 करोड़ रुपये की लागत से 1.46 एकड़ भूमि पर यूनिटी मॉल विकसित किया जा रहा है। यहां बनारसी साड़ी, जरी-जरदोजी, लकड़ी के खिलौने और रुद्राक्ष जैसे पारंपरिक उत्पादों को प्रदर्शित और बिक्री के लिए विशेष स्थान मिलेगा।

---

# चुनावी स्वार्थ के कारण कांग्रेस सपा मना रहे कांशीराम जयंती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **कांग्रेस पार्टी ने सरकार में रहते नहीं दिया भारत रत्न : मायावती**



**अमृत विचार:** बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस की ओर से कांशीराम को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि सभी को पता है कि कांग्रेस काफी वर्षों तक केंद्र की सत्ता पर काबिज रही। लेकिन फिर भी उसने संविधान निर्माता डॉ. बीआर आंबेडकर और बसपा संस्थापक कांशीराम को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। ऐसे में अब कांग्रेस कांशीराम को कैसे भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित कर सकती है। उन्होंने कहा कि गिरगिट की तरह रंग बदलकर चुनावी स्वार्थ के कारण सपा और कांग्रेस कांशीराम की जयंती मना रहे हैं।

बसपा प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि जब कांशीराम का निधन हुआ था, उस समय केंद्र में कांग्रेस की सरकार और यूपी में सपा की सरकार थी। फिर भी कांग्रेस और सपा सरकार ने एक भी दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया था। अब यह पार्टियां तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर कांशीराम द्वारा बनाई गई बसपा को कमजोर करने में लगे हुए हैं। उन्होंने साफ कहा कि कांग्रेस की दलित विरोधी मानसिकता के कारण ही कांशीराम को बसपा बनानी पड़ी थी।

### बसपा आज प्रदेशभर में मनाएगी कांशीराम जयंती

**अमृत विचार, लखनऊ :** बसपा की ओर से रविवार को प्रदेश भर में पार्टी संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई जाएगी। पश्चिमी यूपी के छह मंडलों के कार्यकर्ता नोएडा में एकत्र होंगे, वहीं लखनऊ समेत प्रदेश के हर जिले में जयंती के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान अनुसूचित जातियों की एकता और उनके विकास के मुद्दे पर बात की जाएगी। बसपा प्रमुख मायावती ने सभी कार्यकर्ताओं को शनिवार को निर्देश जारी किए। कहा कि पूरे प्रदेश में जयंती के कार्यक्रमों को विशेष रूप से सफल बनाया जाए। उन्होंने आगाह किया कि जातिवादी और संकीर्ण जातिवादी सोच की राजनीतिक पार्टियां अवसरवादी फैशन के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को गुमराह करना चाहती हैं। लेकिन जब यह लोग सत्ता में थे तो इन्होंने संवैधानिक व्यवस्था को पूरी तरह से पूरी तरह से निष्क्रिय कर दिया था। ऐसे अवसरवादियों से बहुजन समाज के लोग चौकन्ने रहें।

---

# विद्युत विभाग में वर्टिकल व्यवस्था फेल : समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **राजस्व घटा गर्मियों में लड़खड़ा सकती है आपूर्ति**

**अमृत विचार:** राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में देने के लिए थोपी गई वर्टिकल व्यवस्था पूरी तरह फेल है। टेक्निकल कार्य देख रहे इंजीनियरों को राजस्व कार्य में लगा दिया गया, जिससे बिजलीघरों का मेंटेनेंस प्रभावित हो रहा है। इसके चलते जहां राजस्व घट रहा है, वहीं गर्मियों में बिजली व्यवस्था लड़खड़ाने का खतरा पैदा हो गया है।

समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों की शनिवार को विभाग के फील्ड हास्टल में बैठक हुई। इस दौरान संयोजक ने पावर कारपोरेशन प्रबंधन द्वारा मनमाने ढंग से लागू की गई इस व्यवस्था को पॉलिसी पैरालिसिस करार दिया। बताया कि नई व्यवस्था के तहत 11 केवी और 33 केवी लाइनों व सब-स्टेशनों के मेंटेनेंस का कार्य, राजस्व वसूली, कमर्शियल कार्य तथा मीटरिंग का कार्य अलग-अलग कर दिया गया। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव यह हुआ कि पहले जहां एक सहायक अभियंता 3-4 सब-स्टेशन संभालता था, वहीं अब उसे 8-10 सब-स्टेशन देखने पड़ रहे हैं। इसी प्रकार जूनियर इंजीनियरों पर भी कार्यभार कई गुना बढ़ गया है। उन्होंने प्रबंधन से तुरंत ही वर्टिकल व्यवस्था को समाप्त करने की मांग की है।



लखनऊ : बैठक करते राज्य विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

---

**तैयारी** आग की घटनाओं की सूचना देने को आमजन के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी

# जंगलों में आग रोकने को 116 कंट्रोल सेल सक्रिय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **अफसरों ने संभाली कमान मुख्यालय से प्रभागीय स्तर तक 24 घंटे निगरानी**

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाओं को रोकने के लिए प्रदेश में व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर वन विभाग ने मुख्यालय से लेकर प्रभागीय स्तर तक 116 अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित कर दिए हैं, जो 24 घंटे निगरानी रखते हुए किसी भी आग की घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में अग्नि नियंत्रण सेल सक्रिय कर दिया गया है, वहीं प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालयों, वृत्त और जोन स्तर पर भी नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। मुख्य वन संरक्षक (प्रचार-प्रसार) अदिति शर्मा के अनुसार, मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में वन अग्नि नियंत्रण के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रभागीय स्तर पर आग की किसी भी सूचना को तुरंत मुख्यालय तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं।

सभी नियंत्रण कक्षों में तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। प्रत्येक नियंत्रण कक्ष में आग से जुड़ी किसी भी सूचना को तत्काल रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा और संबंधित क्षेत्र में त्वरित कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इसकी जानकारी मुख्यालय को भी भेजी जाएगी, ताकि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा सके।

वन विभाग ने आम नागरिकों से भी आग की घटनाओं की सूचना देने की अपील की है। इसके लिए मुख्यालय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 0522-2977310, 0522-2204676, 9651368060 और 7017112077 जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर कोई भी व्यक्ति जंगल में आग से संबंधित जानकारी दे सकता है।

इन क्षेत्रों में वन विभाग ने पहले ही फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल कराई है और जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियां भी गठित की गई हैं। इसके अलावा जंगलों में वन्य जीवों के लिए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए नए वाटर होल बनाए जा रहे हैं।

### 19 जिलों के जंगल संवेदनशील

प्रदेश में 15 जून तक वन अग्निकाल माना जाता है। पिछले वर्षों के आंकड़ों के आधार पर चित्रकूट, सोनभद्र, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग, बहराइच, महराजगंज, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, उत्तर खीरी, दक्षिण खीरी, बलरामपुर, सहारनपुर, बिजनौर, गोंडा, गोरखपुर, मीरजापुर, चंदौली, ललितपुर, बांदा और हमीरपुर समेत कई क्षेत्रों को अतिसंवेदनशील और मध्य संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

---

# अलीगढ़ की सुजाता ने पेश की मिसाल, देशभर में पहुंचा कारोबार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **स्वयं सहायता समूह से शुरू किया पूजा सामग्री का कारोबार**

**अमृत विचार :** कोरोना काल में आई आर्थिक मुश्किलों को अवसर में बदलते हुए अलीगढ़ की सुजाता राघव ने आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश की है। हरदुआगंज क्षेत्र के बड़ा गांव उखलाना की रहने वाली सुजाता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़कर न केवल अपना कारोबार शुरू किया, बल्कि कई महिलाओं को रोजगार भी दिया।

कोरोना के दौरान उनके पति की नौकरी छूटने के बाद परिवार के सामने आय का संकट खड़ा हो गया था। इसी बीच उन्हें एनआरएलएम के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर वर्ष 2022 में "श्री राघव ग्रामीण महिला आजीविका स्वयं सहायता समूह" का गठन किया। समूह को मिली शुरुआती आर्थिक सहायता से सुजाता ने पूजा सामग्री बनाने का काम शुरू किया। अपने उत्पादों को पहचान देने के लिए उन्होंने "श्री शुभांग" नाम से ब्रांड बनाया और उसका ट्रेडमार्क भी पंजीकृत कराया। आज उनके उत्पाद अमेजन, फ्लिपकार्ट, जियो मार्ट और ओएनडीसी जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं। सुजाता के इस प्रयास से 10 महिलाओं को सीधे रोजगार मिला है, जबकि कई अन्य महिलाएं पैकिंग और आपूर्ति से जुड़कर आय अर्जित कर रही हैं।



सुजाता राघव

लखनऊ, भैसोरा गोमती नगर विस्तार में
1BHK 2BHK
फ्लैट बिक्री हेतु शुरुआती कीमत 22 लाख
मैप अप्रूव्ड - रेडी टू मूव
फ्लोर, पार्किंग , लिफ्ट, बिजली, पानी की सुविधा, स्कूल, हॉस्पिटल, मार्केट के पास में,
INTEREST SUBSIDY AVAILABLE
रेट 3700/- प्रति वर्ग फीट, लोन उपलब्ध
सभी बैंकों से लोन की सुविधा उपलब्ध
9235559202/9565464748

मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम.के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिचिंत एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर


विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

# रामायणकालीन 41 तीर्थों का होगा पुनरुद्धार

## चिह्नित तीर्थों पर सन् 1902 लगाए गए थे एडवर्ड शिलालेख

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।


ऋषि रमणक की तपोस्थली पर लगा एडवर्ड शिलालेख।


पंडितपुर स्थित ऋषि रमणक की तपोस्थली। अमृत विचार

खास खबर

**अमृत विचार:** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के रामायणकालीन 41 तीर्थों को संरक्षित कर पुनरुद्धार कराया जाएगा। कुंडों का विकास, पहुंच मार्ग, शेड, चेंजिंग रूम, लाइटें इसकी कार्ययोजना में शामिल हैं। जहां जैसी जरूरत है वहां वैसी व्यवस्था होगी। डीएम निखिल कुमार फुंडे और सीडीओ केके सिंह की पहल पर यह पुनरुद्धार कार्य विभिन्न विभागों के सहयोग से किया जाएगा।

अयोध्या की 84 कोसी परिधि में अयोध्या, गोंडा, बस्ती और अंबेडकरनगर में कुल 151 तीर्थ स्थल चिह्नित किए गए थे। इनमें से 148 स्थानों पर वर्ष 1902 में एडवर्ड शिलालेख लगाए गए थे। इनमें कई स्थानों के शिलालेख गायब हो गए लेकिन अधिसंख्य स्थानों पर यह आज भी मौजूद है। वर्ष 2018 में प्रकाशित अयोध्या के 84 कोस पर आधारित शोध ग्रंथ ''अहो अयोध्या'' में इन स्थानों को खोजकर तत्समय की स्थिति और पौराणिकता को नए सिरे से संग्रहीत किया गया। इनके जरिए अयोध्या के 84 कोस के महत्व को रेखांकित किया गया। इसके बाद वर्ष 2021 में ''साक्षी पत्रिका'' के एक अंक में भी इसे सामने लाया गया।

श्रीराम मंदिर पर फैसला आने के बाद इन पर गौर शुरू किया गया। अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद द्वारा इनमें से कई स्थानों का कायाकल्प कराया जा रहा है, लेकिन ज्यादातर स्थान अब भी उपेक्षित स्थिति में हैं। बारिश के पहले तिलोदकी नदी और ऋषि रमणक स्थान के सर्वेक्षण पर गए डीएम निखिल टीकाराम फुंडे और सीडीओ केके सिंह ने वस्तुस्थिति को देखा। अन्य कई स्थानों का निरीक्षण किया।

- कार्ययोजना में कुंडों का विकास, पहुंच मार्ग, शेड, चेंजिंग रूम, लाइटें

इसके बाद इन तीर्थों के इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने के लिए सीडीओ सिंह ने इसका सर्वे कराया। अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 41 स्थलों पर विकास की रणनीति बनाई। अब इनके विकास की कार्रवाई शुरू की गई है। धार्मिक पर्यटकों और श्रद्धालुओं के वहां पहुंचने, नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था शामिल है। हालांकि इनमें कई स्थान निकाय क्षेत्रों में पड़ रहे हैं। उनके लिए भी व्यवस्था का प्रयास है।

### ये हैं ग्रामीण क्षेत्र के स्थल

श्रृंगी ऋषि आश्रम, वाल्मीकि आश्रम,बिल्वहरि, त्रिपुरारी, पुण्यहरि, हनुमानकुंड दराबगंज, विभीषण कुंड, सुग्रीव कुंड, राम कुंड, सीता कुंड, दुग्धेश्वर कुंड, भैरवकुंड, तमसा नदी, प्रमोद वन लखनीपुर, श्रवण क्षेत्र बारुन, पाराशर आश्रम देवराकोट, च्यवन आश्रम कुंदुर्खाकला, गौतम आश्रम रुदौली, मानसतीर्थ, पिशाचमोचन, गया कुंड भरतकुंड, भरतकुंड, नंदीग्राम, कालिका देवी नंदीग्राम, जटाकुंड, शत्रुघ्न कुंड, अजिताश्रम, आस्तीक आश्रम आस्तीकन, रमणक स्थान पंडितपुर, घृताची कुंड, थरेरू आदि स्थल हैं।




अयोध्या के ग्रामीण क्षेत्र के रामायणकालीन तीर्थों पर यथासंभव सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके लिए सर्वे कराया गया है। चिह्नित 14 कुंडों का विकास मनरेगा से कराया जाएगा। इसके साथ अलग-अलग विभागों से पहुंच सड़क, शेड, स्थान पर लाइटिंग जैसे कार्य प्रस्तावित हैं। जहां जिस तरह की जरूरत होगी वैसा कार्य कराया जाएगा। इससे धार्मिक पर्यटकों को सुविधा होगी। **–केके सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अयोध्या।**

# राजाराम रखेंगे व्रत, नौ दिनों लगेगा फलहार का भोग

## नवरात्रि पर राम मंदिर में पहली बार सिया संग विराजमान राजाराम का भी मनाया जाएगा जन्मोत्सव

अयोध्या कार्यालय।


प्रथम तल पर सजा राजा राम का दरबार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राम मंदिर में पहली बार सिया संग विराजमान राजाराम का भी जन्मोत्सव मनाया जाएगा। राजाराम नौ दिनों तक व्रत रखेंगे। 19 मार्च से प्रारंभ हो रहे चैत्र शुक्ल नवरात्रि पर नौ दिनों तक भव्य श्रृंगार होगा। सुंदर झांकी सजाई जाएगी, और इस दौरान प्रति दिन फलहार व्यंजनों का भोग भी लगाया जाएगा।

राममंदिर में रामलला के जन्मोत्सव की भव्य तैयारी है। पहली बार भूतल पर विराजमान रामलला के साथ प्रथम तल पर राम दरबार के भी अलौकिक दर्शन प्राप्त होंगे। फूलों से पूरे गर्भगृह को सजाया जाएगा। रामनवमी पर बाल स्वरूप श्री रामलला पंचामृत से अभिषेक होंगे। बेशुमार डिजाइन से तैयार पिला वस्त्र धारण करेंगे। हीरा, पन्ना जड़ित स्वर्ण मुकुट और हार को भी धारण करेंगे। वहीं इस दौरान दोपहर 12 बजे राम मंदिर के साथ जिले के 5000 मंदिरों के गर्भगृह में एक साथ आरती उतारी जाएगी। और जिसका प्रसाद भी भक्तों में वितरित होगा।

राम मंदिर के पुजारी के मुताबिक अभी तक रामलला का ही उत्सव होता था, लेकिन अब राजाराम भी विराजमान हुए है। जहां पर भी उत्सव के भव्य आयोजन किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि पहले बाल रूप में ही होने के कारण नवरात्र के पहले दिन, अष्टमी और नवमी को ही फलहार व्यंजनों का भोग लगता था। इस बार राजाराम को नौ दिनों तक फलहार व्यंजनों के भोग लगाए जाने की व्यवस्था बन रही है।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्र के अनुसार शारदीय नवरात्र के मौके पर नौ दिनों तक पूजन अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन चलेगा। रामलला के सुंदर झांकी का दर्शन श्रद्धालुओं को प्राप्त होंगे। नवरात्रि पर व्रत रखने की भी परंपरा है। इस दौरान प्रतिदिन मेवा मिष्ठान, फल के साथ अलग-अलग फलहार व्यंजनों के भोग लगाए जाएं, ऐसी व्यवस्था बनाए जाने पर विचार किया जा रहा है।

## अयोध्या आकर लगता है कि ये मेरी है : निशा



- रामायण के निर्माता रामानंद सागर की बहु ने किये रामलला के दर्शन

रामलला का दर्शन करने परिवार के साथ पहुंची रामानंद सागर की बहू निशा रामानंद सागर।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकप्रिय धारावाहिक रामायण के निर्माता रामानंद सागर की बहु और बॉलीवुड की मशहूर ड्रेस डिजाइनर निशा रामानंद सागर ने शनिवार को रामलला के दर्शन किये। उन्होंने कहा कि अयोध्या आकर लगता है कि आज मैं अपने शहर-गांव में हूं। यह महसूस होता है कि ये अयोध्या मेरी है। आज दर्शन करने के लिए आए है। बहुत तम्मा थी। कहा कि अयोध्या की जो महानता है। वह सब जानते हैं, मोदी जी ने कमाल किया हैं। आज अयोध्या में बहुत ही बदलाव आया है। यहां पर प्रवेश होते ही भक्त का भाव जो रामायण के द्वारा बनाया गया था। वह महसूस होता है। कहा कि पापा ने जो रामायण बनाई। आज ऐसी रामायण नहीं बन सकती है। वहीं बताया कि श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट से मुलाकात करूंगी। म्यूजियम में रामायण के भी कुछ अंश और पिता रामानंद सागर जी की एक तस्वीर भी होनी चाहिए। दावा किया है कि बहुत साल पहले आडवाणी जी हमारे घर आए थे। उन्होंने कहा था कि पहले बीजेपी की दो सीट हुआ करती थीं। रामायण के आने के बाद देखो क्या हुआ है,और आज जो हुआ है वह राम जी की कृपा से है। इसलिए राम मंदिर ट्रस्ट अनुरोध करूंगी।

## अब राजकीय पुस्तकालय की गैलरी में भी दिखेगी रामकथा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या का आध्यात्मिक और पौराणिक इतिहास अब राजकीय पुस्तकालय की गैलरी में देखने को मिलेगा। राजकीय पुस्तकालय के उच्चीकरण के लिए शासन ने तीन करोड़ 84 लाख रुपये की मंजूरी दे दी है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस व कंप्यूटरइज्ड होगा। पुराने भवन का उच्चीकरण के अलावा पुस्तकालय के परिसर में तीन मंजिला नया भवन का निर्माण होगा। राजकीय पुस्तकालय में छात्र व प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अध्ययन के लिए आते हैं। पूर्व मंडलायुक्त गौरव दयाल के समय यह प्रोजेक्ट तैयार हुआ था। अध्ययन के लिए रात-दिन की सुविधा देने का प्रयास है के अलावा सीनियर सिटीजन के अध्ययन के लिए अलग से कक्ष की व्यवस्था होगी।

- प्राधिकरण तीन करोड़ 84 लाख से कराएगा निर्माण

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि शासन से मिली हरी झंडी के बाद अब इसके कायाकल्य की तैयारी होगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रस्ताव शासन को जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की तरफ से भेजा गया था। बताया कि पुस्तकालय के प्रभारी राजेश तिवारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं। पुस्तकालय परिसर में नया भवन का निर्माण होगा। इसमें डिजिटल लाइब्रेरी व अयोध्या के इतिहास से संबंधित गैलरी होगी। अयोध्या से जुड़ी कलाकृतियों को उकेरा जाएगा, जिससे उसे समझने में आसानी हो। कहा, अयोध्या के इतिहास से संबंधित गैलरी राजकीय पुस्तकालय में किसी कम आकर्षण से कम नहीं होगा। शिक्षा विभाग से संचालित राजकीय पुस्तकालय को किताबों के दृष्टि से वह बहुत समृद्धि बताते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### आईं 21 शिकायतें, एक का भी निस्तारण नहीं

**बीकापुर, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में शनिवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 21 शिकायतें आईं। 18 शिकायत राजस्व, पैमाइश और भूमि विवाद और तीन शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी। एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं किया जा सका। सीओ ने भूमि विवाद व पैमाइश से संबंधित मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर निस्तारण का निर्देश दिया। यहां तहसील का कोई भी न्यायिक अधिकारी मौजूद नहीं था। मौके पर कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह, कोतवाली के उप निरीक्षक, पुलिसकर्मी और राजस्व कर्मी शामिल रहे।

### युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायतनगर थाना क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव में 19 वर्षीय मंदबुद्धि दलित युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इनायतनगर थाना प्रभारी रतन कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी पप्पू यादव के खिलाफ केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पीड़िता का भी चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है।

### तालाब में मिले लापता युवक की हुई थी हत्या

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** गोसाईगंज क्षेत्र में एक पखवाड़े से लापता युवक की हत्या की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले को लेकर हलचल मच गई है। पुलिस जांच और पूछताछ कर रही है। अंमसिन के रहने वाले जगन्नाथ कनौजिया करीब पखवाड़े भर पहले लापता हो गया था। परिजनों ने गोसाईगंज थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिजनों का आरोप है कि समय रहते पुलिस ने युवक की तलाश में सक्रियता नहीं दिखाई। लापता युवक का शव गांव के ही एक तालाब में झाड़ियों और कीचड़ के बीच मिला था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसकी पहचान जगन्नाथ कनौजिया के रूप में हुई। क्षेत्राधिकारी सदर अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण एंटी मॉर्टम इंजरी पाया गया है, जिससे हत्या की पुष्टि होती है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### कार की टक्कर से टूटा विद्युत पोल, केस

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना तारुन क्षेत्र में एक कार की टक्कर से विद्युत पोल टूटने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तारुन उपकेंद्र के अवर अभियंता रंजीत कुमार वर्मा द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया कि 10 मार्च की सुबह पांच बजे एक कार ने रामपुर-नंसा मार्ग के ऊंचगांव के पास सड़क के किनारे खड़े एक विद्युत पोल में टक्कर मार दी। जिससे खंभा टूट कर जमीन पर गिर गया व इससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि जेई की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज के डिप्लोमा छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

अयोध्या कार्यालय


जितेंद्र प्रताप (फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के डिप्लोमा छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। पेट दर्द की शिकायत के बाद उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम न कराने की मांग को लेकर चिकित्सक-स्टाफ व परिजनों के बीच नोकझोंक हुई। बड़ी संख्या में विद्यार्थी घंटों वहीं जमे रहे। पुलिस की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


ट्रामा सेंटर में परिजनों से बातचीत करते चिकित्सक। अमृत विचार

सुल्तानपुर के दोस्तपुर निवासी जितेंद्र प्रताप पुत्र फूलचंद्र ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग के टेक्निशियन पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष का डिप्लोमा छात्र था। मौके पर मौजूद विद्यार्थियों व परिजनों ने बताया कि जितेंद्र की दो तीन दिन से तबीयत खराब थी। उसे पेट में दर्द हो रहा था। शुक्रवार को तबीयत और बिगड़ गई। इसके बाद उसे ट्रामा सेंटर में ले जाया गया। रात में तकरीबन डेढ़ बजे के करीब उसे घर ले आया गया। शनिवार की सुबह उसे फिर से ट्रामा सेंटर ले जाया गया। मां सुषमा को रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन डेड बॉडी को ले जाना चाहते थे, लेकिन चिकित्सकों ने पहले पोस्टमार्टम कराने की बात कही। इस बात को लेकर घंटों तकरार हुई। जितेंद्र के पिता फूलचंद्र ने प्राचार्य को फोन लगाया। इसके बाद कई लोग सीएमएस से मिलने पहुंच गए। इसी बीच मौके पर पुलिस पहुंच गई। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं थे, लेकिन छात्र को रात में ही बिना बताए लेकर चले गए थे। पोस्टमार्टम जरूरी था। शव पुलिस को सौंप दिया गया है। अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मौत के असल कारणों की जानकारी पीएम रिपोर्ट में ही आएगी।

- पेट दर्द की शिकायत के बाद ट्रामा सेंटर में कराया गया था भर्ती

# देश की एकता और अखंडता अमर शहीदों की देन

अयोध्या कार्यालय।


देवकाली ओवरब्रिज के नीचे चौराहे के नामकरण का लोकार्पण करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

**अमृत विचार :** महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि देश की एकता और अखंडता अमर शहीदों की देन है। शहीदों के सम्मान में हर किसी को सदैव तत्पर रहना चाहिए। नगर निगम अयोध्या सैनिकों के सम्मान के लिए तत्पर है। उन्हें गृह एवं जल कर से राहत दिलाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। वह कारगिल बलिदानी जगदंबा प्रसाद पांडेय की याद में बलिदान दिवस पर देवकाली बाईपास चौराहे के नामकरण के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण कर चौराहे का लोकार्पण किया। अमर शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और सामाजिक सरोकार से अमर शहीद की मूर्ति स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नमामि गंगे के जिला अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अमर शहीद के सुपुत्र विजय पांडे ने किया। इस मौके पर वीर नारी शीला पांडेय, भाजपा नेता गोकरन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल, आलोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

- देवकाली बाईपास का नाम अब अमर शहीद जगदंबा पांडेय चौराहा

# 5755 अभ्यर्थियों ने दी व 2405 ने छोड़ी एसआई परीक्षा

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** जिले में शनिवार को हुई पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा (एसआई) 5755 अभ्यर्थियों ने दी और 2405 ने छोड़ दी।इस प्रकार कुल 29 फीसदी परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या में फोर्स की तैनाती की गई। केंद्रों पर मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी रही।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड से जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर उप निरीक्षक परीक्षा के पहले दिन दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में 4080 में से 2849 अभ्यर्थी उपस्थित और 1231 अनुपस्थित। दूसरी पाली में 4080 में से 2906 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए जबकि 1174 अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों की परीक्षा में औसतन 29.47 फीसदी परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।


मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से एसआई की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

- केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा, मौजूद रहे मजिस्ट्रेट


यूपी एसआई परीक्षा केंद्र मेथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज का निरीक्षण करते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

## वरिष्ठ अफसरों ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** पुलिस सब-इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा में सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। सभी केंद्रों पर दो-तीन उप निरीक्षकों के साथ दर्जन भर महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। केंद्रों के द्वार पर तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश दिया गया। किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को रखने की मनाही रही। परीक्षा के प्रथम दिन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज, जीआईसी, महिला पॉलिटेक्निक समेत कई केंद्रों का निरीक्षण किया। डीआईजी सोमेन वर्मा ने भी मंडल के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। बताया कि मंडल के 55 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 77 हजार परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था है। अयोध्या जिले में जिले में 12 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। शांतिपूर्ण और नकलविहीन परीक्षा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई ।सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी गई। डीएम फुंडे ने बताया कि केंद्रों पर प्रश्नपत्रों के सुरक्षित लाने ले जाने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। पुलिस नोडल अधिकारी व एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि कहीं से किसी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है।

### बोले अभ्यर्थी-

### रीजनिंग व मैथ एक में, लेंदी हो गया पेपर


आयुष्मान यादव


उत्तम शुक्ला


सरिता


अचल मिश्रा

मेथोडिस्ट कॉलेज के केंद्र पर सीतापुर से परीक्षा देने आए उत्तम शुक्ला ने कहा कि प्रश्नपत्र सरल था ।अच्छे प्रश्न आए थे। अंबेडकरनगर के आयुष्मान यादव ने कहा कि पेपर नॉर्मल रहा ।मैथ और रीजनिंग एक में थी। पहली बार परीक्षा देने आई सरिता ने कहा कि जैसा पहले से लगता था। वैसा नहीं था। प्रश्नपत्र सरल आया था। ज्यादातर सवाल हल हो गए। हरदोई से आए अचल मिश्रा ने कहा कि उम्मीद थी कि रीजनिंग और मैथ के सवाल एक साथ आ गए। इसके कारण पेपर थोड़ा लेंदी हो गया। बाकी तो सब ठीक था।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य ने किया अयोध्या धाम स्टेशन का निरीक्षण

**अयोध्या।** रेलवे बोर्ड के सदस्य (अवसंरचना) विवेक कुमार गुप्ता ने शनिवार को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेम्बर (इन्फ्रा) ने स्टेशन पर एयर कॉन्कोर्स, यात्री आश्रय एवं कमांड सेंटर का अवलोकन किया तथा स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर प्रधान मुख्य अभियंता प्रेम सागर गुप्ता, श्याम सिंह, मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा, राइट्स एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### बंद पैसेंजर ट्रेनों के संचालन की मांग

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज की सभासद आरती जायसवाल ने बंद पैसेंजर ट्रेनों के संचालन और गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। उन्होंने शनिवार को रामसागर वर्मा, कथा प्रवक्ता राधेश्याम शास्त्री के साथ अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा से उनके आवास पर मुलाकात कर मांगों का ज्ञापन सौंपा। बताया कि सांसद ने मांगों को रेल मंत्री तक पहुंचाकर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## न्यूज ब्रीफ

### नेटवर्क समस्या से काम बाधित

**शाहगंज, अयोध्या, अमृत विचार।** बीकापुर क्षेत्र के मुकीमपुर, पहाड़पुर, चंदीपुर, नागाहरा, उमरपुर, बनकट, टकसरा, हल्ले सारी सहित आसपास के कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्राम प्रधान राजेश सिंह ने बताया कि गांवों में नेटवर्क न मिलने से लोग सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं से वंचित हो रहे हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण रामनरेश, महेश और सुनील कुमार आदि ने विभागीय अधिकारियों और मोबाइल कंपनियों से शीघ्र नेटवर्क सुधार की मांग की है।

### ग्राहक गोष्ठी में दी योजनाओं की जानकारी

**पूराबाजार, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से शांतीपुर शाखा पर पंचायत भवन कछौली में ग्राहक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें ग्राहकों को बैंक से मिलने वाली सभी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि वित्तीय सलाहकार अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा यह बैंक की ऐसी योजना है जो परिवार के संकट की घड़ी में सबसे ज्यादा काम आता है। अटल पेंशन योजना को ग्राहकों के लिए हितकारी बताया। शाखा प्रबंधक अनुज तिवारी ने गोष्ठी में मौजूद ग्राहकों को साइबर अपराध से बचने की जानकारी भी दी। उप शाखा प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार ने ऋण संबंधी जानकारी दी। ग्राहक गोष्ठी में प्रधान सूबेदार यादव, बीसीबीएलई प्रमोद कुमार पांडेय, सुभाष, गुलाब चंद, ललिता, माधुरी, पूनम आदि मौजूद रहे।

### सात बच्चों ने मुकम्मल किया पवित्र कुरान

**अयोध्या, अमृत विचार :** वसीका अरबी कॉलेज के मदरसा-ए-इमाम हुसैन में एक साल के अंदर सात बच्चों ने पवित्र कुरान मुक्कमल किया है। मदरसा इमाम हुसैन के मुबश्शिर रज़ा ने बताया कि सात बच्चों में उम्मे अबीहा, तफसीर फातिमा, जैनब मिर्जा, हसन जाफरी, मोहम्मद मेंहदी, अली बहजत और गुलाम अब्बास शामिल हैं। उन्होंने कहा यह खुशी और बरकत का मौका है कि जिस बाबरकत महीने में कुरआन नाजिल हुआ, उसी महीने में बच्चों को कुरआन मुकम्मल करने की सआदत हासिल हुई।

### दिवंगत शिक्षामित्र को दी श्रद्धांजलि

**अयोध्या।** बीकापुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बिलारी में कार्यरत शिक्षामित्र अशोक वर्मा के निधन से शिक्षकों और शिक्षामित्रों में शोक की लहर है। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बीकापुर के प्रांगण में आयोजित शोकसभा में शिक्षकों और शिक्षामित्रों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में मीडिया प्रभारी अनूप द्विवेदी, अनिल सिंह, प्रियाकांत पांडे, शीलधर सिंह, अनिल प्रजापति समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# अब मिट्टी के तेल के थोक विक्रेताओं की सूची तलब

**छह साल से बंद है मिट्टी के तेल की आपूर्ति, जिले में पहले थीं 11 थोक दुकानें**

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिले में एलपीजी संकट के बीच अब मिट्टी के तेल की आमद के संकेत मिलने शुरू हो गए हैं। छह-सात वर्ष पहले ठप हुई इस व्यवस्था को दोबारा से बहाल करने के लिए शासन ने जिला प्रशासन से थोक विक्रेताओं की सूची तलब की है। इसे एलपीजी के विकल्प के रूप में भी देखा जा रहा है। अगर मिट्टी का तेल वितरण शुरू हुआ तो एक बार फिर से स्टोव के दिन बहुर जाएंगे।

घरेलू गैस के न मिलने की खबरें रोजाना सामने आ रही है। बड़ी संख्या में लोग एजेंसियों से बैरंग लौट रहे हैं। सभी का यही आरोप है कि सुबह से लाइन लगाने के बावजूद दोपहर तक गैस नहीं मिल रही है। हालांकि जिला प्रशासन उनके आरोपों को खारिज भी करता आ रहा है। प्रशासन का कहना है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की किसी भी तरह की किल्लत नहीं है। यह सब पैनिक बुकिंग के कारण ही हो रहा है।

वहीं कॉमर्शियल सिलेंडर की आमद अब भी नहीं है, जिससे होटल-रेस्टोरेंट व्यापारियों को व्यवसाय करने में काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसियों पर शनिवार को भी लोगों की लंबी-लंबी कतारें दिखीं। कोतवाली नगर के पीछे एक एजेंसी के बाहर खड़े राहुल ने बताया कि उन्होंने तीन दिन पहले सिलेंडर बुक कराया था। नहीं मिला तो एजेंसी पर पता करने चला आया। इसी संकट को देखते हुए सरकार ने जिला प्रशासन से मिट्टी के तेल के थोक विक्रेताओं की सूची मांग ली है। जिले में 11 थोक व्यापारी मिट्टी के तेल का व्यापार करते थे, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद उनके टैंकर खराब हो गए हैं।



एक गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की लगी भीड़। अमृत विचार

### प्रति माह 2200 कॉमर्शियल सिलेंडर की डिमांड

कॉमर्शियल की आमद ठप होने और किल्लत के बीच एक थोड़ी राहत भरी खबर है। अभी तक जिले में हर माह 11 हजार के करीब प्रति माह कॉमर्शियल सिलेंडर की खपत थी, लेकिन आगे से ही सिलेंडर के न आने से व्यवसाय संकट में पड़ता जा रहा है। इसे देखते हुए जिला आपूर्ति विभाग ने सरकार से अयोध्या में 20 प्रतिशत कॉमर्शियल सिलेंडर देने की मांग की है। अगर सरकार इस पर अमल करती है तो हर माह 2200 कॉमर्शियल सिलेंडर अयोध्या पहुंचेंगे।

### 11,366 घरेलू सिलेंडर पहुंचे

घरेलू सिलेंडर की व्यवस्था जल्द ही पटरी पर लौटेगी। विभाग इसका दावा कर रहा है। रोजाना की अपेक्षा जिले में शनिवार को अधिक घरेलू सिलेंडर की आपूर्ति हुई। अभी तक 9500 के करीब सिलेंडर आया करते थे, लेकिन शनिवार को 11,366 सिलेंडर पहुंचा।

### राहुल जी का कार्यक्रम आ गया! प्रदर्शन स्थगित

**अयोध्या, अमृत विचार :** रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस का प्रदर्शन था, लेकिन विपक्ष के नेता राहुल गांधी का लखनऊ में कार्यक्रम आ गया। प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि कांग्रेस का प्रदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। कांग्रेसियों के जोश पर पानी फिर गया। चर्चा में एक बुजुर्ग कांग्रेसी की टिप्पणी रही कि जनता से जुड़ना है तो जनता के साथ खड़ा होना चाहिए। अन्य मुद्दों पर तो रोज लडते हैं। यह जलजलाता मुद्दा है, लेकिन बड़े नेता के सामने लखनऊ दरबार के नेताओं को भीड़ दिखानी थी सो प्रदर्शन ही स्थगित कर दिया। यहां के पदाधिकारी करते भी तो क्या?

### एडीएम प्रशासन ने की जांच

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने गैस वितरण को लेकर रुदौली गैस एजेंसी की वितरण व्यवस्था की जांच की। इस दौरान उपजिलाधिकारी संतोष जगराम व पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष निगम भी मौजूद रहे। एजेंसी के गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के घर तक वितरण न करने पर नाराजगी जताई। एसडीएम संतोष जगराम ने बताया कि उपभोक्ताओं की गैस वितरण में पारदर्शिता नहीं बरते जाने की शिकायत मिली थी। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी संचालक को एजेंसी का कार्यालय खोलने और उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर व आधार नंबर अपडेट करने के निर्देश भी दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि प्रशासनिक टीम ने तहसील रुदौली चार का गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। कहा कि अनियमितता बरतने वाली गैस एजेंसी पर कार्रवाई की जाएगी।

> कभी जिले में 11 थोक विक्रेता मिट्टी के तेल का व्यवसाय करते थे, लेकिन अब कोई भी थोक विक्रेता सक्रिय नहीं हैं। एक का एक्सटेंशन में चला गया। दो ने इस्तीफा दे दिया है। अब जिले के दो-तीन थोक विक्रेताओं ने ही मिट्टी के तेल का कारोबार करने की इच्छा व्यक्त की है। हमारी तरफ से रिपोर्ट दे दी गई है। इसके साथ ही कॉमर्शियल सिलेंडर की 20 प्रतिशत आपूर्ति किए जाने की मांग की गई है।
> **-बृजेश मिश्रा, जिला आपूर्ति अधिकारी, अयोध्या।**



निरीक्षण के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा व अन्य।

### डीएसओ ने किया गैस एजेंसी का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र ने शनिवार को रुदौली तहसील क्षेत्र के मां कामाख्या सुंदर भारत गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। एजेंसी मालिक पंवन पांडेय बताया कि उन्होंने यहां की व्यवस्था देखी। स्टाक का मिलान करवाया। बैकलाग शून्य रहा। अभिलेखों का गहन निरीक्षण किया। इंस्पेक्टर ने दोबारा भी निरीक्षण किया। व्यवस्था को लेकर गैस एजेंसी को बेहतर बताया। इसके साथ इस क्षेत्र का दौरा किया।

# योगी सरकार तक पहुंचा बिना आदेश दवाओं की आपूर्ति का मामला

अयोध्या कार्यालय

- राज्यमंत्री ने अपर मुख्य सचिव को 15 दिन में जांच के दिए निर्देश
- गोसाईगंज विधायक ने मेडिकल कॉलेज मामले में की थी शिकायत



**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बिना किसी आदेश के दवाओं की आपूर्ति का मामला अब योगी सरकार तक पहुंच गया है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह की शिकायत पर चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने गंभीरता से संज्ञान लिया और अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को जांच के निर्देश दिए हैं।

मामले की शुरुआत तब हुई जब कॉलेज के फार्मासिस्ट योगेश चंद्र मिश्र ने 27 फरवरी को प्रभारी अधिकारी, केंद्रीय औषधि भंडार को पत्र लिखा। उन्होंने बताया कि कुल 139 बॉक्स दवाओं के प्राप्त हुए थे, जिसमें डिलीवरी चालान में प्राप्तकर्ता के रूप में चीफ फार्मासिस्ट/स्टोर इंचार्ज का नाम दर्ज था, लेकिन किसी भी दवा का कोई आधिकारिक आदेश, बिल-इनवॉइस या संबंधित दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। फार्मासिस्ट ने 28 फरवरी को अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंडल अयोध्या को भी सूचित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उसी शाम कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. डी.के. सिंह ने उन्हें बुलाकर पहले पत्र का खंडन लिखने के लिए दबाव बनाया, जिससे वे मानसिक रूप से आहत हुए। सोशल मीडिया पर वायरल हुए विधायक अभय सिंह के पत्र ने हड़कंप मचा दिया है। राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह ने अपर मुख्य सचिव अमित घोष को निर्देश दिए कि संलग्न तथ्यों की जांच कर 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। जांच में यदि दवाओं की अनियमित खरीद-फरोख्त में किसी की संलिप्तता या कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. डी.के. सिंह की भूमिका सामने आती है, तो उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और शासन को सूचित किया जाए।

### जांच टीम के आने की चर्चा से माहौल रहा गर्म

**अयोध्या, अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में प्राचार्य डॉ. डीएस मर्तोलिया के अलर्ट मैसेज की डेडलाइन के आखिरी दिन शनिवार को जांच समिति के गंजा पहुंचने की चर्चा रही। दिन भर यही रहा कि एक ही अधिकारी जांच के लिए आया है। वह कई बिंदुओं पर अपनी संकाय सदस्यों से जवाब-तलब कर रहा है। दर्शननगर में भी हलचल रही। हालांकि शाम होते ही प्राचार्य डॉ.मर्तोलिया ने इसका खंडन कर दिया। उन्होंने कहा कि जांच टीम का कोई भी सदस्य नहीं पहुंचा था।

# पार्किंग कर्मियों ने श्रद्धालु से की मारपीट

अयोध्या कार्यालय।

- महिलाओं व बच्चों से की अभद्रता तीन-चार अज्ञात पर केस
- सीसीटीवी फुटेज से पहचान कर एक को किया गिरफ्तार


**अमृत विचार :** रामनगरी में आए दिन श्रद्धालुओं से अभद्रता व मारपीट के मामले सामने आते रहे हैं। ताजा मामला रामकथा पार्क के निकट स्थित नगर निगम की पार्किंग का है, जहां अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आए एक परिवार के साथ पार्किंग कर्मचारियों ने मारपीट की। यही नहीं महिलाओं व बच्चों के साथ अभद्रता करने का भी आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने तीन-चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर एक को गिरफ्तार भी कर लिया है।

अमेठी के थाना मोहनगंज के शाहमऊ क्षेत्र के निवासी सचिन गुप्ता ने बताया कि वह शुक्रवार को अपने वाहन से अयोध्या दर्शन पूजन के लिए आए थे। उन्होंने अपना वाहन रामकथा पार्क स्थित पार्किंग में खड़ा किया था। वापस जाते समय जब वह पार्किंग में पहुंचे तो वहां मौजूद एक युवक ने उनसे पार्किंग का शुल्क मांगा। उन्होंने ऑनलाइन पेमेंट देने की बात कही, इस पर उसने कैश रुपये की मांग की। कुछ देर बाद उनका भाई आया व कैश पेमेंट किया। रुपये लेने के बाद उक्त कर्मचारी बदतमीजी करने लगा। इतने में उसके दो-तीन साथी ओर आ गए व सबने मिलकर उनके साथ मारपीट की। बताया कि इस दौरान महिलाओं व बच्चों का धक्का देकर जमीन पर भी गिरा दिया। आरोप है कि पीड़ित द्वारा आरोपियों को बताया गया कि वह फोर्स में हैं, यह सुनकर उन्होंने गाली देते हुए कहा कि पुलिस व फोर्स वाले चोर होते हैं।

अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर तीन-चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से एक की पहचान करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान अभिनव निवासी चौजीतपुर थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर के रूप में हुई। अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### कब्जा करने के आरोप में चार लोगों पर केस

**तारुन, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना तारुन क्षेत्र में एक पक्ष ने आबादी की भूमि पर कब्जा करने का आरोप दूसरे पक्ष पर लगाया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। तारुन थाना के गौरा चौकी अंतर्गत इच्छौरी गांव निवासी पीड़िता साहू पत्नी राम बिहारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति गुजरात के सूरत शहर में नौकरी करता है। वह अपनी तीन नाबालिग लड़कियों के साथ गांव पर रहती है। घर के सहन दरवाजे के सामने आबादी की भूमि स्थित है। जिस पर आम, बैर, शहतूत, नीम का पेड़ तथा बांस कोठ स्थित है। आरोप है कि गांव के ही बृजभूषण सिंह व उनकी तीन बहनों ने आकर जल निकासी मार्ग में ईंट के टुकड़ों को डालकर बंद कर दिया है। जिसके चलते पानी जमा हो गया। आबादी की भूमि को आरोपीगण बलपूर्वक कब्जा करना चाहते हैं। विरोध करने पर गाली देते हुए मारपीट पर आमादा हो जाते हैं। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।



निषाद समाज की बैठक में चुने गए पदाधिकारी व समाज के लोग। अमृत विचार

### श्यामलाल फिर बने निषाद समाज के अध्यक्ष

**अयोध्या, अमृत विचार :** महाराजा निषाद राज जयंती पांच अप्रैल को मनाने की तैयारियों की समीक्षा बैठक शनिवार को प्रेस क्लब अयोध्या में हुई। इसमें सर्व समिति से श्याम लाल निषाद को एक बार फिर अगले दो वर्ष के लिए निषाद समाज का अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मंजू निषाद को महिला मोर्चा का अध्यक्ष और किरण निषाद को महानगर अध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता महाराजा निषाद राज जयंती के अध्यक्ष अरुण निषाद पहलवान ने और संचालन महाराज निषाद राज जयंती के पूर्व महामंत्री मोतीराम निषाद ने किया। बैठक में डॉ. नानक शरण, आसाराम निषाद, एडवोकेट मुकेश प्रधान, रामचंदन निषाद समेत बड़ी संख्या में सताज के लोग मौजूद रहे।

### सेवायोजन शिविर में हुई चर्चा

**अयोध्या।** साकेत महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन शनिवार को विविध सामाजिक शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में डॉ .मुकेश पाण्डेय ने स्वरोजगार और उद्यमिता के बारे में और डॉ. सुधीर राय ने मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन पर अपना व्याख्यान दिया। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने खेलकूद का आनंद लिया। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ. रमेन्द्र कुमार द्विवेदी, डॉ. आशीष विक्रम सिंह आदि उपस्थित रहे।



कलश लेकर जाते विधायक अभय सिंह व श्रद्धालु। अमृत विचार

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच निकली शोभायात्रा, भागवत कथा शुरू

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** सदर तहसील क्षेत्र के राजेपुर में वैदिक मंत्रोचाच्चार के बीच निकाली शोभायात्रा और देवताओं की आराधना के साथ श्री मद्भागवत कथा का शनिवार को शुरू हो गई। कथा के द्वितीय सत्र में प्रवचन में आचार्य ज्ञान चंद्र द्विवेदी ने कहा कि भगवान की कथा मनुष्य के हृदय में ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का संचार करती है। उन्होंने धुंधुकारी का उदाहरण दिया। कहा कि धुंधकारी जैसा उग्र पापी भी भगवत्कथा के प्रभाव से भगवान के धाम का अधिकारी बन गया। बोले कि शास्त्रों के अनुसार इंद्रियों से परे मन, मन से परे बुद्धि और बुद्धि से भी परे परमात्मा का स्थान है। कथा में मुख्य यजमान भगवान बक्स सिंह, आशा सिंह और गोसाईगंज विधायक अभय सिंह सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 81803 वाद निस्तारित

अयोध्या कार्यालय।

- लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित-वर्मा

**अमृत विचार:** कचहरी में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की मूल भावना में लोक कल्याण की भावना समाहित है। अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत दीपक यादव और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रंजिनी शुक्ला के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 81803 वादों को निस्तारित किया गया। कुल समझौता राशि मु.1823350335 रुपये है। इसमें पीठासीन अधिकारी (वर्चुअल कोर्ट) निवेदिता सिंह ने 32436 वादों का निस्तारण किया। न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण रवि कांत द्वारा कुल 138 में से 115 वाद निस्तारित किया। इस पर कुल 101469769 रुपये की धनराशि क्षतिपूर्ति के रूप में निर्धारित की गई।

बैंक रिकवरी से संबंधित 1084 प्री-लिटिगेशन वाद निस्तारित किए गए। बैंक संबंधित ऋण मु. 68891512 रुपये का सेटेलमेंट किया गया। पारिवारिक विवाद से संबंधित 69 मुकदमों को निस्तारित किया गया। वाणिज्यिक न्यायालय से संबंधित 11 मुकदमों को निस्तारित किया गया। इसमें 5392833 रुपये सेटेलमेंट किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 4256 वाद, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 2082 वादों का निस्तारण किया गया। राजस्व मामलों से संबंधित 29608 वाद विभिन्न राजस्व न्यायालय से निस्तारित किए गए।

उद्घाटन के अवसर पर पीठासीन अधिकारी एमएसीटी रवि कान्त, पीठासीन अधिकारी कामर्शियल न्यायालय वेद प्रकाश वर्मा, पीठासीन अधिकारी शिवानी जायसवाल, सुरेन्द्र मोहन सहाय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम, राकेश कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधांशु शेखर उपाध्याय सहित अन्य लोग थे।



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जनपद न्यायाधीश रणंजय कुमार वर्मा।

**परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय**
तारुन, अयोध्या
में स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत
**आवश्यकता है**
**परास्नातक** स्तर कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु–हिन्दी, गृहविज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र 02–02 पद प्रवक्ता हेतु। **स्नातक** स्तर कला संकाय (बी0ए0) पाठ्यक्रम हेतु – हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, प्राचीन इतिहास, भूगोल 05–05 पद प्रवक्ता हेतु। **स्नातक** स्तर विज्ञान संकाय (बी0एससी0) पाठ्यक्रम हेतु– गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान 05–05 पद प्रवक्ता हेतु।
**योग्यता एवं वेतनमान** – यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार, इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवस के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखो की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।
भवदीय – प्रबंधक
मो0 : 9415721273

# फैज़ाबाद पब्लिक स्कूल में दीक्षांत छात्र समारोह मनाया

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** फैज़ाबाद पब्लिक स्कूल में शनिवार को 'ग्रेजुएशन डे' प्राइमरी दीक्षांत छात्र समारोह मनाया गया। कबीर एजुकेशनल सोसाइटी की अध्यक्ष जरीना ख़ान ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। शैक्षिक योग्यता अवार्ड से यू.के.जी के 30 छात्रों को शैक्षिक प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न दिया गया।

इसमें बेस्ट स्कॉलर, आल राउंडर, बेस्ट स्पोर्ट्स, बेस्ट इन सीसीए व सर्वोत्तम उपस्थिति अवार्ड भी दिये गये। नृत्य, गीत कार्यक्रम के बाद प्रधानाचार्य केके मिश्र ने छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता को सदैव बच्चों का ध्यान रखना चाहिए उनका मार्गदर्शन करते रहना चाहिए। अंत में प्रबंधक उमर मुस्तफा ख़ान, निदेशक सदफ इक़बाल एवं संयोजिका फिज़ा खान ने उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



बच्चे को सम्मानित करते प्राचार्य केके मिश्रा।

# डिरेल हुई अवध विश्वविद्यालय की नैक मूल्यांकन की रेलगाड़ी

अयोध्या कार्यालय

- जनवरी में आनी थी नैक मूल्यांकन पेयर टीम

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया मार्च माह शुरू होने के बाद भी अधर में है। विश्वविद्यालय कई वर्षों से बी ग्रेड पर अटका हुआ है और इस बार उच्च ग्रेड, विशेष रूप से ए प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा के साथ तैयारियां की गई थीं, लेकिन प्रक्रिया में देरी से निराशा छाई हुई है।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने नैक मूल्यांकन के लिए छह महीने पहले से ही व्यापक तैयारी शुरू कर दी थी। कुल 32 विभिन्न समितियां गठित की गईं, जिनमें मानदंड संयोजक, विभागाध्यक्ष और अन्य शिक्षक शामिल थे। कुलपति के निर्देश पर सभी विभागों में नियमित बैठकें हुईं, जहां हर कॉलम को पूरा करने और प्रमाणित दस्तावेज संलग्न करने पर जोर दिया गया। राजभवन स्तर पर भी कई दौर की समीक्षा बैठकें हुईं। राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारियों ने परिसर का दौरा कर सुविधाओं का जायजा लिया और हाइब्रिड मोड में प्रेजेंटेशन देखे। जनवरी 2026 में प्रस्तावित सेकेंड प्रेजेंटेशन के लिए राजभवन को प्रस्तुति भेजी गई थी, लेकिन अभी तक हरी झंडी नहीं मिली है। इस देरी से नैक टीम का दौरा पीयर टीम विजिट टल गया है, जो मूल रूप से जनवरी-फरवरी में संभावित था। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि सभी तैयारियां पूरी हैं, लेकिन राजभवन से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने कहा कि नैक मूल्यांकन को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। दो बार प्रजेंटेशन भी हो चुका है। कतिपय विसंगतियों के कारण अभी कुछ विलम्ब हो गया है।

**फैज़ाबाद पब्लिक स्कूल**
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
Admission Open
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
प्रवेश प्रारम्भ
Limited Seats
नर्सरी से IX – XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL

सत्य सांई
**आवश्यकता है**
**गायत्री पब्लिक स्कूल**
रेवतीगंज अयोध्या
योग्य एवं अनुभवी शिक्षक, शिक्षिकाओं की।
विषय: फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, इंग्लिश।
मदर टीचर्स (नर्सरी से यू.के.जी.)
इंग्लिश/ हिंदी मीडियम
मो0: 9415387756, 9450486065, 9721971820

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै मधुलिका सिंह पत्नी राघवेन्द्र सिंह निवासी मकान नं 234 पचवस अमोरा खास तहसील हरैया बस्ती, उ.प्र. ने सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा अवध विश्व विद्यालय जिला अयोध्या में ऋण लेने हेतु आवेदन किया है जहा संपत्ति को बंधक रखने हेतु विद्यावती उर्फ विद्या देवी पत्नी राम रतन पाण्डेय के बैनामा दिनांक 02.09. 2014 बही संख्या 1 दस्तावेज नं 6534 की मूल प्रति की आवश्यकता है परन्तु वो खो गई है। तथा सम्पत्ति का विवरण – गाटा संख्या 522 ब 495 प्लॉट 1000 वर्ग फीट जिसकी चौहद्दी पूरब प्लाट दीगर का व्यक्ति पश्चिम–प्लाट गुप्ता जी, उत्तर–रास्ता 16 फिट कच्चा, दक्षिण–खेत सुरजू आदि स्थित मौजा बासूपुर सिरसा अ.न. पा. परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या को बंधक रखकर ऋण लेने हेतु मैंने उपरोक्त बैंक में आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति को बंधक रखने से आपत्ति है तो इस प्रकाशन के सात दिन के अंदर अपनी आपत्ति सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा अवध विश्व विद्यालय जिला अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत कर दें अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि किसी बैंक, व्यक्ति अथवा संस्था को प्रश्नगत सम्पत्ति को बंधक रखने में कोई आपत्ति नहीं है।
मधुलिका सिंह पत्नी राघवेन्द्र सिंह

# रेशम कीट का बायोप्रोडक्ट में महत्वपूर्ण स्थान

## कृषि विवि में पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ समापन, रेशम का उपयोग अब विभिन्न क्षेत्रों में होता है

कुमारगंज अयोध्या।


कृषि विवि में कार्यशाला के बाद प्रमाण पत्र के साथ छात्र-छात्राएं साथ में कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के हाइटेक हाल में 'रेशम उत्पादन एवं क्षमता निर्माण' विषय पर चल रहे पांच दिवसीय प्रौद्योगिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का समापन हो गया। यह कार्यक्रम कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति के सचिव प्रो. जसवंत सिंह ने कहा कि रेशम का महत्व केवल कपड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका उपयोग कई अन्य क्षेत्रों में भी होता है। रेशम का उपयोग शल्य चिकित्सा में, धागे बनाने में और कॉस्मेटिक्स के उत्पादों में भी होता है। रेशम उत्पादन के लिए शहतूत के पौधों की खेती, रेशम के कीटों का पालन और कोकून को एकत्रित करना होता है। उन्होंने कहा कि एक एकड़ शहतूत के पौधों से लगभग 50 से 60 किलो कोकून प्राप्त होते हैं, जिनकी कीमत लगभग 10 से 12 हजार रुपये होती है। रेशम कीट के पिल्ले का उपयोग बायोरेमेडिएशन में किया जाता है, जो प्रदूषित मिट्टी और पानी को साफ करने में मदद करता है। निदेशक शोध डा. शंभू प्रसाद ने कहा कि रेशम एक प्राकृतिक फाइबर है जो साड़ी को एक अनोखा सौंदर्य और चमक प्रदान करता है। रेशम की साड़ियां अपनी नाजुकता, चमक, और मुलायमपन के लिए, जानी जाती हैं। कहा कि रेशम साड़ियां गर्मियों में ठंडी और सर्दियों में गर्म होती हैं। छात्र ट्रेनिंग करने के बाद रेशम का कुटीर उद्योग स्थापित कर दूसरों को रोजगार भी दे सकते हैं।

डॉ. शंभू ने बताया कि प्रसंस्कृत रेशम के तंतुओं से साड़ी, स्कार्फ जैसे विभिन्न बायोप्रोडक्ट बनाए जाते हैं। यह कार्यक्रम कृषि विवि एवं केंद्रीय रेशम बोर्ड भारत सरकार के प्रभारी अधिकारी डॉ. आरएल राम एवं डॉ. जितेंद्र सिंह के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कीट विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्रा के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन अवसर के मौके पर कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने ट्रेनिंग में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डॉ. रुद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राएं एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र के साथ नर्सिंग के छात्र।

## दो दिवसीय नर्सिंग राष्ट्रीय शिक्षा के लिए कार्यशाला संपन्न

**संवाददाता, आजमगढ़। अमृत विचार :** नर्सिंग शिक्षा में आधुनिक तकनीकों के समावेश और व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पूर्वांचल का प्रतिष्ठित स्वास्थ्य सेवा केंद्र वेदांता स्कूल आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस, जो कि एक क्यूसीआई स्टेट ए ग्रेड मेंटर इंस्टिट्यूट है, के तत्वावधान में एवं ईरा नर्सिंग इंस्टीट्यूट के सहयोग से रेवोलुशनइज़िंग नर्सिंग एजुकेशन एंड एडवांस सिमुलेशन ट्रेनिंग भारत की पहल पर दो दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण प्रणाली के माध्यम से नर्सिंग विद्यार्थियों और शिक्षकों को आधुनिक एवं उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला की आयोजन अध्यक्ष प्रो. डॉ रीना पांडेय (प्राचार्य, पीएचडी नर्सिंग) रहीं। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं समन्वय में प्रो.सनी मेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यशाला के दौरान ईरा नर्सिंग इंस्टीट्यूट से आए विशेषज्ञ वक्ताओं सनी मेल, प्रेम सिन्हा एवं कंचन राठौर ने प्रतिभागियों को आधुनिक नर्सिंग शिक्षा में उपयोग की जा रही उन्नत सिमुलेशन तकनीकों, प्रशिक्षण उपकरणों तथा व्यावहारिक पद्धतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। दूसरे दिन प्रतिभागियों को एडवांस एंडोस्कोपी तकनीक, एडवांस ऑटोस्कोपी सिमुलेटर, एडवांस चेस्ट ऑस्कल्टेशन सिमुलेटर, एडवांस इंसर्शन, एडवांस मैनेजमेंट, एडवांस बोन मैरो एस्पिरेशन तथा एडवांस लंबर पंचर जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सीय प्रक्रियाओं का सिमुलेशन आधारित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को आधुनिक चिकित्सा प्रक्रियाओं से संबंधित व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल प्राप्त हुआ।

# प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा करता है सतत पर्यटन विकास : डॉ. अनुपमा

अयोध्या कार्यालय


अवध विवि में कार्यक्रम को सम्बोधित करतीं पर्यटन शिक्षाविद डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव।

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा अयोध्या में सतत पर्यटन प्रथाएं विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन शनिवार को किया गया।

मुख्य वक्ता लखनऊ विवि, लखनऊ की पर्यटन शिक्षाविद् डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने कहा कि अयोध्या जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर में सतत पर्यटन को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पर्यटन के विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति का संरक्षण और स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करना चाहिए। विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए कहा कि अयोध्या की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहचान को देखते हुए यहाँ पर्यटन के विकास में सततता और जिम्मेदार पर्यटन प्रबंधन को प्राथमिकता देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यटन क्षेत्र में शोध, नवाचार और कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। समन्वयक पर्यटन प्रबंधन डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पर्यटन के विकास के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और सामाजिक संतुलन को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## आज एकजुटता का मरकज़ बनेगा इमामबाड़ा, श्रद्धांजलि सभा में होगी जुटान

**अयोध्या, अमृत विचार :** ईरान के शहीद सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली हुसैनी ख़ामनेई की शहादत प श्रद्धांजलि सभा का आयोज रविवार को रात्रि नौ बजे इमामबाड़ा जवाहर अली खां में होने जा रहा है। इस श्रद्धांजलि सभा के जरिए जहां इमामबाड़ा जवाहर अली खां एकजुटता का मरकज़ बनेगा। मोमनीन फैजाबाद अयोध्या की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि एवं वक्ता प्रख्यात मौलाना शिया धर्मगुरु इमाम-ए-जुमा जमात लाना सैय्यद अहमद अली आब्दी,वसीका अरबी कॉलेज के प्रधानाचार्य मौलाना मोहम्मद मोहसिन,मस्जिद सराय पुख्ता के पेश-ए-नमाज़ मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी,पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय,पूर्व मंत्री सैय्यद अब्बास अली जैदी,साकेत महाविद्यालय हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. अनिल कुमार सिंह,वक्फ मस्जिद हसन रजा खां के नायब पेश-ए-नमाज़ मौलाना कमर मेहंदी,अशफाक उल्ला खान शहीद शोध संस्थान के निदेशक एवं प्रख्यात वक्ता सूर्यकांत पांडेय,इंडियन यूथ कांग्रेस यूपी के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला,सहायक शोध अधिकारी अयोध्या डॉ. सद्दाम खान और कवियों में अली सईद खान व दानिश फैजाबादी शामिल होंगे।

# आशा बहुओं के भुगतान में लापरवाही पर होगी कार्रवाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- डीएम ने सभी एमओआईसी को आशा से संबंधित बकाया राशि की सूची सीएचसी पर चस्पा करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने आशा कार्यकर्ताओं से संबंधित लंबित बकाया भुगतान की स्थिति की गहन समीक्षा किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि आशा बहुओं से संबंधित सभी बकाया राशि की सूची सीएचसी और हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर पर अनिवार्य रूप से चस्पा कराया जाए। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित को 10 दिवस के भीतर बकाया भुगतान की सूची फीडिंग करते हुए अगले मीटिंग में हार्ड कॉपी लाने के लिए निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने बैठक में सभी आशाओं से उनके द्वारा किए गए कार्यों आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पोलियो, डाट्स, टीकाकरण आदि से संबंधित बकाया भुगतान संबंधी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि बैठक में पूरी तैयारी के साथ आएं, बैठक में अनुपस्थित बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में एसटीएस बसखारी द्वारा आशा भुगतान से संबंधित कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सीएमओ को एसटीएस बसखारी को क्यों न उनकी बर्खास्तगी की जाए का नोटिस जारी करने तथा प्राप्त नोटिस के जवाब को आगामी जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में समिति के समक्ष रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी स्वास्थ्य संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि 2019 से लेकर अब तक आशा बहुओं से संबंधित सभी बकाया लंबित बकाया भुगतान की एक्सेल सीट तैयार करते हुए 10 दिवस के भीतर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं के भुगतान में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने समस्त बीसीपीएम को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ समस्त संगनियों को किस-किस योजना में आशाओं को कितना-कितना इंसेंटिव प्राप्त होता है का प्रशिक्षण देने तथा इसके उपरांत समस्त तथा संगनियों द्वारा सभी आशाओं को उक्त जानकारी से स्पष्ट रूप से अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय कुमार शैवाल, समस्त एमओआईसी, बीसीपीएम, एसटीएस और अन्य संबंधित चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम व एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

संवाददाता, आजमगढ़।


डीएवी पीजी कॉलेज में निरीक्षण करते डीएम और एसपी। अमृत विचार

- डीएवी पीजी कॉलेज में तीन बायोमेट्रिक मशीन मिलीं खराब

**अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने शनिवार को कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन और परीक्षा कक्षों की व्यवस्थाओं की जांच की तथा ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को सतर्कता के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।

मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न व सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के साथ जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आजमगढ़ और डीएवी पीजी कॉलेज आजमगढ़ पहुंचकर परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसएसपी ने परीक्षा केंद्रों में बनाए गए सीसीटीवी कंट्रोल रूम का अवलोकन किया और परीक्षार्थियों के बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया की जानकारी संबंधित टीम से ली। डीएवी पीजी कॉलेज में जांच के दौरान 11 बायोमेट्रिक मशीनों में से तीन मशीनें खराब पाई गईं, जिसे लेकर अधिकारियों ने तत्काल सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी कक्षाओं में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय पाया गया।

अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के दौरान सभी कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रहने चाहिए और ड्यूटी में तैनात कर्मचारी लगातार निगरानी करते रहें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत, युवती घायल

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सिरसिया ओझानगर के पास शुक्रवार देर रात एक भीषण सडक़ हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जिसमें से एक एसआई अभ्यर्थी था, जो परीक्षा से पहले देर रात बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए निकला था। वहीं दूसरा अपनी बहन को परीक्षा दिलाने ले जा रहा था। हादसे में युवक की बहन भी घायल हुई है।

बता दें कि बाइक सवार दोनों युवक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि एक युवक की बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है। परिजनों का आरोप है कि दोनों को डायल 112 पुलिस वाहन ने टक्कर मारी थी। मृतकों की पहचान राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के भदया निवासी नितिन कनौजिया पुत्र वीरेंद्र और अराजी देवारा निवासी मुकुल प्रजापति पुत्र श्रीराम के रूप में हुई है। मुकुल अपनी बहन को दरोगा भर्ती परीक्षा दिलवाने जा रहे थे, जबकि नितिन कनौजिया का भी दरोगा भर्ती का पेपर था। थानाध्यक्ष अक्षय पटेल ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि डायल 112 से दुर्घटना के आरोपों की जांच कराई जा रही है।

## एलआईसी के अधिकारी का आकस्मिक निधन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर और अकबरपुर क्षेत्र में भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के विकास अधिकारी के रूप में कार्य कर चुके एपी वर्मा का शुक्रवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि एपी वर्मा बेहद सीधे-साधे और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। वह अयोध्या जनपद के थाना रौनाही क्षेत्र के बरवां गांव के निवासी थे। उनकी उम्र लगभग 66 वर्ष थी। सेवानिवृत्ति के बाद भी वह सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे और वर्तमान में अपने गांव के ग्राम प्रधान के रूप में कार्य कर रहे थे। उनके पुत्र बाराबंकी में एलआईसी में विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं। एपी वर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करने वालों में प्रमोद उपाध्याय, अवधेश सिंह, आसाराम वर्मा, सुरेश चंद्र वर्मा सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रियांशी ने जीता स्वर्ण

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के रामनगर ब्लॉक स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मरौचा की छात्रा प्रियांशी ने राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में प्रदेश भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के बाद विद्यालय परिसर में एक सम्मान समारोह आयोजित कर छात्रा को सम्मानित किया गया। प्रियांशी ने अपनी लगन और संघर्ष के दम पर यह सफलता हासिल की है।


छात्रा प्रियांशी को सम्मानित करते खंड शिक्षा अधिकारी धनपत यादव व अन्य। अमृत विचार

सम्मान समारोह के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी धनपत यादव, शिक्षक संघ के अध्यक्ष अनूप शुक्ला, एआरपी अभिषेक यादव और ईशान श्रीवास्तव ने प्रियांशी को सम्मानित किया। खंड शिक्षा अधिकारी धनपत यादव ने प्रियांशी की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल रामनगर विकासखंड बल्कि पूरे जनपद का नाम प्रदेश में रोशन किया है। उन्होंने इस अवसर पर शिक्षकों और अभिभावकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता मौर्या, अखिलेश कुमार, राहुल मौर्य, अरुण कुमार, नबीजान, कमलेश गुप्ता, तैय्यब अंसारी, सरस पटेल, रमेश कुमार, शालू तिवारी, अनुदेशक देवेंद्र यादव और संगठन मंत्री राहुल कनौजिया सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# जिले में दो पालियों में शांति पूर्ण संपन्न हुई पुलिस भर्ती परीक्षा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


परीक्षा के दौरान विद्यालय का निरीक्षण करते डीएम अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर।

**अमृत विचार।** जनपद में 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 के प्रथम दिवस की परीक्षा शनिवार को दोनों पालियों में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल और पारदर्शी संचालन के लिए जिला प्रशासन द्वारा बोर्ड के निर्देशानुसार व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वज्योत्स्ना बंधु द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा की शुचिता, पारदर्शिता एवं सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा बोर्ड के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह सतर्क बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय सघन जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## वृद्ध की हत्या का खुलासा आरोपी को गिरफ्तार

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** हंसवर पुलिस ने लंगड़ी पृथ्वीपुर गांव में 80 वर्षीय वृद्ध की हत्या का खुलासा किया है। वृद्ध ट्यूबवेल पर सो रहे थे जब उनकी हत्या की गई थी। पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पृथ्वीपुर गांव निवासी रामपाल पुत्र बनवारी के रूप में हुई है। उसे शुक्रवार रात रामपुर बेनीपुर स्थलवा मोड़ से पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी रामपाल ने हत्या की पूरी घटना कबूल कर लिया है। आरोपी ने बताया कि बीते 11 मार्च की रात वह बहाऊ के ट्यूबवेल पर शराब और चिकन खा रहा था। तभी बहाऊ वहां आ गए और उसे गाली-गलौज करते हुए वहां से जाने को कहा। इससे रामपाल ने खुद को अपमानित महसूस किया। आरोपी के अनुसार बहाऊ पहले भी उसे पानी लगाने को लेकर कई बार भला-बुरा कह चुके थे, जिससे वह पहले से ही नाराज था।

# जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते नगर पंचायत में गंदगी का अंबार

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।


चोक नालिया बयां कर रहीं नगर पंचायत की दास्ता।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत जहांगीरगंज क्षेत्र के मोहल्ला हेमराजपुर घोसियाना में नालियों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। नालियां गंदगी से भरकर बजबजा रही हैं और उनका गंदा पानी और कचरा गलियों से बाहर बह रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कई बार नगर पंचायत जहांगीरगंज में शिकायत किया, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मोहल्ले के निवासियों का कहना है कि नालियों की लंबे समय से सफाई नहीं कराई गई है, जिसके कारण उनमें गंदगी जमा होकर नालियां पूरी तरह जाम हो गई हैं। कई स्थानों पर नालियां टूट भी गई हैं, जिससे गंदा पानी ओवरफ्लो होकर गलियों में फैल रहा है। इसके चलते लोगों को गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियों में जमी गंदगी से उठने वाली दुर्गंध और उसमें पनप रहे मच्छरों के कारण संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। मोहल्ले में फैला गंदा पानी और कचरा नगर पंचायत जहांगीरगंज की पहचान बन गया है।

## सीसीटीवी की निगरानी में होगा मूल्यांकन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन को पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मूल्यांकन केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे, साथ ही पूरा कार्य सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगा। मूल्यांकन केंद्रों पर नियुक्त स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्यवेक्षक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की गई है, जिनकी कनेक्टिविटी जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से भी होगी। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जाएंगे, जिन्हें मूल्यांकन शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। सुरक्षा व्यवस्था स्रके तहत मूल्यांकन कार्य में लगे शिक्षकों और कर्मचारियों को मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल फोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मुख्य द्वार पर टोकन व्यवस्था के साथ मोबाइल फोन जमा कराए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रहेगा। उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव के लिए कोठार की जिम्मेदारी तय की गई है। निष्पक्ष मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए कोठार से बंडलों का रैंडम चयन कर उन्हें उप मुख्य परीक्षकों डीएचई को वितरित किया जाएगा। इन सभी व्यवस्थाओं का उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और निष्पक्ष बनाना है।

## घर में घुसकर मारपीट, पुलिस कर रही कार्रवाई

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर मुस्तफाबाद गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि नगपुर मुस्तफाबाद निवासी याकूब अली ने शनिवार को पुलिस को दी गई सूचना में बताया कि गांव के ही इजहारुल, कर्रार मेहंदी, जियारत हुसैन और मोहम्मद नकी उनके घर में घुस आए और मां-बहन की गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूंसे और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। याकूब अली के अनुसार शोर सुनकर उनका पुत्र हसन अकबर बीच-बचाव के लिए आया तो आरोपियों ने उसे भी घर के अंदर घुसकर पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान सदाकत नामक व्यक्ति ने उनके बेटे का गला दबाने का भी प्रयास किया। आरोप है कि विपक्षी लोगों ने घर में रखे सामान को भी तोडफ़ोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे काफी नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली है। अभी तक दोनों पक्षों से लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन | जिला न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वादों का सुलह-समझौते के आधार पर किया गया निस्तारण

# लोक अदालत में 79 हजार 990 वादों का निस्तारण, करोड़ों रुपये का हुआ समझौता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।


राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार व साथ में मौजूद अन्य न्यायाधीश।

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर स्थित सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया।

जनपद न्यायाधीशचन्द्रोदय कुमार ने राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि न्यायालयों में लंबित मुकदमों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। लोक अदालत के माध्यम से हत्या और अन्य जघन्य अपराधों को छोडक़र ऐसे सभी मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्री-लिटिगेशन के माध्यम से भी किसी विवाद को न्यायालय में जाने से पहले ही आपसी सहमति से सुलझाया जा सकता है और इसके लिए किसी प्रकार की न्यायालय फीस नहीं देनी पड़ती है। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 16 अदालतें लगाई गईं। विभिन्न न्यायालयों द्वारा बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुधा यादव द्वारा सर्वाधिक 7 हजार 003 मामलों का निस्तारण करते हुए 4 लाख 17 हजार 350 रुपए का अर्थदंड आरोपित किया गया।

इसके अलावा अपर जिला जज प्रथम श्री रामविलास सिंह द्वारा 1 हजार 078 वादों का निस्तारण किया गया। अपर सिविल जज गार्गी द्वारा 715, सिविल जज मेघा चौधरी द्वारा 303, सिविल जज अंजिता सिंह चौहान द्वारा 212 तथा सिविल जज राजन राठी द्वारा 200 मामलों का निस्तारण किया गया। ग्राम न्यायालयों और अन्य न्यायालयों में भी बड़ी संख्या में मामलों का समाधान किया गया। इस दौरान उत्तराधिकार प्रमाण पत्र भी जारी किए गए। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा भी दो मामलों का निस्तारण करते हुए 11 लाख 71 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति दिलाई गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालयए ग्राम न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, विद्युत विभाग तथा अन्य विभागों सहित कुल 79 हजार 990 मामलों का निस्तारण किया गया। प्री-लिटिगेशन के अंतर्गत 69 हजार 951 मामलों का निस्तारण हुआ।

### ये भी रहे उपस्थित

अध्यक्ष स्थायी लोक अदालत अब्दुल कैय्यूम, अपर जिला जज प्रथम रामविलास सिंह, विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी अधिनियम एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता तथा सचिव पूर्णकालिक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेश कुमार मौर्य, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड रोहित शाही, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा कमलेश भास्कर, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी शिव कुमार, न्यायालय प्रबंधक अमित कुमार वर्मा, केंद्रीय नाजिर मनोज कुमार पांडेय सहित जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य, विभिन्न बैंकों के अधिकारी, तथा न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

### जमीनी विवाद में मां व दो बेटियों को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के बनौटा गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में मां और उसकी दो बेटियां घायल हो गईं। पीड़िता रेनू देवी पत्नी स्व. सभाजीत यादव का आरोप है कि जमीन को लेकर विपक्षियों से विवाद चल रहा है और इस संबंध में न्यायालय से स्थगनादेश भी जारी है। शुक्रवार सुबह आरोपित लाठी-डंडों से लैस होकर जमीन पर कब्जा करने पहुंचे। विरोध करने पर उन्होंने रेनू देवी की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने आई उनकी बेटियां सरिता और मिथिलेश को भी मारपीट कर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रामनयन, विवेक, आशा देवी, समरत्थी, उर्मिला देवी, तनुजा देवी और प्रियंका के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### किशोर पर चाकू से हमला, चार पर केस

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में एक किशोर पर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया है। कटसारी गांव निवासी आदेश कनौजिया गुरुवार देर शाम ठेला लेकर खेत की ओर जा रहे थे। आरोप है कि गांव के प्राथमिक विद्यालय के पास अभिजीत सिंह ने पीछे से आकर उन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में आदेश के पीठ, सीना और जांघ में गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित के बाबा बरसाती की तहरीर पर अभिजीत सिंह, आकाश सिंह, जयप्रकाश सिंह और श्री सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नाली की गैस से चाय बनाने का किया प्रयास

## आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मोदी सरकार की नीतियों पर साधा निशाना

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह शनिवार को अपने गृह जनपद सुलतानपुर पहुंचे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत में केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर तीखा हमला बोला।

संजय सिंह ने प्रधानमंत्री के पुराने बयान का जिक्र करते हुए तंज कसा कि नाली की गैस से चाय बनाने जैसी बातें कहकर देश की जनता को भ्रमित किया गया। लोगों की मौजूदगी में आप सांसद संजय सिंह ने चाय बनाने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि देश को "मूर्खता की आग" में झोंकने के बजाय सरकार को जनता की असली समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए।उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम आदमी पर महंगाई का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। गैस, पेट्रोल-डीजल और जरूरी वस्तुओं के दाम बढ़ने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और कई जगहों पर गैस के लिए लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं।विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि पहले ईरान के रास्ते भारत को कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति आसानी से होती थी, लेकिन वर्तमान नीतियों के कारण दोनों देशों के संबंधों में दूरी आ गई है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी क्या वजह रही कि ईरान जैसे महत्वपूर्ण ऊर्जा साझेदार से रिश्ते बिगड़ गए।

संजय सिंह ने प्रधानमंत्री से इन मुद्दों पर जवाब मांगते हुए विदेश नीति में सुधार की जरूरत बताई। उनके इस बयान को राजनीतिक गलियारों में केंद्र सरकार की आर्थिक और कूटनीतिक नीतियों पर बड़ा हमला माना जा रहा है।



नाली की गैस से चाय बनाने का प्रयास करते आप सांसद। ● अमृत विचार



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते आप पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### गैस की कालाबाजारी के विरोध में यूथ ब्रिगेड का प्रदर्शन, राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

**संवाददाता, सुलतानपुर :** रसोई गैस के बढ़ते दाम, सिलेंडरों की कमी और कालाबाजारी के विरोध में समाजवादी पार्टी की मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद के नेतृत्व में पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि रसोई गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से गरीब, मजदूर, किसान और मध्यम वर्गीय परिवारों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई स्थानों पर गैस एजेंसियों द्वारा कृत्रिम कमी पैदा कर सिलेंडरों की कालाबाजारी किए जाने का भी आरोप लगाया गया।ज्ञापन में एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दाम तुरंत कम करने, गैस वितरण व्यवस्था पारदर्शी बनाने और कालाबाजारी की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।इस मौके पर पवन यादव, शिव मंगल तिवारी, शनि यादव, जरताब रजा खान, कुलदीप वर्मा, सईद अहमद समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### महंगाई और गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों पर आप मुखर, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में हुई बढ़ोतरी के विरोध में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके बाद सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग की। पार्टी नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से देश की आम जनता परेशान है और इसका सबसे अधिक असर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। हाल ही में घरेलू एलपीजी सिलेंडर व कमर्शियल सिलेंडर के दामों में वृद्धि से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बढ़ी हुई कीमतों से होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।आप कार्यकर्ताओं ने मांग की कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए। साथ ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू करने और गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी देने की भी मांग की गई।

### घरेलू गैस की अवैध बिक्री करने पर पूर्ति निरीक्षक ने दर्ज कराया मुकदमा

● मुखबिर की सूचना पर मारा था छापा 46 सिलेंडर हुए थे बरामद

**संवाददाता, सुलतानपुर :** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित बभनईया पूरब की कांशीराम आवास कॉलोनी में घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री की बात सामने आई। मुखबिर की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक दोस्तपुर जितेंद्र बहादुर सिंह और पूर्ति निरीक्षक कादीपुर रवींद्र कुमार यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान वाहन संख्या मिनी डीसीएम में 14 .2 किलोग्राम क्षमता के 42 घरेलू गैस सिलेंडर और 5 किलोग्राम क्षमता के 4 छोटे सिलेंडर रखे मिले। मौके पर मौजूद मनीष कुमार निवासी कांशीराम कॉलोनी ने खुद को आकांक्षा गैस एजेंसी गोसैसिंहपुर का संचालक बताया, लेकिन सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।पूछताछ में यह भी सामने आया कि इन सिलेंडरों की अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी। जिस पर पूर्ति निरीक्षक दोस्तपुर ने थाने पर तहरीर देकर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की मांग की है। जिस पर दोस्तपुर पुलिस ने गैस सिलेंडरों से लदी मिनी डीसीएम को कब्जे में लेकर दोस्तपुर में खड़ा करा दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कई पारिवारिक मामले हुए हल



राष्ट्रीय लोक अदालत का निरीक्षण करते जिला जज सुनील कुमार। ● अमृत विचार

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालय समेत स्थाई लोक अदालत में कई मामलों का आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। पारिवारिक विवादों के मामलों में जहां कुछ दंपति सुलह के बाद फिर से साथ रहने को राजी हो गए, वहीं कुछ मामलों में आपसी सहमति से अलग रहने का निर्णय लिया गया।

● कुछ दंपति साथ रहने को राजी तो कुछ हुए अलग

परिवार न्यायालय में लंभुआ तहसील क्षेत्र के रायपुर भादी गांव निवासी बब्बन और शेखनपुर गांव की आरती के बीच चल रहा विवाद राष्ट्रीय लोक अदालत में समाप्त हो गया। दोनों की शादी 29 जून 2017 को हुई थी और पारिवारिक विवाद के कारण 8 नवम्बर 2025 से अलग रह रहे थे। पति द्वारा दाखिल विदाई वाद में समझौते के बाद दोनों फिर से साथ रहने को तैयार हो गए।

इसी तरह शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भुआपुर गांव निवासी मुस्तफा और लंभुआ के झिंगुरी का पुरवा निवासी मंसूर की पुत्री मोमिना के बीच भी समझौता हो गया। दोनों की शादी 8 जुलाई 2018 को हुई थी और करीब छह वर्ष साथ रहने के बाद 18 अगस्त 2024 से अलग रह रहे थे। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह के बाद दोनों ने साथ रहने पर सहमति जताई। वहीं, कादीपुर क्षेत्र के शेखपुरा गांव निवासी पिंकी यादव और मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के श्रीरामपुर लमौली गांव निवासी अविनाश यादव के बीच गुजारा भत्ता के मामले में समझौता हुआ। पति द्वारा 1 लाख 70 हजार रुपये देने पर दोनों ने अलग-अलग रहने का निर्णय लिया। फैमिली कोर्ट के अपर प्रधान न्यायाधीश अंकित शुक्ला ने सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया।

उधर, स्थाई लोक अदालत में 30 वाद चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 24 का निस्तारण किया गया। अध्यक्ष राधेश्याम यादव व सदस्य मृदुल राय और रमेश चंद यादव की पीठ ने 14 बीमा व 10 विद्युत विभाग से जुड़े मामलों का समाधान कराया। बीमा मामलों में पीड़ितों को 15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिलाई गई, जबकि विद्युत मामलों में पक्षकारों ने 7,06,116 रुपये जमा किए।

# दिव्यांगजनों की मदद को तीन दिवसीय सहायता शिविर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** रोटरी क्लब सुलतानपुर की ओर से दिव्यांगजनों की सहायता के उद्देश्य से 20, 21 और 22 मार्च को तीन दिवसीय निशुल्क सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर नगर के बारात घर, दीवानी चौराहा के पास श्री भगवान महावीर विकलांग समिति के सहयोग से लगाया जाएगा।

शिविर में जरूरतमंद दिव्यांगजनों को सुनने की मशीन, कृत्रिम हाथ-पैर, व्हील चेयर और ट्राई साइकिल जैसी सहायक सामग्री निशुल्क प्रदान की जाएगी। इसके लिए इच्छुक लाभार्थियों को पहले से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय आधार कार्ड और दिव्यांगता प्रमाणपत्र लाना जरूरी होगा। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक दिव्यांगजनों से शिविर में पंजीकरण कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है। पंजीकरण व जानकारी के लिए 9838297214, 9506415946, 9415085399 और 9795422462 नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान क्लब अध्यक्ष अखिल अग्रवाल, सचिव डॉ. अभिषेक पांडेय, संजय केसरवानी, मनमोहित सिंह व वेद जायसवाल, राम सागर तिवारी मौजूद रहे।

● रोटरी क्लब के तत्वाधान में मिलेंगे सहायक उपकरण

### पौधरोपण कर ग्रामीणों को किया जागरूक

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** आचार्य चाणक्य महाविद्यालय महमूदपुर सेमरी के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विभाग की दोनों इकाइयों के विशेष शिविर के अंतर्गत कार्यसेवकों ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। शिविरार्थियों ने अपने-अपने शिविर स्थलों पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेमरी और प्राथमिक विद्यालय नगईपुर के परिसर में खाली स्थानों पर आम, जामुन, अमरूद, बरगद, पीपल और नीम के पौधे लगाए।इस अवसर पर दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी शिवमणि दुबे और डॉ. शरद कुमार पाठक मौजूद रहे। द्वितीय सत्र में बौद्धिक सभा के अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महर्षि सदन ने बाजी मारी। कार्यक्रम में रामधन निषाद, कृष्ण कुमार यादव, पूनम पांडेय, राजकुमार दुबे और शिवकुमार यादव ने सहयोग प्रदान किया।

# नहर में मिला शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अवसानपुर गांव में शनिवार सुबह एक अधेड़ का शव नहर से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

मृतक की पहचान गांव निवासी समर बहादुर पुत्र स्व. लालता प्रसाद मुसहर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि समर बहादुर शुक्रवार शाम करीब 5:30 बजे घर से बीड़ी-माचिस लेने निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की, मगर कोई सुराग नहीं मिला।शनिवार सुबह एक राहगीर ने नहर में शव देखा और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान समर बहादुर के रूप में की। उनके चेहरे और शरीर पर चोट के निशान पाए जाने से परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

● मृतक के सिर व हाथ पर मिले चोट के निशान



घटनास्थल पर जांच करती पुलिस टीम व इकट्ठा ग्रामीण।

पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में दो बेटियां सीमा व शिल्पा और तीन बेटे अनिल, सुनील व महेंद्र हैं। सीओ लंभुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है साथ ही मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

### पलक झपकते एटीएम कार्ड बदला, दो मिनट में 25 हजार पार, एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** धम्मौर थाना क्षेत्र के पूरे अहिरन मजरे उघरपुर निवासी राम कलप यादव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि 9 मार्च को दोपहर करीब 12 बजे वह बन्धुआकला स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम से पैसे निकालने पहुंचे थे। तभी दो अज्ञात युवक एटीएम कक्ष में घुस आए और मशीन हैंग होने की बात कहकर उनका ध्यान भटका दिया। इसी दौरान चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया गया। कुछ देर बाद जब उन्होंने कार्ड देखा तो वह सुनील कुमार के नाम का निकला। तब तक ठग उनके खाते से महज दो मिनट के भीतर 25 हजार रुपये पार कर चुके थे। पीड़ित ने तुरंत बैंक को सूचना देकर खाता सीज कराया और पुलिस को भी जानकारी दी। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। बंधुआ कला थाना प्रभारी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है।

### ससुराल में मिला 3 दिन से लापता ई-रिक्शा चालक

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** देहात कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर अहिरौली गांव निवासी ई-रिक्शा चालक वसीम अहमद के लापता होने के मामले में शनिवार को नया मोड़ आ गया। सोशल मीडिया पर खबर प्रसारित होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई और युवक को कुछ ही घंटों में उसकी ससुराल से सकुशल बरामद कर लिया। बताया जा रहा है कि वसीम गुरुवार को शहर में ई-रिक्शा खड़ा करने के बाद रामगंज चला गया था। इसके बाद शनिवार सुबह वह अपनी ससुराल पांचोपीरन पहुंच गया। इधर, घरवाले उसकी तलाश में परेशान थे और किसी अनहोनी की आशंका जता रहे थे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने खोजबीन शुरू की। पुलिस ने वसीम को ससुराल से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया, जिसके बाद परिवार ने राहत की सांस ली।

### किशोर को जातिसूचक गालियां देकर पीटा, केस

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के जखनी कला गांव में एक किशोर को जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए लाठी-डंडों से पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित की मां राजमती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तहरीर के अनुसार बुधवार शाम करीब छह बजे उनका 16 वर्षीय पुत्र राजीव कुमार गांव के चौराहे की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में घात लगाए बैठे गांव के सूर्य प्रकाश तिवारी ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। लोगों के बीच-बचाव पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# लाखों से बने नमो वन/सरोवर का लोकार्पण

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद सुलतानपुर की ओर से वार्ड नरायनपुर स्थित सौरमऊ में ''नगरीय झील, तालाब, पोखर संरक्षण योजना'' के तहत विकसित नमो वन/सरोवर का शनिवार को लोकार्पण किया गया। करीब 58 लाख रुपये की लागत से तैयार इस सरोवर का उद्घाटन भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने विधिवत पूजन कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने की, जबकि भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे।



भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर ने किया लोकार्पण।

● नगरीय झील-तालाब संरक्षण योजना के तहत पुराने तालाब का हुआ कायाकल्प

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि यह तालाब पहले जर्जर और उपेक्षित अवस्था में था। स्थानीय लोगों की मांग पर नगर पालिका ने इसका जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने नगर पालिका के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण और शहर के सौंदर्यीकरण के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस स्थल को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में सहयोग करें।

### बेटियों को बंधक बनाने का मां ने लगाया आरोप

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** धनपतगंज थाना क्षेत्र के मझवारा गांव निवासी माया गुप्ता ने अपने ही रिश्तेदारों पर बेटियों को बंधक बनाने और एक बेटी को बेच देने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने थानाध्यक्ष धनपतगंज को समुचित धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना करने का निर्देश दिया है। माया गुप्ता के अनुसार वह अपने पति रामलाल गुप्ता के साथ मुंबई में रहती हैं। उनकी दो बेटियां प्रियंका और प्रार्थना हैं। आरोप है कि चचेरे ससुराल पक्ष के अमन, रवी जायसवाल, मुस्कान, श्रेया और उज्जवल जायसवाल ने संपत्ति के लालच में दोनों बेटियों को बंधक बना लिया। आरोप है कि करीब दस दिन पहले उसकी छोटी बेटी को कहीं बेच दिया गया। पुलिस से शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद न्यायालय की शरण ली गई। अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए केस दर्ज कर जांच का आदेश दिया। जिस पर धनपतगंज थाना प्रभारी ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रिमांड खारिज आदेश को जिला जज की कोर्ट में चुनौती

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** अवैध असलहा व कारतूस बरामदगी के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा रिमांड अर्जी खारिज किए जाने के आदेश को जिला जज की अदालत में चुनौती दी गई है। मामले में डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र ने निगरानी अर्जी दाखिल कर मजिस्ट्रेट के आदेश को गलत बताया है।

● न्यायालय ने विपक्षी को दिया नोटिस

प्रभारी जिला जज संध्या चौधरी की अदालत में सुनवाई के दौरान दाखिल निगरानी अर्जी स्वीकार करते हुए विपक्षी पक्ष को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि नियत की गई है। गौरतलब है कि 10 मार्च को न्यायिक मजिस्ट्रेट राधिका राज की अदालत ने अवैध तमंचा व कारतूस बरामदगी के मामले में आरोपी विमलेश को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर पेश किए जाने पर अभियोजन की कहानी को संदिग्ध मानते हुए विवेचक की रिमांड अर्जी खारिज कर दी थी और आरोपी को रिहा कर दिया था। यह मामला धनपतगंज थाने में दर्ज है।

खेलकूद

## अंश चौरसिया बने ओवरऑल चैंपियन, जिला स्तरीय तीन दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ समापन

# एथलेटिक्स में स्टेडियम के खिलाड़ियों का दबदबा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** खेल निदेशालय के तत्वावधान में स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। क्रीड़ा अधिकारी राजेश सोनकर की देखरेख में आयोजित प्रतियोगिता के तीसरे दिन एथलेटिक्स, बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कबड्डी के मुकाबले कराए गए। समापन अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता रूपेश सिंह और राष्ट्रीय खिलाड़ी विक्रम सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। एथलेटिक्स में स्टेडियम खिलाड़ियों का दबदबा रहा।

बालक वर्ग की 100 और 200 मीटर दौड़ में अंश चौरसिया प्रथम रहे और गोला फेंक में भी उन्होंने पहला स्थान हासिल कर ओवरऑल चैंपियन बने। 400 मीटर में अभिनाश, जबकि 1500 और 3000 मीटर दौड़ में चंद्रमोहन विजेता रहे। लंबी कूद में प्रियांशु पाठक ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में प्रियांशी यादव, 200 मीटर में जाह्नवी तिवारी और 400 मीटर में सेजल ने पहला स्थान हासिल किया। बैडमिंटन अंडर-15 एकल में अंजलि सिन्हा ने अनन्या तिवारी को 21-16 से हराया। डबल्स में अंजलि व वैष्णवी की जोड़ी ने चित्रांशी और अनन्या को 21-17 से मात दी। अंडर-19 वर्ग में भी अंजलि सिन्हा विजेता रहीं। वॉलीबॉल फाइनल में पीएम श्री केशकुमारी की टीम ने डीवीए को 2-0 से हराया, जबकि कबड्डी फाइनल में राज एकेडमी ने भदैंया को 21-15 से पराजित किया। प्रतियोगिता का संचालन प्रदीप यादव और मुनेंद्र मिश्र ने किया। इस दौरान खेल प्रवक्ता राजेश कनौजिया, हॉकी सुलतानपुर सचिव तारिक वसीम, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी टेबल टेनिस संघ सचिव मो सईद ब्लॉक व्यायाम शिक्षक शिवप्रताप सिंह, हीरालाल यादव हैंडबॉल चयनकर्ता अनुपम शुक्ला फ़ायज़ा पुलक डे सहित खिलाड़ी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।



विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के पूरे नेवल दरियापुर गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास राजस्थान से पधारी पूज्या पूजा बैरागी ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति भाव में डूब गए। कथा व्यास ने बताया कि विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी बचपन से ही भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं और उन्होंने मन ही मन उन्हें अपना पति मान लिया था। जब उनके भाई ने विवाह शिशुपाल से तय कर दिया तो रुक्मिणी ने एक ब्राह्मण के माध्यम से श्रीकृष्ण को संदेश भेजकर अपने साथ ले जाने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि रुक्मिणी की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और रुक्मिणी का हरण कर उन्हें द्वारका ले आए, जहां विधि-विधान से दोनों का विवाह संपन्न हुआ। यह प्रसंग सच्चे प्रेम, विश्वास और भक्ति का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे और श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। अंत में व्यास पीठ की आरती उतारी गई तथा श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा सही नाम विवेक कुमार भटनागर (VIVEK KUMAR BHATNAGAR) है, किन्तु त्रुटिवश मेरे बच्चे विहान भटनागर(VIHAAN BHATNAGAR) के आधार कार्ड में मेरा नाम विवेक भटनागर (VIVEK BHATNAGAR) अंकित हो गया है। अतः विवेक कुमार भटनागर एवं विवेक भटनागर दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विवेक कुमार भटनागर के नाम से ही जाना जाए।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं, **स्वाती सिंह पत्नी मुनेन्द्र देव, निवासिनी ग्राम कचूरा पो. हर्रई शाहाबाद हरदोई,** मेरे पुत्र स्वयं सिंह, उम्र 2 वर्ष का नाम मूल कागजों में स्वयं गौतम लिख गया है। आज से मेरे पुत्र को स्वयं सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैं, **स्वाती सिंह पत्नी मुनेन्द्र देव, निवासिनी ग्राम कचूरा पो. हर्रई शाहाबाद हरदोई** की पुत्री द्रति सिंह, उम्र 6 वर्ष का नाम मूल कागजों में द्रति गौतम लिख गया है। आज से मेरी पुत्री को द्रति सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**

मैं **ध्रुव मिश्रा पुत्र मनीष कुमार मिश्रा पूरे भूपाल सिंह वि.ख. गौरा, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में रुद्र पुत्र मनीष मिश्रा निवासी दांदूपुर बराडीह तहसील. सलोन जिला रायबरेली अंकित है, जो कि गलत है। सही नाम और पता ध्रुव मिश्रा पुत्र मनीष कुमार मिश्रा पूरे भूपाल सिंह वि.ख. गौरा, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली जिसे आधार कार्ड में अंकित किया जाए।

**सूचना**

मैं **गंगा देवी पत्नी श्याम मनोहर निवासी ग्राम पिपरी राउत ब्लाक हलधरमऊ तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** की निवासिनी हूँ। मेरे आधार कार्ड सहित सभी दस्तावेजों में नाम और पता यही है। जबकि पूर्व में नाम कुछ जगहों पर रामावती दर्ज हो गया था। जिसे मैंने सही करा दिया है। मेरे वास्तविक नाम गंगा देवी पत्नी श्याम मनोहर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

# चार लाख बच्चों के मिड डे मील पर गहराया संकट

## विद्यालयों को नहीं मिल पा रहा गैस सिलेंडर, शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी से की समस्या के समाधान की मांग

**बढ़ी समस्या**

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित मध्याह्न भोजन योजना पर रसोई गैस संकट का साया मंडराने लगा है। पिछले करीब एक सप्ताह से जिले के विद्यालयों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे लगभग 4 लाख बच्चों के मिड-डे मील संचालन पर संकट गहरा गया है। इस गंभीर समस्या को लेकर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयरएसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

जिला प्रशासन और आपूर्ति विभाग के लाख दावों के बावजूद जिले में रसोई गैस की किल्लत बरकरार है। गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर लंबी कतार लग रही है। प्रतिदिन सैकड़ों लोग निराश होकर वापस लौट रहे हैं। यह संकट अब परिषदीय स्कूलों तक जा पहुंचा है। स्कूलों को पिछले एक सप्ताह से गैस सिलेंडर नहीं मिला है। गैस सिलेंडर न मिलने से बच्चों के मिड डे मील पर संकट खड़ा हो गया है। इस समस्या को लेकर विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। अनूप सिंह का कहना है कि जिले की किसी भी गैस एजेंसी द्वारा विद्यालयों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। विद्यालयों के गैस कनेक्शन से ऑनलाइन बुकिंग भी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते शिक्षक गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं।

शिक्षक संघ का कहना है कि गैस सिलेंडर उपलब्ध न होने से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना प्रभावित होने लगी है और यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ी संख्या में बच्चों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। अनूप सिंह का कहना है कि जिलापूर्ति अधिकारी स्थिति सामान्य बता रहे हैं लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। विद्यालयों के शिक्षक गैस एजेंसियों से बिना सिलेंडर लिए वापस लौट रहे हैं, जिससे विभागीय दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अनूप कुमार सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर इस समस्या के समाधान की मांग की है।



नवाबगंज में एजेंसी के समक्ष गैस सिलेंडर लेने के लिए कतार में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

## एक एजेंसी में वितरित किये गये सिलेंडर, दूसरी में लगा रहा ताला

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** कस्बे में घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर शनिवार को उपभोक्ताओं की भारी भीड़ देखने को मिली। वैष्णवी भारत गैस एजेंसी पर भोर से ही सैकड़ों लोग सिलेंडर के लिए लंबी कतार में खड़े रहे। सुबह करीब 09 बजे से गैस वितरण शुरू किया गया। मौके पर मौजूद लेखपाल दुर्गेश यादव और नूर मोहम्मद ने बताया कि चार दिन बाद 360 सिलेंडरों की खेप आई थी, जिसे लाइन में लगे उपभोक्ताओं को वितरित कर दिया गया। व्यवस्था बनाए रखने के लिए महिलाओं और पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगवाई गई।

एजेंसी संचालक सतीश शास्त्री ने बताया कि उनकी एजेंसी से ग्रामीण क्षेत्रों के करीब छह हजार और कस्बे के लगभग दो सौ उपभोक्ताओं के कनेक्शन हैं।

उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को फोन कर केवाईसी के लिए बुलाया जा रहा है और अब तक करीब 80 प्रतिशत उपभोक्ताओं की केवाईसी पूरी की जा चुकी है। वहीं कस्बे की भार्गव गैस सर्विस पर शनिवार को गैस सिलेंडर की खेप नहीं पहुंची। एजेंसी की ओर से शुक्रवार को बताया गया था कि जिस दिन गैस का लोड नहीं आएगा, उस दिन केवाईसी और अन्य कार्यालयी कार्य किए जाएंगे। लेकिन शनिवार सुबह जब सैकड़ों उपभोक्ता केवाईसी और अन्य कामों के लिए एजेंसी पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। एजेंसी कर्मियों ने बताया कि प्रोपराइटर आभा भार्गव और उनके पति रमाकांत भार्गव लोड न आने के कारण कहीं बाहर चले गए हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**गोंडा, अमृत विचार :** सोनार गली, बरियार पुरवा में देर रात एक इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आकर कूलर, एलईडी टीवी, हीटर, टेबल फैन सहित बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सामान जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। गोदाम निखिल कुमार आजाद के इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का बताया जा रहा है। शुक्रवार देर रात करीब तीन बजे लोगों ने गोदाम से आग की लपटें उठती देखीं। दुकान मालिक को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे निखिल ने शटर खोलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग फैल चुकी थी। दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन संकरी गली होने के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## काम नहीं करना है तो करा लें स्थानांतरण

बेलसर, गोंडा

● **बिजली विभाग के अधिकारी पर भड़के विधायक प्रेम नारायण पांडेय**



विधायक प्रेम नरायन पांडेय।

**अमृत विचार :** बिजली विभाग की लचर कार्य प्रणाली को लेकर तरबगंज विधायक प्रेमनारायण पांडेय जनसुनवाई के दौरान नाराज़ दिखे। उन्होंने सौभाग्य योजना के कार्य में लापरवाही को लेकर एक अधिकारी को दो टूक शब्दों में कहा कि यदि काम नहीं करना है तो स्थानांतरण करा लें।

शनिवार को विधायक प्रेमनारायण पांडे अपने जनसुनवाई केंद्र पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान वजीरगंज क्षेत्र में सौभाग्य योजना के कार्य की देखरेख कर रहे एक अधिकारी वहां पहुंच गए। क्षेत्र में बिजली से जुड़ी शिकायतों की जानकारी पहले से होने के कारण विधायक ने उनसे कड़े शब्दों में कहा कि उनके नियंत्रण में कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि काम बढ़ाने के बजाय अड़ंगेबाजी की जा रही है, जो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक ने अधिकारी को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कार्य करने में रुचि नहीं है तो वह अपना स्थानांतरण कहीं और करा लें। विधायक ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में चार ब्लॉक आते हैं और कई पुरवों में अब तक बिजली नहीं पहुंची है। इन सभी स्थानों का सर्वे उन्होंने अपने स्तर से करवा रखा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द सभी पुरवों में बिजली पहुंचाकर लोगों को राहत दी जाए, क्योंकि जनता को जवाब भी देना पड़ता है। जनसुनवाई के दौरान एक मामले में पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न करने की शिकायत मिलने पर विधायक ने प्रभारी निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा बैंक, जमीनी विवाद और विकास कार्यों से जुड़े कई प्रकरण भी सामने आए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। विधायक प्रेमनारायण पांडे ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करें और जनता की समस्याओं का समय से समाधान सुनिश्चित करें।

## 2730 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

गोंडा, कार्यालय

**उप निरीक्षक पुलिस भर्ती परीक्षा**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की ओर से आयोजित उप निरीक्षक नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। हालांकि परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी अनुपस्थित भी रहे।

जानकारी के अनुसार जनपद में आयोजित परीक्षा के लिए दोनों पालियों में कुल 9600 अभ्यर्थियों को शामिल होना था। प्रथम पाली में निर्धारित 4800 परीक्षार्थियों में से 3428 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1372 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में 4800 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3442 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 1358 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 2730 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। आईजी अमित पाठक ने भी कई केंद्रो का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभ्यर्थियों के प्रवेश द्वार, सत्यापन प्रक्रिया, फ्रिस्किंग व्यवस्था, परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था तथा सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। अधिकारियों ने केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता भी परखी और निर्देश दिए कि सभी कैमरे लगातार संचालित रहें, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पर निगरानी बनी रहे। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था तथा आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर भी नजर रखी गई।

## खाई में पलटी कार चालक बाल-बाल बचा

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बाबागंज-इटियाथोक मार्ग पर शनिवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। पूरे महा पंचायत के जोगी जोत चौराहे के पास शनिवार दोपहर करीब 1 बजे कार सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। मोतीगंज क्षेत्र के आकमा निवासी योगेश शुक्ला कार चला रहे थे। वह बैजनाथ पुरवा निवासी आनंद मिश्रा के घर जा रहे थे। जोगीजोत चौराहे के पास कार पलट गयी। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को कार से बाहर निकाला। गनीमत रही कि हादसे में चालक को कोई गंभीर चोट नहीं आई।

## युवक को गोली मारने में एक नामजद व अज्ञात पर मुकदमा

**गोंडा, अमृत विचार :** डीएम आवास के सामने शुक्रवार देर शाम युवक को गोली मारने के मामले में पुलिस ने एक नामजद तथा अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है, जबकि घायल युवक का इलाज लखनऊ में चल रहा है। हालत स्थिर बताई जा रही है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के रानीपुरवा अफीम कोठी निवासी सुजीत कुमार सिंह घर से सामान लेने के लिए कार से निकले थे। गोंडा-लखनऊ हाईवे पर स्थित डीएम आवास के समीप डाकघर के पास उन्होंने अपनी कार रोकी। बताया जा रहा है कि सुजीत कुमार सिंह कार से उतरकर डाकघर की ओर चले गए। कुछ देर बाद डाकघर के अंदर से कहासुनी की आवाजें आने लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहस के दौरान किसी को यह कहते सुना गया कि गाली मत दो, बंदूक हटा लो। इसी बीच गोली चलने की आवाज गूंजी। गोली लगने से सुजीत गिर पड़े। घायल को एससीपीएम अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया था। पुलिस ने राम सिंह व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही थी।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गयी जान

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-बहराइच रेल मार्ग पर कौड़िया क्रॉसिंग के पास शुक्रवार देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। आरपीएफ ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पैडीबरा के मजरा मुन्ना पुरवा निवासी अवधेश कुमार शुक्ला ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पुत्र रामबाबू शुक्ला (27) शुक्रवार देर रात कौड़िया क्रॉसिंग के पास इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आ गया। परिजनों ने शव की पहचान रामबाबू शुक्ला के रूप में की। प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह ने बताया कि कौड़िया क्रॉसिंग के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हुई है। वहीं रामबाबू शुक्ला के निधन की सूचना पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भवानी भीख शुक्ला, जिपं सदस्य प्रतिनिधि शिव भगवान शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि विपिन बिहारी तिवारी, गुड्डू तिवारी, शिव शंकर मिश्रा 'रिंकू', डॉ. देवानंद शुक्ला, गोपाल पांडे, शिवपाल तिवारी और भीखी राम शुक्ला ने अंतिम दर्शन कर शोक संवेदना व्यक्त की।

## जूनियर स्कूलों को मिलेंगे गणित-विज्ञान के 35 शिक्षक

● **16 मार्च को बीएसए कार्यालय पंतनगर में होगी काउंसिलिंग**

**गोंडा, अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र से जिले के जूनियर स्कूलों को गणित विज्ञान के 35 नए शिक्षक मिल जायेंगे। कोर्ट के आदेश के बाद शासन ने इन अभ्यर्थियों को शिक्षक पद पर तैनाती देने के प्रक्रिया शुरू करने करने का निर्देश दिया है। शासन के आदेश पर बीएसए ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच के लिए इन अभ्यर्थियों को 16 मार्च को पंतनगर स्थित बीएसए कार्यालय में काउंसलिंग के लिए बुलाया है।

उच्च प्राथमिक स्कूलों में विज्ञान व गणित विषय के शिक्षकों की भर्ती के लिए सरकार ने वर्ष 2013 में प्रक्रिया शुरू की थी,लेकिन कई चरणों की काउंसलिंग के बाद भी पद खाली रह गए थे। खाली पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर अभ्यर्थी कानूनी लड़ाई लड़ रहे थे। यह भर्ती पिछले 13 साल से लंबित थी। सुप्रीम कोर्ट ने 31 दिसंबर 2019 से पहले याचिका दायर करने वाले कटऑफ से अधिक अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को 19 मार्च नियुक्त देने का आदेश दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद बेसिक शिक्षा परिषद ने 1113 याची अभ्यर्थियों की अनंतिम चयन सूची जारी की और जिला आवंटन कर 19 मार्च तक कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के क्रम में चयनित अभ्यर्थियों को मूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों की जांच के लिए 16 मार्च को पंतनगर स्थित बीएसए कार्यालय बुलाया गया है। बीएसए अमित सिंह ने बताया कि आवंटित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग, मूल शैक्षिक प्रमाणपत्रों का सत्यापन एवं परीक्षण 16 मार्च को बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जाएगा।

**इन अभिलेखों को साथ लाएं अभ्यर्थी :** अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने सभी मूल शैक्षिक प्रमाणपत्र, समस्त मूल अभिलेखों की दो-दो सेट स्वप्रमाणित छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, तीन रंगीन फोटो, दिव्यांग अथवा विशेष आरक्षण की स्थिति में संबंधित प्रमाणपत्र तथा 75 रुपये के डाक टिकट लगे दो सादे लिफाफे साथ लेकर आना है। संबंधित अभिलेख कार्यालय में जमा कराए जाएंगे।


**काउंसिलिंग के लिए अधिकारी नामित :** बीएसए अमित सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों की काउंसलिंग के लिए बीईओ मुख्यालय, खण्ड शिक्षा अधिकारी झंझरी तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी परसपुर को नामित किया गया है। इस तीन सदस्यीय टीम को काउंसिलिंग एवं अभिलेख सत्यापन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

**होली मिलन समारोह** | किसान डिग्री कॉलेज में सपा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने किया कार्यक्रम का आयोजन

## सरकार ने अपने किसी वादे को नहीं किया पूरा : राम शिरोमणि

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार :** किसान डिग्री कॉलेज में शनिवार को सपा के पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रावस्ती के सांसद राम शिरोमणि वर्मा शामिल हुए, अध्यक्षता पुजारी प्रसाद तिवारी लंबरदार ने की।

पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने अपने संबोधन में वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार एसआईआर में धांधली कर चुनाव जीतना चाहती है। पूर्व विधायक ने सीएचसी कटरा बाजार में शुक्रवार को हुई महिला की मौत का जिक्र करते हुए कहा कि अस्पताल प्रशासन अपनी लापरवाही छिपाने को नर्सिंग के छात्र पर झूठा मुकदमा दर्ज कराकर उसे जेल भेज दिया। मुख्य अतिथि सांसद राम शिरोमणि वर्मा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताकर विधानसभा भेजने का कार्य करें। उन्होंने भाजपा सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नौकरियों के नाम पर युवाओं के साथ ठगी की गई है और परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से नहीं कराई गईं। सांसद ने कहा कि बैजनाथ दूबे ने होली मिलन समारोह के माध्यम से आगामी चुनाव का बिगुल बजा दिया है और इसे चुनावी परिणाम में बदलने की जरूरत है। इस मौके पर सूरज सिंह, नंदिता शुक्ल, विनोद शुक्ल, दिग्विजय सिंह, राम अवध गोस्वामी, पप्पू यादव, मनोज शुक्ल, वकार खां, अर्जुन बाबा, पंकज गोस्वामी, विवेक सिंह, राम कुमार शुक्ल, रूप नारायण प्रजापति, राजेश दीक्षित, करीम खान, दद्दन शुक्ल, त्रियुगी नारायण दूबे, राघव राम पांडेय, सुशील गौतम, हरि श्याम दूबे आदि मौजूद रहे।



सांसद राम शिरोमणि वर्मा का स्वागत करते पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे व अन्य नेता। ● अमृत विचार

## उद्योग व्यापार मंडल का होली मिलन समारोह

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** रामेश्वरनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार देर शाम उद्योग व्यापार मंडल की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय संस्कृति को सहेजने का काम करता है। विशिष्ट अतिथि और नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोलू सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से एकजुटता आती है। अवध क्षेत्र प्रभारी हरी सिंह ने बताया कि व्यापार मंडल हर वर्ष इस परंपरा का निर्वहन करता है। मुख्य रूप से सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह, प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी सहित तमाम लोग शामिल रहे।

## न्याय तक सभी की पहुंच को सुलभ बनाना लोक अदालत का लक्ष्य: न्यायमूर्ति गौतम चौधरी



लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी।

**गोंडा, अमृत विचार :** न्याय तक सभी की पहुंच को आसान बनाना और न्यायिक प्रक्रिया को सरल बनाना जिससे आम लोगों को आसानी से न्याय उपलब्ध कराया जा सके यही लोक अदालत का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को सभी के सामंजस्य से ही हासिल किया जा सकता है। ये बातें राष्ट्रीय लोक अदालत के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रशासनिक न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने कहीं। जनपद न्यायालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशासनिक न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। जिला जज दुर्ग नरायण सिंह ने प्रशासनिक न्यायमूर्ति को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

## आईजी ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान



वाहन चेकिंग अभियान चलाते आईजी अमित पाठक। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक ने शनिवार को जनपद मुख्यालय के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। इस दौरान एलबीएस चौराहा, गुरुनानक चौक सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर वाहनों की गहन जांच की गई और नियमों की अनदेखी करने वालों पर चालान व वाहन सीज की कार्रवाई की गई। आईजी ने विशेष रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले दोपहिया वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी। ऐसे कई वाहनों को रोककर उनके खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई, वहीं कुछ वाहनों को नियमों के उल्लंघन के चलते सीज भी किया गया। पुलिस महानिरीक्षक ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। इस दौरान आईजी ने आम नागरिकों और वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करें।

## भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का अभिनंदन

**गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी का भाजपा कार्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने अभिनंदन किया। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी तथा संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई। कार्यक्रम में सभासद व भाजपा कोषाध्यक्ष शेष चौरसिया, सेक्टर संयोजक बड़गांव सचिन चौरसिया, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रिंस चौरसिया तथा जिला उपाध्यक्ष संदीप पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## थानाध्यक्ष के व्यवहार से लेखपालों में आक्रोश

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** तरबगंज थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी के कार्य व्यवहार से नाराज क्षेत्र के लेखपालों ने तहसील मंत्री की अगुवाई में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम विश्वमित्र सिंह को दिए ज्ञापन में लेखपाल संघ के तहसील मंत्री रामेश्वर तिवारी ने आरोप लगाया कि थानाध्यक्ष का व्यवहार लेखपालों के प्रति ठीक नहीं है। जब भी किसी विवादित जमीन की पैमाइश के दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस की मांग की जाती है तो वह नाराजगी जताते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि रामपुर टेगरहा के लेखपाल हीरामणि मिश्र द्वारा सरकारी जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रुकवाने के लिए थानाध्यक्ष से फोन पर सहायता मांगी गई, लेकिन उन्होंने इसे अपनी जिम्मेदारी नहीं बताया। वहीं ग्रामीणों की शिकायत पर लेखपाल दिवाकर सिंह को पूरे दिन थाने में बैठाए रखने का भी आरोप लगाया गया है। साथ ही शासकीय कार्य के दौरान वर्ष 2025 में लेखपालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और बातचीत में अभद्र भाषा के प्रयोग का भी आरोप लगाया गया है। एसडीएम ने बताया कि लेखपालों की शिकायत को लेकर सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह को पत्र लिखकर मामले में आवश्यक कार्रवाई के लिए कहा गया है।

## चांदनी और संध्या काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रथम



चांदनी।



संध्या।

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालय की दो छात्राओं ने हिंदी व अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है। कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम की छात्रा चांदनी यादव ने हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता में तथा संध्या वर्मा ने अंग्रेजी कविता पाठ प्रतियोगिता में जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर शानदार उपलब्धि दर्ज की है। छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर डायट प्राचार्य ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने की घोषणा की है। चांदनी यादव के हिंदी कविता पाठ का वीडियो राज्य हिंदी संस्थान को भेजा गया है। संध्या वर्मा के अंग्रेजी कविता पाठ का वीडियो आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, प्रयागराज भेजा गया है, जिससे उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिल सके। प्रभारी प्रधानाध्यापक बलजीत सिंह कनौजिया ने इस सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत, विद्यालय के शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा बीईओ हर्षित पाण्डेय के प्रेरक नेतृत्व और एआरपी टीम के सहयोग को दिया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक आलोक कुमार, अरुण कुमार सिंह, पूनम वर्मा, पूनम यादव, अनुराधा मिश्रा, देवेन्द्र प्रताप, सुरेश कुमार, अमर ज्योति व चित्रावती मौर्य सहित समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

## जमीन के बैनामे में जालसाजी का आरोप

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** जमीन के बैनामे में कथित जालसाजी कर अधिक भूमि अपने नाम कराने और विरोध करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अदालत के आदेश पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। संचरही मोहल्ला निवासी मोहम्मद हारून के अनुसार, होलापुर काजी निवासी कुद्दूस अहमद ने नगवा निवासी अभय कुमार पांडेय व अयोध्या के अंगूरी बाग कॉलोनी निवासी नाफिस आलम के साथ मिलकर कथित रूप से निर्धारित से अधिक जमीन का बैनामा अपने पक्ष में करा लिया और उसे अन्य लोगों को बेचने की कोशिश की। पीड़ित का आरोप है कि 2 नवंबर की शाम जमीन पर कब्जा करने से रोकने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अदालत के आदेश पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## लिपिक का निधन, विद्यालय में शोक

**करनैलगंज, अमृत विचार :** उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय कप्तान में तैनात रहे लिपिक रामपाल सिंह का अचानक निधन हो गया। बताया जाता है कि वह पिछले लगभग 15 दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और कटरा मार्ग स्थित उमरिया में उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास बाग में किया गया, जहां परिजनों व क्षेत्र के लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। विद्यालय के प्रबंधक शिव जी सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वहीं प्रधानाचार्य अमिता पांडेय की अगुवाई में विद्यालय परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान रेखा सिंह, अनीता, विद्या मरानी, प्रियंका, प्रतिभा, संगीता, सोहन, दिलीप, हनुमान व प्रहलाद सहित अन्य शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की कामना की।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुई उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा

## 4320 में से 2772 अभ्यर्थी हुए शामिल, 1548 रहे अनुपस्थित

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के छह परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। दोनों पालियों में कुल 4320 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 2772 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 1548 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा को निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था की गई थी। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, प्रवेश व निकास द्वारों पर तलाशी प्रक्रिया और सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल की स्थिति का अवलोकन किया। सुबह की पहली पाली में 2160 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1573 ने परीक्षा दी, जबकि 587 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में 2160 में से 1199 अभ्यर्थी शामिल हुए और 961 अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों को सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। कई केंद्रों पर अभ्यर्थियों की लंबी कतारें भी देखने को मिलीं। अधिकारियों ने ड्यूटी में तैनात कर्मियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।


परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। ● अमृत विचार

# 17 से शुरू होगी गेहूं की खरीद

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद में रबी विपणन सत्र 2026-27 के तहत गेहूं खरीद 17 मार्च से शुरू होकर 15 जून तक चलेगी। जिले में कुल 48 क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। डीएम विपिन कुमार जैन ने निर्देश दिया है कि क्रय केंद्रों पर सभी तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके।

जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए खाद्य विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। अब तक जिले के 424 किसान पंजीकरण करा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किसानों की जमीन के रकबे का डिजिटल सत्यापन किया जाएगा। क्रय केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक कांटे, नमी मापक यंत्र और आवश्यक स्टेशनरी की व्यवस्था कर ली गई है। वर्तमान में 97 हजार बोरे भी उपलब्ध करा दिए गए हैं।

# लोक अदालत में 42 हजार से अधिक वाद निस्तारित


राष्ट्रीय लोक अदालत में जुटी वादकारियों की भीड़। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** शनिवार को जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद एवं सत्र न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में हजारों लंबित मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया।न्यायालयों द्वारा 6809 वादों का निस्तारण किया गया। राजस्व न्यायालयों में 35662 मामलों का निपटारा हुआ। बैंक रिकवरी से जुड़े 1002 मामलों में समझौता कराते हुए लगभग 6.05 करोड़ की धनराशि का निस्तारण कराया गया। फौजदारी मामलों में 162300 रुपये अर्थदंड वसूला गया। पारिवारिक न्यायालय में 60 वादों का निस्तारण किया गया। मोटर दुर्घटनाके 21 मामलों का निपटारा कर 1.69 करोड़ से अधिक की प्रतिकर राशि देने का आदेश पारित किया गया। विद्युत बिल से जुड़े 79 मामलों का किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव यशपाल वर्मा ने बताया कि लोक अदालत का उद्देश्य कम खर्च में सहमति से वादों का समाधान कर लोगों को न्याय उपलब्ध कराना है।

# थारू जनजाति के बच्चों ने बिखेरी सांस्कृतिक छटा


वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं थारू बच्चियां। ● अमृत विचार

**जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार :** कंपोजिट विद्यालय जरवा में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें थारू जनजाति के छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ भूपेंद्र कुमार मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने थारू जनजाति की पारंपरिक संस्कृति पर आधारित नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिससे स्थानीय लोकसंस्कृति की झलक देखने को मिली। अध्यापक विपिन कुमार पांडेय ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संचालन महेश चंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर लाल बहादुर सिंह, लक्ष्मी देवी, ओमप्रकाश, सुरेंद्र कुमार गौतम, सगीर अख्तर, एआरपी प्रदीप वर्मा, राजेश उनर, एसएसबी कोयलावास कंपनी इंचार्ज रूम्पा, कांस्टेबल प्रिया, हेमलता, प्रधान प्रतिनिधि शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

# नाला निर्माण से लोगों की बढ़ी परेशानी

**गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार :** के बिस्कोहर रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य के दौरान अव्यवस्था से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य के दौरान निकाली गई मिट्टी बड़ी मात्रा में लोगों के घरों के सामने ही डाल दी गई है। किशोर श्रीवास्तव ने बताया कि नाला निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में मानकों के अनुरूप सामग्री का भी प्रयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि नाला निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराया जाए और सड़क पर पड़ी मिट्टी को हटवाकर आवागमन सुचारु कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।


सड़क के किनारे डाली गई मिट्टी।

# थारू गांवों के विकास पर प्रशासन का फोकस

● डीएम ने योजनाओं की समीक्षा कर किया संपर्क मार्ग का शिलान्यास

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने शुक्रवार को विकास खंड पचपेड़वा के नेपाल सीमा से सटे थारू जनजाति क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने थारू विकास परियोजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने थारू विकास परियोजना कार्यालय में चल रही विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी ली और कहा कि सीमावर्ती थारू क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचना सुनिश्चित किया जाए।

डीएम ने अभ्युदय कोचिंग की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए निर्देश दिया कि अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराया जाए, ताकि जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिल सके।

इस दौरान जिलाधिकारी ने थारू जनजाति ग्राम सेमरहना में नए संपर्क मार्ग का शिलान्यास भी किया। उन्होंने कहा कि नेपाल सीमा से सटे गांवों में सड़क और कनेक्टिविटी बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए वन विभाग से समन्वय कर आवश्यक अनुमति लेकर गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जा रहा है।

निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, खंड विकास अधिकारी मोहित दुबे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दबंग ने पत्रकार को पीटा, दुकान में तोड़फोड़

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** अवैध निर्माण की खबर प्रकाशित करने से नाराज़ एक दबंग ने एक पत्रकार पर हमला कर दिया। हमले में पत्रकार घायल हो गया, जबकि आरोपी ने दुकान में घुसकर तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

कटरा भोगचंद्र गांव निवासी पत्रकार शिवदास गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने कनकपुर में बंजर भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। खबर छपने के बाद से कुछ लोगों द्वारा धमकियां दी जा रही थीं। पीड़ित के अनुसार शुक्रवार की शाम लगभग 5:15 बजे वह कनकपुर पेट्रोल पंप के सामने अपनी दुकान पर बैठे थे। उसी दौरान जितेंद्र यादव पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर उसने डंडे से हमला कर दिया। आरोपी ने बेल्ट से भी मारपीट की। आरोपी ने दुकान का सामान उठाकर बाहर फेंकते हुए तोड़फोड़ की।

# ईद की तैयारियों से गुलजार हुआ उतरौला बाजार



मेहंदी की दुकान पर खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार :** पवित्र रमज़ान माह के अंतिम जुमे पर अदा की जाने वाली अलविदा की नमाज़ के बाद उतरौला नगर का बाजार ईद की तैयारियों की रौनक से गुलजार हो उठा। नमाज़ समाप्त होते ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए बाजार पहुंचने लगे। देखते ही देखते मुख्य बाजार और गलियों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। ईद के मद्देनज़र कपड़ों, जूतों, इत्र, टोपी और मेहंदी की दुकानों पर भीड़ देखी गई। बाजार में लगी बॉम्बे मेहंदी कोन की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की कतार लगी रही। मेहंदी विक्रेता जमाल खान ने बताया कि वह पिछले लगभग दस वर्षों से रमज़ान के अवसर पर मेहंदी की दुकान सजाते हैं। उनके यहां निदा, दुल्हन, काजल और हैदराबाद की मशहूर चारमीनार मेहंदी की अधिक मांग रहती है। व्यापारियों के अनुसार ईद नजदीक आते ही बाजार की रौनक और बढ़ जाती है।

## युवती का अपहरण मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** युवती का अपहरण कर ले जाने के आरोप में पुलिस ने युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय नगर पंचायत के एक मोहल्ला की रहने वाली महिला ने अपनी बेटी को अपहरण कर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडे ने बताया कि आरोपी गणेश गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी तथा युवती की बरामदगीको पुलिस टीम का गठन किया गया है।

### मां-बेटी पर हमला, चार पर केस

**खरगूपुर, गोंडा :** रंजिश को लेकर मां बेटी पर हमला कर घायल करने के आरोप में चार आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कंचनपुर फरेंदा गांव में प्रेम प्रकाश एवं राममूर्ति देवी के बीच रंजिश है। राममूर्ति देवी तिवारी व उसकी बेटी खुशबू (14) को डंडे से हमला कर दोनों को घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। प्रभारी निरीक्षक शेषमणि पांडे ने बताया कि आरोपी प्रेम प्रकाश सहित चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरैचा विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांक निविदा /मेमो दिनांक 13/03/2026

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत नरैचा विकास खण्ड छपिया गोण्डा के गौ आश्रम मे संरक्षित पशुओ हेतु आगामी वित्तीय वर्ष 2026/27 मे भूषा, दाना, साइलेज आदि की आवश्यकता के लिए आपूर्ति हेतु सभी रजिस्टर्ड इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के पांच दिन के अन्दर ग्राम पंचायत कार्यालय मे अपना आपूर्ति हेतू कुटेशन प्रस्तुत करे। निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधोहस्तक्षारी मे निहित है

जनकलली, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत नरैचा, विकास खण्ड छपिया गोण्डा
संजय कुमार जयसवाल, सचिव, ग्राम पंचायत नरैचा, विकास खण्ड छपिया गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचायत तेनुवारानीपुर विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांक निविदा /मेमो दिनांक 13/03/2026

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत तेनुवारानी पुर विकास खण्ड छपिया गोण्डा के गौ आश्रम मे संरक्षित पशुओ हेतु आगामी वित्तीय वर्ष 2026/27 मे भूसा , दाना, साइलेज आदि की आवश्यकता के लिए आपूर्ति हेतू सभी रजिस्टर्ड इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के पांच दिन के अन्दर ग्राम पंचायत कार्यालय मे अपना आपूर्ति हेतू कुटेशन प्रस्तुत करे। निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधोहस्तक्षारी मे निहित है

मिथलेश, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचयात तेनुवारानीपुर, विकास खण्ड छपिया गोण्डा
संजय कुमार जयसवाल, सचिव, ग्राम पंचयात तेनुवारानीपुर, विकास खण्ड छपिया गोण्डा

**कार्यालय ग्राम पंचयात तिलया विकास खण्ड छपिया गोण्डा**

पत्रांक निविदा /मेमो दिनांक 13/03/2026

अल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत तिलया विकास खण्ड छपिया गोण्डा के गौ आश्रम मे संरक्षित पशुओ हेतु आगामी वित्तीय वर्ष 2026/27 मे भूसा , दाना, साइलेज आदि की आवश्यकता के लिए आपूर्ति हेतु सभी रजिस्टर्ड इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन के पांच दिन के अन्दर ग्राम पंचायत कार्यालय मे अपना आपूर्ति हेतु कुटेशन प्रस्तुत करे। निविदा सम्बन्धी समस्त अधिकार अधोहस्तक्षारी मे निहित है

अनिल कुमार जयसवाल, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचयात तिलया, विकास खण्ड छपिया गोण्डा
संजय कुमार जयसवाल, सचिव, ग्राम पंचयात तिलया, विकास खण्ड छपिया गोण्डा

# कार की टक्कर से अधेड़ की मौत

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** बखठोरवा में सड़क हादसे में अधेड़ की मौत हो गई। शव की पहचान सुरेश कुमार सैनी पुत्र घिरराऊ सैनी निवासी तेलियानी उपाध्याय के रूप में हुई है।

भाई लल्लन सैनी ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि सुरेश कुमार सैनी बखठोरवा में निमंत्रण में साइकिल से गए थे। कार्यक्रम के बाद जब वह सड़क पार कर रहे थे तभी अचानक मारुति कार ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिवार में पत्नी गायत्री देवी, दो बेटियां अंशिका (16), पलक (12) और एक बेटा अंश (5) हैं। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कामर्शियल गैस सिलेंडर के संकट का होटल-रेस्तरां पर दिखा असर

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ईरान-इजरायल तनाव का असर अब स्थानीय बाजारों पर भी दिखाई देने लगा है। पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमतों पर पड़ रहे प्रभाव के कारण जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत हो की गई है। इससे होटल ढाबा और रेस्तरां संचालकों के सामने संचालन की समस्या खड़ी हो गई है।

होटल और स्ट्रीट फूड कारोबारियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से कमर्शियल सिलेंडर आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कई बार गैस एजेंसियों के चक्कर लगाने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिल रहे हैं। इसके कारण भोजन बनाने और ग्राहकों को सेवा देने में दिक्कतें आ रही हैं।

जिले में करीब 1500 से अधिक होटल, ढाबे और रेस्तरां संचालित हैं, जहां कमर्शियल गैस का उपयोग होता है। इसके अलावा बड़ी संख्या में ठेला-खोमचा और स्ट्रीट फूड व्यवसायी भी इसी गैस पर निर्भर हैं।

व्यापारियों के अनुसार जिले में प्रतिदिन करीब 4.5 लाख रुपये के कमर्शियल सिलेंडरों की खपत होती है। लेकिन इन दिनों पर्याप्त आपूर्ति न होने से कारोबार प्रभावित हो रहा है।

कई छोटे कारोबारियों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस की उपलब्धता सामान्य नहीं हुई तो उन्हें अपना काम सीमित करने या बंद करने की स्थिति भी आ सकती है।

होटल व रेस्तरां संचालकों ने प्रशासन और गैस कंपनियों से कमर्शियल सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि कारोबार सामान्य रूप से चल सके और ग्राहकों को भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सड़क तोड़कर नाले की दिशा बदलने का आरोप

**करनैलगंज, अमृत विचार :** जीपीओपी विद्यालय के पास नाला निर्माण में तकनीकी अनियमितताओं को लेकर विद्यालय प्रबंधक ने नगर परिषद से जांच कराने और निर्माण कार्य तत्काल रोकने की मांग की है।

विद्यालय प्रबंधक वीके श्रीवास्तव ने नगर परिषद के अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि सरयू महाविद्यालय मार्ग पर नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें तकनीकी त्रुटियां सामने आई हैं। पत्र में बताया गया है कि मूल योजना के अनुसार नाले को सीधे पुल से जोड़ने का प्रस्ताव था, लेकिन कार्यदायी संस्था द्वारा सड़क को तोड़ते हुए नाले को दूसरी दिशा में मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जिस स्थान पर नाले को जोड़ा जा रहा है वहां भूमि का ढाल प्रतिकूल है, जिससे बरसात में नाले का पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर फैल सकता है और विद्यालय के मुख्य द्वार के सामने जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।


विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## खेल प्रतियोगिताओं में पायनियर स्कूल का दबदबा

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में पायनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने कई खेलों में जीत हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। खेल निदेशालय के निर्देश पर शनिवार को स्टेडियम में आयोजित जूनियर हॉकी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में विद्यालय की टीमों ने हिस्सा लिया। जूनियर हॉकी के बालिका वर्ग में पायनियर की टीम ने कस्तूरबा विद्यालय को हराकर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में भी पायनियर के खिलाड़ियों ने स्टेडियम की टीम को पराजित किया। जूनियर वॉलीबॉल में भी पायनियर की बालिका टीम ने स्टेडियम की टीम को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स में सुधा ने 200 मीटर दौड़ में तथा आराध्या ने 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान पाया। बास्केटबॉल में बालिका वर्ग में पायनियर की टीम ने सुंदरदास रामलाल इंटर कॉलेज को जबकि बालक वर्ग में नेशनल स्पोर्ट्स सोसाइटी को पराजित कर विजेता बनी। प्रतियोगिता के बाद मुख्य अतिथि डॉ. स्मिता सिंह व अन्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने भी छात्रों को बधाई दी।

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर**

पत्रांक: 384 / न0पं0 दो0 सुल0/2025-26 दिनांक: 13/03/2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर द्वारा नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत मो0 सांई की तकिया में बढौली तालाब में गाटा सं0 479 का सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जाने हेतु किसी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से दिनांक 13/03/26 से दिनांक: 02/04/2026 सायं 02: 00 बजे तक ई-निविदा के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा बेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड तथा शर्तो की जानकारी की जा सकती है।

(लाल चन्द्र सरोज) अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर
(शकुन्तला देवी) अध्यक्ष, नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर


भारत नेपाल मैत्री होली मिलन समारोह में मौजूद अतिथि। ● अमृत विचार

# भारत-नेपाल मैत्री के रंग में रंगा होली मिलन समारोह

**तुलसीपुर, बलरामपुर अमृत विचार :** मधुरिमा मिलन हॉल में भारत-नेपाल मैत्री होली मिलन समारोह के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से प्रेरित इस कार्यक्रम में भारत और नेपाल से आए व्यापारिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वक्ताओं ने सामाजिक समरसता, आपसी सद्भाव और सनातन जागृति पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत और नेपाल के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों के बीच पारंपरिक मित्रता सदियों से चली आ रही है, जिसे ऐसे आयोजनों से नई ऊर्जा मिलती है। इस अवसर पर वृंदावन से आए कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में फूलों की होली भी खेली गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम में विधायक कैलाश नाथ शुक्ला भाजपा नेता डॉ विशाल मिश्रा सहित भारत-नेपाल मैत्री समिति के सदस्य और नेपाल के देउखुरी उद्योग वाणिज्य संघ, दांग के अध्यक्ष कमल जंग सिंह ठकुरी, महिला उपाध्यक्ष शारदा सुबेदी, महासचिव हरि थापा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। समापन पर जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

खेलकूद

ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता

# प्रयागराज ने अलीगढ़ को 4-0 से हराया

संवाददाता गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्रीय खेल कार्यालय, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में 14 से 18 मार्च तक आयोजित होने वाली ओपन स्टेट सीनियर महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिन मैच का उद्घाटन राजस्व अधिकारी रिंकी जायसवाल ने किया।

प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में संत कबीर नगर और महराजगंज की टीमें आमने-सामने रहीं। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मैच 0-0 से ड्रॉ रहा। दूसरे मैच में मेरठ और मिर्जापुर के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें मेरठ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से जीत दर्ज की। तीसरे मुकाबले में प्रयागराज और अलीगढ़ की टीमें भिड़ीं, जिसमें प्रयागराज ने एकतरफा खेल दिखाते हुए 4-0 से शानदार जीत हासिल की। मुकाबलों के दौरान कमिश्नर के रूप में अयूब शाह मौजूद रहे, जबकि निर्णायक मंडल में मनोज तिवारी, अशोक सिंह, विनय कुमार, मो. आकिब, मेहरुद्दीन, संजय सिंह, कु. शालिनी, कविता पटेल, कल्पना कुमारी और रियाज अहमद शामिल रहे। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रवि शुक्ला, जिला क्रीड़ा सचिव राजेश पाण्डेय, श्रीमती नीता सिंह, फुलवारी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक डॉ. राकेश श्रीवास्तव, जगदीश प्रसाद गुप्ता, फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जसपाल सिंह सलूजा, एडवोकेट ज्योति सिंह सहित स्टेडियम स्टाफ उपस्थित रहा।


फुटबाल मैच खेलतीं खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर**

पत्रांक: 387 / न0पं0 दो0 सुल0/2025-26 दिनांक: 13/03/2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर द्वारा राज्य सेक्टर कार्यक्रम के (पेयजल हेतु व्यवस्था योजना) के अन्तर्गत नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के विभिन्न 09 वार्डो में 30 हाउसहोल्ड ड्रीकिंग वाटर साल्यूशन विथ पाइप लाइन कम्प्लीट के अधिष्ठापन का कार्य कराये जाने हेतु किसी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से दिनांक -13./03/26 से दिनांक 02/04/2026 सायं 02: 00 बजे तक ई-निविदा के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन अपराहन 3.30 बजे नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा बेबसाइट https://etender.up.nic.in से डाउनलोड/अपलोड तथा शर्तो की जानकारी की जा सकती है।

(लाल चन्द्र सरोज) अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर
(शकुन्तला देवी) अध्यक्ष, नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर

न्यूज ब्रीफ

## जंगल में बरामद गोवंशों के अवशेष

**वीरगंज (श्रावस्ती) :** मल्हीपुर क्षेत्र के औसानकुंडी जंगल क्षेत्र में शनिवार सुबह दो गोवंशों के अवशेष बरामद किए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अवशेष को कब्जे में ले लिया। वहीं सीओ भिनगा सतीश कुमार शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र के मुरावनपुरवा निवासी कैलाशनाथ यादव ने बताया कि शुक्रवार की शाम उनके छोटे भाई रमेश जंगल के पास गोवंश चराने गए थे। इसी दौरान उनका एक गोवंश जंगल में खो गया था। शनिवार की सुबह गोवंश का अवशेष जंगल में मिला। पास में एक और गोवंश के कुछ अवशेष मिले है। पुलिस जांच कर रही है।

## महिला ने लगाया मकान गिरवाने का आरोप

**जमुनहा( श्रावस्ती) :** जमुनहा तहसील के ग्राम पंचायत लाल बोझा दरवेश गांव निवासी रीता गौतम पत्नी महेश ने एसडीएम जमुनहा को प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें आरोप लगाया है कि प्रधान की ओर से रंजिश को लेकर लेखपाल व एसएसबी टीम की मदद से उसका घर गिरवा दिया गया है। आरोप है कि उसके ससुर सागर पुत्र ननकु के नाम से वर्ष 1975 में आवासीय पट्टा दिया गया था। जिसमें पीड़िता व उसके जेठ का मकान एक ही गाटा संख्या में बना हुआ है। जेठ जगराम 2008 में मिले इंदिरा आवास बनाकर रह रहा है। पीड़िता ने बताया 20 वर्षों से मकान बना था। ग्राम प्रधान ने चुनाव रंजिश के चलते गुरुवार को लेखपाल, कानूनगो व एसएसबी के साथ पहुंचकर घर गिरवा दिया है। घर के सात लोग बिना छत के हो गए हैं।


एसडीएम से शिकायत करने पहुंची रीता गौतम।

## ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच :** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, प्रभारी इवीएम अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा व अन्य अधिकारियों, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण शुक्ल, सपा के उपाध्यक्ष अनिल यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव हमज़ा शफीक व बसपा के जिला संयोजक सुखराम प्रजापति के साथ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी क्रियाशील पाये गये। इस दौरान जल निगम के अवर अभि. संदीप जायसवाल, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व योगेन्द्र गंगवार मौजूद रहे।

## चोरी की योजना बनाने वाले 7 दोषियों के विरुद्ध लगा जुर्माना

**श्रावस्ती :** सोनवा पुलिस ने 22 साल पूर्व थाना क्षेत्र के मनिहारतारा निवासी रामचंद्र पुत्र गुन्नी, बहराइच के हरदी थाना क्षेत्र के मिमैभा निवासी बहारे पासी पुत्र नागेश्वर, सियाराम पुत्र सुन्दर धोबी, पंकज पुत्र मोहन, विजय कुमार पुत्र संभल व सोनवा के पकड़ी निवासी बल्ली पुत्र इनायत अली व बरसाती पुत्र बकरीदी को चोरी की योजना बनाते गिरफ्तार किया था। मामले में जेएम दिलीप कुमार साहनी ने सभी दोषियों को जेल में बितायी गयी अवधि का कारावास व प्रत्येक को 1000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# लोक अदालत में 190387 वादों का निस्तारण

## जनपद न्यायाधीश ने लोगों की समस्या का समाधान निर्धारित समय से करने के निर्देश दिए

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 01 लाख 90 हजार 387 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ दीवानी न्यायालय परिसर में स्थित सभागार में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच राजेश कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्या का समाधान निर्धारित समय से करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 190387 वादों का निस्तारण किया गया। जिसमें जिला न्यायालय द्वारा 9227 वादों, अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय दीप कान्त मणि की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के 13 वादों, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण हरेन्द्र प्रसाद द्वारा 64 वादों, स्थायी लोक अदालत द्वारा 01 वाद तथा जिला उपभोक्ता प्रतितोश आयोग, बहराइच के अध्यक्ष सुरेश चन्द भारती द्वारा 09 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी के 1069 मामले तथा राजस्व के 180004 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में सेटलमेन्ट की कुल धनराशि रुपये 17 करोड़ 47 लाख 670 रही। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/ नोडल अधिकारी लोक अदालत बहराइच अरविन्द कुमार गौतम द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को अत्यधिक सफल बनाने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, विद्वान अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों, वादकारियों एवं पुलिस फोर्स को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर प्रथम अपर जनपद न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा, विशेष न्यायाधीश(एससी/एसटी एक्ट) राकेश कुमार सिंह, तृतीय अपर जनपद न्यायाधीश सुश्री कविता निगम, चतुर्थ अपर जनपद न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट) सुनील प्रसाद, विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) अरबिंद कुमार गौतम, पंचम अपर जनपद न्यायाधीश विराट शिरोमणि, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी. सी-प्रथम आनन्द शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/एफ.टी.सी.-द्वितीय अनिल कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती प्रतिभा चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय एवं अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।


लोक अदालत के दौरान मौजूद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी।

### जिलाधिकारी ने निस्तारित किए 16 वाद

**बहराइच।** राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा 10 राजस्व वाद, 02 फौजदारी वाद, 01 अन्य वाद तथा स्टाम्प से सम्बन्धित 03 कुल 17 वादों का निस्तारण किया गया। स्टाम्प कमी से सम्बन्धित 03 वादों का निस्तारण करते हुए डीएम ने धनराशि रुपये 11 लाख 02 हजार 960 जमा कराया गया। लोक अदालत में नियत वादों में पक्षों के अधिवक्ता व जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अजय शर्मा व विशेष शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) अतुल गौड़ मौजूद रहे।

# संजय सेतु की बेयरिंग बदलने का कार्य शुरू

जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच-गोंडा मार्ग पर घाघरा नदी के ऊपर बने संजय सेतु के नीचे स्थित पिलरों की बेयरिंग बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। पुल की ऊपरी सतह के फर्श में बड़ा गैप हो जाने के कारण मरम्मत कार्य जरूरी हो गया है।


प्रगति पर पीपापुल का निर्माण कार्य।

फिलहाल विभाग द्वारा पुल के नीचे पिलरों की बेयरिंग बदलने का काम कराया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि मई-जून माह में घाघरा नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, इसलिए उससे पहले पुल के नीचे का कार्य हर हाल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने बताया कि अभी तक वैकल्पिक पीपा पुल तैयार नहीं हो पाया है, हालांकि उसका निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। पीपा पुल तैयार न होने के कारण छोटे वाहनों का डायवर्जन भी अभी नहीं किया जा सका है।

पीपा पुल तैयार होते ही संजय सेतु पर छोटे-बड़े सभी वाहनों का आवागमन रोककर पुल की ऊपरी सतह के फर्श और टूटे इंस्पेशन जॉइंट का मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार जहां नदी में पानी भरा है वहां पहले पीपा पुल बनाया जाएगा, जबकि खाली पड़े रेता वाले हिस्से में लोहे की चादर बिछाकर आवागमन बहाल किया जाएगा। मई-जून में घाघरा का जलस्तर बढ़ने पर पीपा पुल को लंबा बना दिया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता, इकौना (श्रावस्ती)

● मिश्रौलिया के भटपुरवा कला की घटना, फैली सनसनी

**अमृत विचार।** नवीन मॉडर्न थाना कटरा के ग्राम मिश्रौलिया के भटपुरवा कला में शनिवार भोर संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है।


सुमित कुमार की फाइल फोटो।

कटरा थाना क्षेत्र ग्राम मिश्रौलिया के मजरा भटपुरवा कला निवासी सुमित कुमार चौरसिया (22) पुत्र कृष्ण कुमार चौरसिया का शव शनिवार भोर घर के अंदर छत के कुंडे से रस्सी के फंदे से लटका मिला। शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना के बाद मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे प्रभारी निरीक्षक लाल साहब सिंह ने शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया। वही सीओ भरत लाल पासवान ने भी मौके पर पहुंचकर पारिवारीजनों व ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। मृतक के मामा बहराइच के पयागपुर क्षेत्र निवासी मुरली चौरसिया ने बताया कि शुक्रवार को मुझसे जब बात हुई तो सुमित पयागपुर आने के लिए कहा था, शनिवार को उसके मृत्यु की सूचना मिली।

वहीं इस मामले में प्रभारी निरीक्षक ने बताया की कि अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाही की जाएगी।

# कार व पिकअप में टक्कर, पांच घायल

इकौना(श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** कटरा खरगौरा बस्ती स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को कार व पिकअप में आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार दम्पति व पिकप सवाल सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया जहां से दम्पति को मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

नवीन माडर्न थाना क्षेत्र कटरा के खरगौरा बस्ती स्थित पेट्रोल पंप के पास शनिवार को कार व पिकप में टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार गाजियाबाद जनपद के लोनी निवासी बिनयशील चतुर्वेदी (64) पुत्र चंद्रभूषण चौबे, उनकी पत्नी कुमुदलता चौबे (62), एक 10 वर्षीय बालक के साथ ही पिकप चालक गोण्डा के लब्बा तैगारा निवासी आशीष पांडेय (24) पुत्र नन्दकिशोर व गोण्डा के गोड़वा घाट निवासी इन्द्रसेन (40) पुत्र रामफल घायल हो गए। सभी घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां दम्पति की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

दम्पति बहराइच जिले के थाना विशेश्वरगंज स्थित ग्राम अमृती निवासी अपने मित्र के यहां उनकी बेटी की शादी में शामिल होने आए थे। जहां से वह शनिवार को कार से श्रावस्ती पर्यटन घूमने गए थे। वापस लौटते समय हादसा हो गया। वहीं पिकअप चालक इकौना के कस्तूरबा स्कूल में पत्थर उतारकर वापस गोण्डा जा रहा था।

### पेड़ से टकराई बाइक दो युवक गंभीर, रेफर

**खैरीघा (बहराइच)।** जिले में खैरीघाट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जानकारी के अनुसार खैरीघाट क्षेत्र के लौकीहा गांव के पास यह दुर्घटना हुई। हादसे में अमृतलाल और सुरेश कुमार निवासी जंगलपुरवा थाना हरदी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों युवक लौकीहा गांव में एक बारात में शामिल होने आए थे और शनिवार सुबह वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी शिवपुर के अधीक्षक डॉ. नलिन राजा ने बताया कि हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। दोनों को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस को भी मामले की सूचना दे दी गई है।

# मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण


कैंप में इलाज कराते ग्रामीण। अमृत विचार


कैसरगंज सीएचसी में रक्तदान करते लोग। अमृत विचार

कानीबोझी (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत पंचायत भवन हरिहरपुर रानी में शनिवार को कैंप का आयोजन हुआ। इसमें डिमेंशिया सहित गैर संचारित रोग व नेत्र रोगियों का इलाज किया गया।

भारत सरकार की अटल अभ्युदय योजना से जिले में लगातार बुजुर्गों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मेंशनिवार को पंचायत भवन हरिहरपुर रानी में डिमेंशिया के निदान एवं नेत्र रोग उपचार कैंप का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डॉ. दिनेश कुमार व डॉ. धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी ने ग्रामीण रामकुमार का नेत्र परीक्षण कर किया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि स्वच्छता और अच्छा भोजन लिया जाए तो सैकड़ों रोगों से बचाव हो सकता है। डॉ. धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया की स्वास्थ्य शिविर में 117 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवा प्रदान की गई। रेडक्रॉस सचिव अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि स्वास्थ्य शिविरों की श्रृंखला में अगला शिविर रविवार 15 मार्च को जमुनहा के पंचायत भवन शिकारी चौड़ा में आयोजित होगा। इस दौरान यतीन्द्र प्रताप सिंह, दीनदयाल रहे।

**20 लोगों ने किया रक्तदान, कैसरगंज (बहराइच):** सीएचसी कैसरगंज में शनिवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में किया गया जिसमें कुल 20 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान डॉ. बी.डी. वर्मा, सुभाष चंद्र, शिवम सहित कुल 20 लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक डॉ. एन. के. सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है और इससे कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिलता है।

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में हुआ सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान


कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि विधायक रामनिवास वर्मा व अन्य। अमृत विचार

बाबागंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** विकास खंड नवाबगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय दर्जीपुरवा में वार्षिकोत्सव व सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के कई सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानपारा विधायक राम निवास वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा,हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक आर.के. सिंह (राजू भैया) व प्राचार्य निरंजन प्रसाद पांडेय मौजूद रहे। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। अतिथियों ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र, माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और उनके अनुभव से नई पीढ़ी को नई दिशा मिलती है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत लखैया की प्रधान लक्ष्मी देवी, अब्दुल्लागंज रेंज के डिप्टी रेंजर संभू यादव सहित क्षेत्र के कई वर्तमान व पूर्व ग्राम प्रधान तथा चरदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक भी शामिल हुए।

## नशे में धुत युवक ने दंपती व बेटी को पीटा

**जरवल रोड (बहराइच)।** थाना जरवल रोड क्षेत्र के ग्राम धवरिया में नशे की हालत में पहुंचे एक युवक पर घर में घुसकर गाली-गलौज करने और दंपती व उनकी बेटी के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम धवरिया निवासी परसराम पुत्र अंगनू के अनुसार अपने रिश्तेदार के यहां कर्नलगंज मिट्टी देने गया था। शाम करीब 7 :30 बजे जब वह घर वापस लौटा, तभी गांव का ही लल्लू पुत्र मुलकराज नशे की हालत में उसके घर के पास आकर गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि मना करने पर लल्लू ने परसराम, उनकी पत्नी धनपता और बेटी पुष्पा को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाना जरवल रोड में प्रार्थना पत्र देकर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

## कछुओं के साथ दबोचा गया तस्कर

**जमुनहा( श्रावस्ती), अमृत विचार।** वन विभाग व एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक कछुआ तस्कर को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्कर के कब्जे से दो इंडियन फ्लैपशेल कछुए बरामद किए गए। तस्कर के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक एक कछुआ तस्कर शुक्रवार शाम को फ्लैपशेल कछुआ पकड़कर बाइक से ले जा रहा था। जिसे वन विभाग व एसएसबी की संयुक्त टीम ने दबोच लिया। वन विभाग व एसएसबी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक तस्कर दुर्लभ प्रजाति के कछुए के साथ बाइक से ककरदरी जंगल से निकलकर राप्ती बैराज के रास्ते से होकर जाने वाला है। सूचना मिलते ही एसएसबी सीमा चौकी प्रभारी अमित शर्मा व वन उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह एसएसबी व वन विभाग की टीम के साथ तस्कर को पकड़ने के लिए साझा रणनीति बनाई। इसके बाद सीमा स्तंभ संख्या 640/9 से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान भिनगा कोतवाली के भोजपुर निवासी पंचमलाल पुत्र राजाराम के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से दो फ्लैपशेल कछुए बरामद हुए। पूंछताछ में तस्कर ने बताया कि वह कछुए को ककरदरी जंगल से पकड़कर लाया है। कछुओं को लखीमपुर खीरी निवासी व्यक्ति को देना था। 40 हजार रुपये की कीमत तय हुई थी। कछुए को मल्हीपुर थाना क्षेत्र के राप्ती बैराज तक ही पहुंचाना था जहां से दूसर व्यक्ति उसे रिसीव करता। कछुआ व बाइक जब्त कर आरोपी को ककरदरी वन चौकी को सौंप दिया गया। जहां उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेजा गया।

## 298 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पुलिस भर्ती परीक्षा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से उप-निरीक्षक भर्ती परीक्षा शनिवार को एक परीक्षा केन्द्र पर शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। नकलविहीन व शांतिपूर्ण परीक्षा कराने को लेकर केन्द्र पर कड़ा पहरा रहा। पहले दिन दोनों पालियों में हुई परीक्षा में 298 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय भिनगा स्थित अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज का परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। यहां कड़ी सुरक्षा में शनिवार को दो पालियों में उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा कराई गई। जिसमें पहली पाली में 143 व दूसरी पाली में 155 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोनों पालियों में 480-480 अभ्यर्थियों समेत कुल 960 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिसमें पहली पाली में 337 व दूसरी पाली में 325 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा केन्द्र के मुख्य गेट पर सघन तलाशी व पहचान पत्र देखकर ही अभ्यर्थियों को केन्द्र के अंदर प्रवेश दिया गया। उन्हें केवल प्रवेश पत्र, पेन साथ ले जाने की अनुमति दी गई। नकलविहीन परीक्षा कराने को लेकर क्राइम ब्रांच की टीम अलर्ट रही। केन्द्र के बाहर भारी संख्या में पुलिस तैनात रही और अंदर अधिकारियों को कड़ा पहरा रहा। कक्ष में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा हुई। परीक्षा केन्द्र के 200 मीटर के दायरे में अभ्यर्थियों व ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को छोड़कर किसी का भी प्रवेश प्रतिबंधित रहा।

## आईटीसी चौपाल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**बहराइच।** चौपाल सागर परिसर में आयोजित आईटीसी चौपाल महोत्सव का शुभारंभ उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों और किसानों ने कार्यक्रम की सराहना की तथा इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया। महोत्सव का उद्देश्य किसानों, महिलाओं और युवाओं को कृषि संबंधी नवीन जानकारी, तकनीक तथा विभिन्न उपयोगी सेवाओं से जोड़ना है। कार्यक्रम में कृषि से संबंधित जानकारी देने के साथ-साथ मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर चौपाल सागर परिवार की ओर से क्षेत्राधिकारी पवन राय, अमित कुमार, मनीष पाण्डेय, प्रभाकर राय और मनीष मौर्य सहित आईटीसी चौपाल सागर का पूरा परिवार उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान किसानों के लिए कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी, जागरूकता सत्र तथा विभिन्न कंपनियों द्वारा स्टॉल भी लगाए गए।


कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को किया पुरस्कृत।

## किसान इंटर कॉलेज में संघ का शाखा संगम आज

**जरवल रोड (बहराइच), अमृत विचार।** जरवल रोड स्थित स्थानीय किसान इंटर कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जरवल खंड की ओर से शाखा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जरवल खंड की सभी शाखाओं का एकत्रीकरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंबिका प्रसाद जी, विभाग कार्यवाह बहराइच होंगे। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए वे संगठन, समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर बौद्धिक प्रदान करेंगे। जरवल खंड के कार्यवाह सुधीर ने बताया कि शाखा संगम में जरवल खंड की 12 शाखाओं के स्वयंसेवक शामिल होंगे। कार्यक्रम में बौद्धिक सत्र के साथ-साथ खेलकूद, अमृत वचन, सुभाषित, गणगीत और एकल गीत जैसे सांस्कृतिक व प्रेरक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों और आमंत्रित लोगों से समय से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्धारित समय अनुसार दोपहर 3 बजे से होगा। आयोजन में सैकड़ों लोगों के शामिल होने की संभावना है।

नई व्यवस्था

पेट्रोलियम पदार्थो की आपूर्ति में आने वाली समस्याओं के निराकरण में करेगा सहयोग

# आपदा प्रबन्धन कार्यालय में स्थापित हुआ इमरजेन्सी कंट्रोल रूम

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर जनपद में पेट्रोलियम पदार्थो यथा-पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी. आदि की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने तथा आपूर्ति में आ रही समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण कार्यालय, बहराइच में इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रातः 08:00 बजे से रात्रि 08:00 बजे तक संचालित रहेगा। कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05252-230132 तथा टोल फ्री नम्बर 1077 है। कन्ट्रोल रूम अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा।

डीएम ने बताया कि इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम के संचालन हेतु 03 शिफ्टों में कार्मिकों की ड्यूटी लगायी गई है। प्रथम पाली प्रातः 08:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक विपणन निरीक्षक शिवम पटेल मो.न. 9643257456 व भारत गैस के अनिरूद्ध तिवारी मो.न. 9076959377, द्वितीय पाली में मध्यान्ह 12:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक पूर्ति निरीक्षक सै० एजाज हुसैन मो.न. 6392566376, विपणन निरीक्षक राकेश कुमार मो.न. , 9838849105 तथा विकास गैस सर्विस पयागपुर के रवि कुमार तिवारी मो.न. 9125948326 तथा तृतीय पाली अपरान्ह 04:00 बजे से रात्रि 08:00 तक क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी राजीव कुमार मो.न. 8004178934 एवं वेदान्त इण्डेन गैस के हरिओम मो.न. 8755968798 की ड्यूटी लगायी गयी है।

इमरजेन्सी कन्ट्रोल रूम में तैनात कार्मिकों का दायित्व होगा कि एल.पी.जी., डीजल एवं पेट्रोल के सम्बन्ध में प्राप्त शिकायतों एवं सूचना को नियत पंजिका में दर्ज करते हुए सम्बन्धित गैस एजेन्सी एवं पेट्रोल पम्प के माध्यम से नियमानुसार/गुणवत्तापूर्ण समाधान करायेंगे। कन्ट्रोल रूम में तैनात किये गये कर्मचारियो द्वारा दर्ज की गयी शिकायतों का निस्तारण 24 घण्टे के भीतर कराये जाने की समीक्षा हेतु अतिरिक्त मजिस्ट्रेट लालधर सिंह यादव मो.न. 8840885231 तथा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रवि कुमार सिंह मो.न. 9452180165 को नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### सिलेंडर की कमी को लेकर आप का प्रदर्शन, कालाबाजारी रोकने की मांग

**संवाददाता, बहराइच, अमृत विचार।** जनपद में गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर आज आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच प्रदर्शन करते हुए मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। आप आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष फिरोज हैदर के नेतृत्व में शनिवार दोपहर को पार्टी कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे इस दौरान उन्होंने जनपद में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत व उसकी कालाबाजारी को लेकर प्रदर्शन करते हुए नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा जहां एक तरफ कामर्शियल सिलेंडरों पर रोक के चलते होटल व रेस्टोरेंट चलाने वाले परेशान हैं। वही दूसरी और घरेलू गैस सिलेंडर की कमी चलते अब घरों में भी लोगों को खाना बनाने के लिए काफी परेशान होना पड़ रहा है। इसके साथ ही जिले में सिलेंडरों की जमकर कालाबाजारी हो रही है । जिस पर तत्काल रोक लगाने की जरूरत है। कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन से कालाबाजारी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि अगर शीघ्र व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर सड़कों पर उतर प्रदर्शन करेंगे।



डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते आप कार्यकर्ता।



उस दा मुख इक जोत है,
घुंघट है संसार।
घुंघट में ओह छुप्प गया,
मुख पर आंचल डार।।

बुल्ले शाह कहते हैं, परमात्मा का मुख एक दिव्य ज्योति (रोशनी) के समान है, जबकि यह संसार एक घूंघट के समान है। भगवान ने इस संसार रूपी घूंघट को अपने मुख पर डाल लिया है, जिसके कारण वह छिपे हुए हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

# विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा ही हिंदुत्व

वैज्ञानिक खोजों ने मानव संहार के अनेक उपकरण बनाए हैं। मध्य पूर्व में युद्ध जारी है। मानवता बारूद के ढेर पर है। विज्ञान निर्मम है। उसका लोकमंगल से कोई लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है। लोकमंगल का उद्देश्य है और विश्व को सुंदर बनाने की अभिलाषा है। इन सबका सार हिंदुत्व है। कोई अंधविश्वास नहीं। कोई जबरदस्ती नहीं। असहमत के प्रति भी आदर भाव है। हिंदुत्व में प्रेय श्रेय साथ-साथ हैं। विज्ञान और लोक मंगल भी परस्पर प्रीति में हैं।

डॉ. राधा कृष्णन ने कहा है, 'वैज्ञानिक हमें ऐसे विभिन्न ढंग बताते हैं, जिनसे पृथ्वी नष्ट हो सकती है। यह कभी सुदूर भविष्य में चंद्रमा के बहुत निकट आ पहुंचने से या सूर्य के ठंडा पड़ जाने से नष्ट हो सकती है। कोई पुच्छल तारा पृथ्वी से टकरा सकता है। धरती से ही कोई जहरीली गैस निकल सकती है, परंतु यह सब बहुत दूर की संभावनाएं हैं; जबकि अधिक संभावना इस बात की है कि मानव-जाति स्वयं जान-बूझकर किए गए कार्यों से और अपनी मूर्खता और स्वार्थ के कारण, जो मानव-स्वभाव में मजबूती से जमे हुए हैं, नष्ट हो सकती है। यह बड़ी करुणाजनक बात है कि ऐसे संसार में जो हम सब के आनंद लेने के लिए है और जो हम यदि आजकल युद्ध यंत्रजात को पूर्णता तक पहुंचने में लगाई जा रही ऊर्जाओं के केवल थोड़े-से हिस्से का ही इसके लिए उपयोग करें, तो सबके जीवन को आनंदमय बनाया जा सकता है।'

हिंदुत्व भारत की प्रकृति है और संस्कृति भी। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। इस जीवन शैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है, लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिंदुत्व के अनेक चेहरे है। उग्र हिंदुत्व, मुलायम (सॉफ्ट) हिंदुत्व, सांप्रदायिक हिंदुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिंदुत्व पर आक्रामक हैं। अंग्रेजी भाषांतर में हिंदुत्व को हिंदुइज्म कहा जाता है।

> वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले धर्महीन समाज विश्व के अस्तित्व के लिए खतरा हैं। हिंदू धर्म की दृष्टि में पूरी पृथ्वी एक परिवार है। इस परिवार में केवल मानव समाज का हित चिंतन ही नहीं है। वैदिक चिंतन में सभी जीव, पशु-पक्षी और कीट-पतंगा भी हमारे परिजन हैं। वनस्पतियां-औषधियां भी उपास्य हैं। विज्ञान में ऐसी प्रीतिपूर्ण दृष्टि नहीं है। विज्ञान सिर्फ सत्य तथ्य देता है। सत्य तथ्य शिरोधार्य है, लेकिन सत्य का शिव और सुंदर होना भी जरूरी है। वैदिक दर्शन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण है।

इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी एक विचार होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिंदुइज्म भी हिंदूवाद का अर्थ देता है, लेकिन हिंदुत्व हिंदूवाद नहीं है।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

हिंदुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। वीर होना वीरवाद नहीं होता, वीर होने का भाव वीरता है। दयावान होना दयावाद नहीं दयालुता है। हिंदू होना हिंदुता या हिंदुत्व है। कुछ विद्वान हिंदू को मुसलमानों द्वारा दिया गया शब्द मानते रहे हैं, लेकिन यह सही नहीं है। हिंदू शब्द का प्राचीनतम उल्लेख 'अवेस्ता' में है और अवेस्ता इस्लाम से सैकड़ो वर्ष पुराना है। डेरियस (522-486 ईपू) के शिलालेख में भी हिंदू शब्द का उल्लेख है। हिंदू शब्द विशेष संस्कृति वाले जनसमूह का द्योतक है।

डॉ. राधा कृष्णन ने वाराणसी हिंदू विश्व विद्यालय व कलकत्ता (कोलकाता) विश्व विद्यालय में हिंदू तत्व पर 1942 में भाषण दिए थे। उन्होंने 'धार्मिक आदर्शों' की दृष्टि से समाज के पुनर्गठन' पर कलकत्ता (कोलकाता) विश्वविद्यालय में कहा, "भारतीय जीवन और विचार के किसी पहलू पर तुलनात्मक दृष्टि से विवेचन एक विस्तृत विषय है।" जीवन मूल्यों से समाज के आदर्श व सांस्कृतिक व्यवहार प्रभावित होते हैं और सभ्यता की उम्र भी। भारतीय राष्ट्रजीवन की सांस्कृतिक निरंतरता स्वयं सिद्ध है और प्राचीनता का मूल कारण विचारणीय है।

डॉ. राधा कृष्णन ने औरंगजेब द्वारा अपने अध्यापक मुल्ला साहब को लिखे पत्र का सुंदर उदाहरण दिया है, "तुमने मेरे पिता शाहजहां से कहा था कि तुम मुझे दर्शन पढ़ाओगे। यह ठीक है, मुझे भली भांति याद है कि तुमने अनेक वर्षों तक मुझे वस्तुओं के संबंध में ऐसे अनेक अव्यक्त प्रश्न समझाए, जिनसे मन को कोई संतोष नहीं होता और जिनका मानव-समाज के लिए कोई उपयोग नहीं है। ऐसी थोथी धारणाएं और खाली कल्पनाएं, जिनकी केवल यह विशेषता थी कि उन्हें समझ पाना बहुत कठिन था और भूल पाना बहुत सरल था। क्या तुमने कभी मुझे यह सिखाने की चेष्टा की कि शहर पर घेरा कैसे डाला जाता है या सेना को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है?" औरंगजेब के जीवन का आदर्श युद्ध है। युद्ध मानवीय मूल्य रहित हिंसा है।

डॉ. राधा कृष्णन के अनुसार, 'तत्कालीन विश्व का संकट यही है कि वह सैनिक व्यवस्था के विषय में सब कुछ जानता है और जीवन मूल्यों के दर्शन व धर्म के केंद्रीभूत प्रश्नो के संबंध में बहुत कम जानता है।' भारतीय संस्कृति में मनुष्य की महिमा है। आनंदमय जीवन की अभिलाषा है। इस अभिलाषा को पूरा करने की आचार संहिता है। यह संहिता हिंदू धर्म है। इस आचार संहिता में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। गांधी जी अहिंसा को उत्कृष्ट जीवन मूल्य बताते थे। इस आदर्श का प्रेरणा केंद्र हिंदुत्व है।

संप्रति दुनिया में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आंधी है। भारत में यह सेकुलरवाद के रास्ते हिंदू धर्म को भी कालवाह्य घोषित करने पर आमादा है। अन्य पंथ रिलीजन अपनी कट्टरता के चलते वैज्ञानिक दृष्टिकोण को श्रेष्ठ नहीं मानते। वैज्ञानिक दृष्टिकोण अनुचित नहीं है। वैज्ञानिकों ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उघाड़ने का काम किया है। अंधविश्वासी मतों, पंथों को भी चुनौती मिली है।

विज्ञान सत्य की खोज करता है। समाज ऐसी खोजों का उपयोग करता है। समाज इनका दुरूपयोग भी करता है। विश्व में पंथिक मजहबी मान्यताओं को लेकर तमाम युद्ध हुए हैं। हिंदू दर्शन भी सत्य का शोध करता है। दर्शन का उद्देश्य केवल सत्य का निर्वचन करना ही नहीं है। इसका ध्येय मनुष्य का दुख दूर करना है। हिंदू धर्म का उद्देश्य दुख का निवारण और आनंद की प्राप्ति है। समाज में आनंद का आपूरण विज्ञान का लक्ष्य नहीं है। विज्ञान के गले में लोकमंगल की घंटी डालने की आवश्यकता है। यह कार्य हिंदुत्व के रास्ते अधिक संभव है। हिंदुत्व लोकमंगल का पर्याय है।

भारत का जीवन ध्येय आनंद है। केवल वैयक्तिक आनंद नहीं; सामाजिक सामूहिक आनंद भी। विवेकानंद ने कहा है, "सभी देशों के निचले स्तर के मनुष्य इन्द्रियों के आनंद में उत्साह दिखाते हैं, किंतु जो सच्चे अर्थों में शिक्षित और सुसंस्कृत हैं, उनके आनंद का आधार विचार और कला होती है। दर्शन और विज्ञान होता है।" सुख और आनंद के अनेक मानसिक व बौद्धिक तल होते हैं। इंद्रिय भोग का सुख निम्न तल है। ज्ञान का सुख आनंद उच्च तल पर है। कला का आनंद गहरा है, लेकिन अनुभूति दर्शन का आनंद बहुत गहरा है। उपनिषद् दर्शन में आनंद की गहन अनुभूति है। तैत्तिरीय उपनिषद् में आनंद की व्याख्या है। शुरुआत में कहते हैं, "सैषा आनंदस्य मीमांसा भवति-अब उस आनंद की मीमांसा करते हैं।"

बताते हैं, 'मनुष्य युवा हो, श्रेष्ठ आचरण वाला हो। अध्ययनशील हो। संपूर्ण अंग बल युक्त हो। स्वस्थ हो। धन संपदा से युक्त हो तो इस लोक में आनंद है।' यहां आनंद के सभी उपकरण प्रत्यक्ष हैं। भौतिक हैं। संसारी हैं। कोई अंध आस्था नहीं। भाववाद नहीं। आनंद की प्राप्ति का स्थान भी यही लोक है। आनंद का आनंद इसी संसार में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# क्रीमी लेयर: आय के आधार पर वर्गीकरण उचित नहीं

भारत में आरक्षण व्यवस्था सामाजिक न्याय और समान अवसर की अवधारणा को मजबूत करने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसका मूल लक्ष्य उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो ऐतिहासिक रूप से सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े रहे हैं। इसी व्यवस्था के अंतर्गत अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण दिया गया है, हालांकि यह सुनिश्चित करने के लिए कि आरक्षण का लाभ वास्तव में जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे, क्रीमी लेयर की व्यवस्था बनाई गई है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इसी विषय से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि क्रीमी लेयर का निर्धारण केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता, बल्कि उनके पद और सामाजिक स्थिति को भी ध्यान में रखना आवश्यक होगा।



कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

इसकी सुनवाई न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर माधवन की पीठ ने की। पीठ ने केंद्र सरकार की उन अपीलों को खारिज कर दिया, जो मद्रास, केरल और दिल्ली उच्च न्यायालयों के फैसलों के खिलाफ दायर की गई थीं। न्यायालय ने कहा कि क्रीमी लेयर का निर्धारण करते समय केवल वेतन या आय को आधार बनाना उचित नहीं है। इसके साथ-साथ यह भी देखना जरूरी है कि माता-पिता किस पद पर कार्यरत हैं और उनकी सामाजिक स्थिति क्या है। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक व शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

> सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि क्रीमी लेयर की अवधारणा का उद्देश्य केवल आय के आधार पर वर्गीकरण करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि आरक्षण का लाभ वास्तव में सामाजिक और शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों तक पहुंचे।

इस मामले में एक महत्वपूर्ण विवाद वर्ष 1993 में जारी केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन और वर्ष 2004 में जारी स्पष्टीकरण पत्र को लेकर सामने आया। वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन में क्रीमी लेयर निर्धारित करने के लिए आय के साथ-साथ माता-पिता के पद और सामाजिक स्थिति को भी महत्व दिया गया था। उस समय यह व्यवस्था बनाई गई थी कि श्रेणी-एक और कुछ श्रेणी-दो अफसरों के बच्चों को क्रीमी लेयर माना जाएगा, क्योंकि उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर मानी जाती है। अन्य मामलों में आय की एक सीमा तय की गई थी, जो उस समय ढाई लाख रुपये प्रतिवर्ष थी। बाद में इसे बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष किया गया।

इसके विपरीत वर्ष 2004 में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि विश्वविद्यालयों, बैंकों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए क्रीमी लेयर का निर्धारण मुख्य रूप से आय सीमा के आधार पर किया जाएगा। इस व्याख्या के कारण कई ऐसे अभ्यर्थियों को क्रीमी लेयर में शामिल कर दिया गया, जिनके माता-पिता सरकारी सेवा में नहीं थे, लेकिन उनकी आय निर्धारित सीमा से अधिक थी। परिणामस्वरूप ऐसे कई अभ्यर्थी ओबीसी के गैर-क्रीमी लेयर वर्ग का लाभ लेने से वंचित हो गए। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कहा कि वर्ष 2004 का यह स्पष्टीकरण वर्ष 1993 के कार्यालय ज्ञापन की मूल भावना के विपरीत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# आनंद के संग्रह का महीना है रमजान

इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार रमजान का महीना 9वां महीना है, जबकि 10 महीने शव्वाल महीने में ईद का पर्व मनाया जाएगा। इस दृष्टि से 10वें महीने के स्वागत का महीना है रमजान। अंक के हिसाब से देखें तो 9 का अंक इकाई ही है और 10वां माह इकाई से दहाई में बदल जा रहा है। इसके सूक्ष्मभाव पर नजर डालें, तो व्यक्ति को समूह में जीने का संदेश भी दे रहा है रमजान का महीना। समूह में जीने के लिए स्नेह, प्रेम, दया की जरूरत होती है और जिसके पास यह है, उसका जीवन खुद-ब-खुद खुशी से भरा रहेगा। ईद के आने के पहले मन-मस्तिष्क में आनंद का सैलाब पैदा करने के पीछे पूरा विज्ञान शामिल है।

10वें माह में आने वाले ईद पर्व के लिए तन-मन को तैयार करने के लिए रमजान महीने के कुछ नियम बने, ताकि व्यक्ति अपने निजी जीवन में भी नियम के साथ रह सके। सहरी यानी सूरज निकलने के पहले फज्र की नमाज़ के पहले सो के उठना, मेडिकल साइंस के हिसाब से सेहत के लिए लाभप्रद है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ताजा रिसर्च के अनुसार शरीर के हार्मोन्स आंतरिक सफाई का काम उसी समय करते हैं और उसके बाद सूरज डूबने के समय मगरिब की नमाज के समय अफ्तार (सूरज डूबने के पहले) का वक्त है। इस समय वातावरण में ऐसी तरंगें होती हैं, जिसमें किए गए भोजन से तन और मन स्वस्थ रहता है। विभिन्न धर्मावलंबी भी सूर्य डूबने के पहले भोजन कर लेते हैं।

रमजान महीने में रात को इशा के नमाज के बाद तरावीह की नमाज के दौरान कुरान पाक को सुना जाता है। कुरान पाक में तीस 'पारे', छोटी-बड़ी 114 'सूरतें' हैं। इस प्रकार धार्मिक पद्धति से एक माह कुरान को पढ़ या सुनकर शव्वाल महीने में आने वाले ईद के लिए पूरी तरह दुरुस्त होने का यह रिहर्सल का महीना है। ईद भी 'ऊद' शब्द से बना है, जिसका मतलब सुगंध है। जीवन को सुगंधित बनाने का रमज़ान का माह यह संदेश लेकर हर साल आता है कि इस्लाम धर्मावलंबी ऐसा कार्य करें, जिससे वह जहां रहें और जहां जाएं खुशबू बिखेर दें।

रमज़ान महीने में रोज़ा रखने का यह भी उद्देश्य है कि दिन भर बिना कुछ खाए-पीए रहने से शरीर को जो तकलीफ मिलती है, वह यह संदेश देता है कि जो लोग आर्थिक दृष्टि से मजबूर हैं, वे बिना खाए-पीए रहते हैं तो कितनी तकलीफ उन्हें मिलती होगी, इसलिए सिर्फ इस्लाम में ही नहीं, हर धर्मों में कहा गया है कि सक्षम व्यक्ति को चाहिए कि वह आसपास-पड़ोस के उन लोगों की जानकारी रखें तथा उनकी मदद करें जो अभावग्रस्त हैं। किसी अभावग्रस्त व्यक्ति की सहायता करने से सुकून मिलता है। प्रयास यही करना चाहिए कि अभावग्रस्त व्यक्ति को स्वावलंबी बनाने में मदद की जाए न कि उन्हें खैरात में कुछ पाने की आदत बन जाए। जकात या दान सही व्यक्ति को ही करने से पुण्य (सवाब) मिलता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# अमेरिकी अपना रहे 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली

अमेरिका इन दिनों युद्ध को लेकर इतना आक्रमक है, उसके नागरिकों के बीच 'ऑफ-ग्रिड' जीवन शैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानि सार्वजनिक उपयोगिताओं या भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है, न कि महज मजबूरी। अनुमान है कि वर्ष 2035 तक अमेरिका में लगभग 12 प्रतिशत घर ऑफ-ग्रिड हो जाएंगे। रोचक तथ्य यह भी है कि ताजा प्रवृत्ति सिर्फ पर्यावरण प्रेमियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि मुख्यधारा में भी अब लोकप्रिय हो रही है। जमीनी जीवन शैली के इस क्रम में लोग सोलर पैनल, विंड टर्बाइन और निजी जल स्रोतों (कुएं, वर्षा जल संचयन) का उपयोग करके बिजली और पानी की पब्लिक सप्लाई का त्याग कर रहे हैं। यही कवायद आत्मनिर्भरता और सुकून वाले जीवन का आधार बनती जा रही है।

ऐसी लाइफ स्टाइल को अपनाने के कारण भी हैं। अमरीका के कैलिफोर्निया, टेक्सास और लुइसियाना जैसे राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं के कारण भी बिजली कटौती के चलते तमाम ग्रिड से अलग हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक उपयोगिताओं की बढ़ती लागत भी एक प्रमुख वजह है। ऐसा भी नहीं है कि वहां लोग आधुनिक ऑफ-ग्रिड शैली अपना कर आदिम युग में जीने लगे हों। इससे अलग उनके पास उन्नत तकनीक जैसे लिथियम बैटरी, स्मार्ट होम सिस्टम आदि विकल्प हैं, जिससे उनकी जीवन शैली पहले से तनावमुक्त है।



अजय दयाल
हल्द्वानी

इसी कड़ी में यह भी समझना होगा कि ऊर्जा की बढ़ती दरों के कारण 2025 तक 19 प्रतिशत अमेरिकियों को बिजली की आपूर्ति बंद होने का सामना करना पड़ा, जिससे त्रस्त आकर उन्होंने विकल्प के तौर पर आत्मनिर्भरता का रास्ता पकड़ा। साफ शब्दों में समझें तो अमरीका में एक नई जीवन शैली आकार ले रही है, जहां लोग सरकारी या निजी ग्रिडों की निर्भरता से अलग होकर, निजी संसाधनों से मानसिक तकलीफ से दूर होकर स्वतंत्र जीना पसंद कर रहे हैं।

थोड़ा रिसर्च कीजिए तो प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर रह कर सफल जीवन जीने वालों के और भी उदाहरण देशी-विदेशी लेखकों की पुस्तकों और इन पर बनी फिल्मों में मिल जाएंगे। ऐसी ही एक सच्ची कहानी जहाज दुर्घटना में फंसे रॉबिन्सन परिवार की है। 19वीं सदी की शुरुआत में पूर्वी इंडीज में आए एक भयंकर तूफान के कारण उनकी जहाज यात्रा एक ऐसे टापू पर अटकती है, जहां भौतिक कुछ था ही नहीं।

> अमेरिका में 'ऑफ-ग्रिड' जीवनशैली अपनाने वालों की संख्या में निरंतर वृद्धि होती जा रही है। 'ऑफ-ग्रिड' यानी भौतिक सुविधाओं को छोड़ना। दिलचस्प यह है कि इस रुझान को आरामदेह और आत्मनिर्भर जीवन की चाहत समझा जा रहा है न कि महज मजबूरी।

यहां दस वर्षों से अधिक समय गुजारने वाले परिवार को अनेक रोमांच और चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पेड़ पर घर बनाने से लेकर नए-नए उपकरण और संरचनाएं बनाते सभी ने जीवन यापन किया। वास्तव में यह सच्ची घटना उनके आरामदेह और टिकाऊ जीवन बनाने के प्रयासों और अंततः सकुशल जिंदा रहने के जज़्बे का उदाहरण बनी।

उदाहरण उन लोगों के लिए है, जो बिना बिजली अथवा गैस सिलेंडर के जीवन यापन करने की कल्पना मात्र से भयभीत हैं। रॉबिन्सन फैमिली की ऐतिहासिक जुगत विकासशील दुनिया में रह रहे आम लोगों के सामने नजीर है, जिनपर ताजा युद्ध का प्रभाव पड़ने जा रहा है। आग पर खाना पकाना, नदियों में नहाना है और एक साधारण बल्ब या लकड़ी की रोशनी भी विलासिता ही समझनी होगी, क्योंकि इस नये जीवन में लोग सार्वजनिक उपयोगिताओं से मुक्त होकर आरामदेह बल्कि आत्मसंतुष्ट जीवन शैली जी रहे हैं।

रॉबिन्सन फैमिली की तरह प्राकृतिक चिकित्सक मिस्टर हॉल और उनकी पत्नी एलिसिया ब्लिस हॉल का उदाहरण है, जो ऐसे इलाके में रहते हैं जहां बिजली की सुविधा बिल्कुल नहीं है। उनके दो केबिनों में बिजली पूरी तरह से सौर पैनलों से आती है। पानी के लिए नदी, जबकि खाना पकाने के लिए लकड़ी से जलने वाले चूल्हे हैं। वे धारा में एक जलविद्युत प्रणाली स्थापित कर रहे हैं जो सौर ऊर्जा में योगदान देगी।

ऐसे लोंगों का ग्रिड से अलग रहकर जीवन यापन करना पहले से कहीं अधिक व्यावहारिक और आरामदेह हो गया है। लेखक रोसेन का अनुमान है कि अमेरिका में बिना बिजली-पानी के जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या में भी प्रति वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है।

# कैनेडी बने थे उपभोक्ता अधिकारों की पहली आवाज

15 मार्च यानी वो तारीख जब उपभोक्ता अधिकारों की मशाल जलाई गई, जिसकी नींव 1962 में अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने रखी थी। उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करते हुए पहली बार उपभोक्ता के अधिकारों को परिभाषित किया था। उन्होंने कहा था, "उपभोक्ता अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा समूह है, जो लगभग हर आर्थिक निर्णय को प्रभावित करता है, लेकिन फिर भी उसकी आवाज अक्सर अनसुनी रह जाती है।" इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाने की शुरुआत 15 मार्च 1983 से हुई थी।

वर्तमान परिदृश्य में बाजार का स्वरूप बिल्कुल बदल चुका है। उपभोक्ताओं के सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं।



संजीव मेहरोत्रा
रिटायर बैंककर्मी

इस बार की थीम 'सुरक्षित उत्पाद, आश्वस्त उपभोक्ता' है, जो कहीं न कहीं आज के दौर की सबसे बड़ी जरूरत को दर्शाती है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत चार अधिकार दिए गए हैं, जिनमें सुरक्षा, सूचना, चयन और सुनवाई का अधिकार शामिल है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि दिए गए अधिकारों का क्या हम उपयोग कर पा रहे हैं, क्या हमें उनका लाभ मिल पा रहा है।

आज बाजार में विकल्पों की लंबी फेहरिस्त है। लुभावने विज्ञापन और सस्ते दामों में चीजें देने का दावा है। उपभोक्ता अब दुकानों तक सीमित नहीं है, वह उससे भी आगे निकल चुका है। वह ई-कामर्स की दुनिया में है, जिसके अपने फायदे और नुकसान हैं। यहां उपभोक्ता को लुभावने और गुमराह करने वाले तरीकों से अनचाही खरीदारी करने के लिए मजबूर किया जाता है। कई उत्पादों का फेक रिव्यूज दिया जाता है। इंटरनेट पर तमाम ऐसे प्लेटफार्मस हैं, जो उत्पादों के रिव्यूज के नाम पर फेक यानी गलत जानकारी देकर गुमराह करते हैं।

भारत में 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019' ने ई-कॉमर्स को अपने दायरे में लिया और यहां से उपभोक्ताओं को नई मजबूती दी, जिसके तहत गुमराह करने वाले विज्ञापनों के लिए हस्तियों व कंपनियों पर भारी जुर्माने का प्रावधान भी किया गया है। लोगों को भी खरीदारी के समय बिल लेने, आईएसआई, एगमार्क जैसे मानकों सहित उत्पाद की एक्सपायरी तिथि जांचने की आदत डालनी होगी।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपाल में बालेन शाह का चुना जाना महज इत्तेफाक नहीं

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं, लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई हैं। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई हैं, जो अब तक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है, जिस वजह से नेपाल में नई सरकार के सत्तारूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।



राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें, तो दुनिया में इक्का-दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे, जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए, बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यतः नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। युवाओं ने उन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है, लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है, जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो, उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी, तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्तारूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा।

बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है, क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद की बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व. वीपी कोइराला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं, लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है, लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरुंग, जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में है, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पॉवर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# 1.76 लाख मामलों का निस्तारण, 34.79 करोड़ रुपये वसूले

लोक अदालत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में कुल 1 लाख 76 हजार 663 मामलों का निस्तारण किया गया और 34 करोड़ 79 लाख 40 हजार 015 रुपये अर्थदण्ड एवं प्रतिकर के रूप में वसूल किए गए। इनमें सिविल कोर्ट के विभिन्न न्यायालयों द्वारा 34,670 वादों का निस्तारण कर 11,84,46,775 रुपये वसूल किए गए। प्री-लिटिगेशन स्तर पर वैवाहिक, राजस्व, बैंक और विभिन्न विभागों के 1,41,993 मामलों का निस्तारण कर 22,94,93,239 रुपये वसूले गए। पारिवारिक न्यायालयों ने 197 मामलों का निस्तारण किया। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण द्वारा 143 मुकदमों का निस्तारण कर 9,06,72,076 रुपये प्रतिकर राशि के रूप में वसूल किए गए। सभी मजिस्ट्रेट न्यायालयों ने 32,467 मुकदमों का निस्तारण कर 37,30,570 रुपये वसूल। इसमें सुधा सिंह, सीजेएम बाराबंकी ने सर्वाधिक 10,619 मुकदमों का निस्तारण कर 4,62,100/- रुपये वसूले। दीवानी न्यायालयों ने 147 वादों का निस्तारण किया, जिसमें



जनपद न्यायाधीश व पारिवारिक विवाद के निपटारे के बाद दंपति। ● अमृत विचार

67 उत्तराधिकार मामले निस्तारित कर 2,39,97,630 रुपये वसूले गए। राजस्व न्यायालयों ने कुल 75,206 वादों का निस्तारण किया और विभिन्न बैंकों ने 2,737 एनपीए खातों का निस्तारण कर 19,60,17,662 रुपये वसूले, जिसमें बैंक ऑफ़ इंडिया ने 1,144 मामलों का निस्तारण किया। पारिवारिक न्यायालय में 48 जोड़ों को एक साथ विदा किया। जोड़ों को माला पहनाई गई और मिठाई वितरित की गई। जनपद न्यायाधीश प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता का मूल मंत्र संवाद, संवेदनशीलता और सहमति है। उन्होंने कहा कि विवाद नहीं, समाधान हमारा लक्ष्य हो, टकराव नहीं, समन्वय हमारा मार्ग हो। राष्ट्रीय लोक अदालत के इस आयोजन ने जिले में न्याय को तेज, सुलभ और मानवीय बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस दौरान अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह, सिविल जज शिवानी रावत, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार, अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, अग्रणी जिला प्रबंधक बैंक ऑफ़ इंडिया सौरभ मौर्या सहित समस्त न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ता, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायल

## विभिन्न थानों में दर्ज हैं मुकदमे, स्वाट प्रभारी के कान से छूते हुए निकली गोली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** स्वाट व असंद्रा थाना पुलिस की एक बदमाश से मुठभेड़ हो गई। बदमाश की चलाई गोली स्वाट प्रभारी के कान छूकर निकल गई, जिससे वह बाल बाल बचे। हालांकि जवाबी फायरिंग से इनामिया अभियुक्त घायल हो गया और उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

स्वाट व थाना असन्द्रा की संयुक्त पुलिस टीम गश्त व चेकिंग पर थी। टीम को कन्धवापुर मोड़ के पास सिद्धौर से रामसनेहीघाट हाइवे की ओर मोटर साइकिल से एक संदिग्ध आता दिखाई दिया, संदिग्ध व्यक्ति



मुठभेड़ में घायल बदमाश को लाती पुलिस। ● अमृत विचार

को पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस टीम को देख कर भागने लगा तथा टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिससे प्रभारी स्वाट टीम उपनिरीक्षक अंकित त्रिपाठी के कान के पास से गोली सनसनाती निकल गई। पुलिस की ओर से आत्मरक्षार्थ फायरिंग में संदिग्ध अभियुक्त पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु तत्काल सीएचसी सिद्धौर भेजा गया। घायल की पहचान रूपेन्द्र उर्फ सूरज सिंह पुत्र पुत्तन सिंह निवासी देवरी रुखारा थाना बक्शी का तालाब जनपद लखनऊ के रूप में हुई। उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए आईजी अयोध्या द्वारा 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसके विरुद्ध बाराबंकी, लखनऊ, में डकैती, चोरी, अवैध शस्त्र बरामदगी, गैंगस्टर एक्ट आदि के 11 अभियोग पंजीकृत हैं।

# बालिका अगवा, परिजनों को मोबाइल पर मिली धमकी

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम घर के बाहर खेलते समय बालिका के लापता होने के मामले ने शनिवार को गंभीर रूप ले लिया। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद शनिवार को परिजनों को मोबाइल से दो बार कॉल कर धमकी दी गई और एफआईआर वापस लेने का दबाव बनाया गया। हालांकि अभी तक फिरौती की बात सामने नहीं आई है। एसपी के निर्देश पर पुलिस की टीमें गठित कर दी गई हैं।

कोतवाली हैदरगढ़ के एक वार्ड से एक बालिका घर के बाहर खेलते समय लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उसका पता नहीं चला। कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली। परिजन बालिका की तलाश कर रहे थे कि शनिवार को दोपहर करीब ढाई बजे घर के मोबाइल नंबर पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने धमकाया कि एफआईआर वापस लो वरना परिणाम गंभीर होंगे। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। शाम करीब 4 बजे फिर धमकी दी गई। पुलिस ने नंबर की जांच की तो उसकी लोकेशन सऊदी अरब निकली। बालिका का पता लगाने के लिए स्वाट, सर्विलांस व स्थानीय कोतवाली पुलिस मिलाकर टीम गठित की गई है। कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल्ल ने बताया कि बालिका की तलाश के लिए 6 सदस्यीय टीम गठित की गई है और जांच की जा रही है।

# गोंडा-लखनऊ पैसेंजर ट्रेन के संचालन को मिली हरी झंडी

**बाराबंकी: अमृत विचार :** यात्रीगण कृपया ध्यान दें, गोंडा पैसेंजर ट्रेन कुछ ही मिनटों में आने वाली है...का एनाउसमेंट फिर से सुनने को मिलेगा। लखनऊ से बलरामपुर वाया गोंडा होकर सफर करने वाले रेल यात्रियों के लिए छह साल से बंद पड़ी लखनऊ गोंडा पैसेंजर ट्रेन के संचालन को हरी झंडी मिल गई है। ट्रेन चारबाग के बजाय डालीगंज से चलेगी।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को 24 फरवरी को भेजे गए पत्र में गोंडा पैसेंजर ट्रन संख्या 55061, 62 के फिर से संचालन करने की अनुमति स्वीकृत होने की बात कही गई है। सब कुछ ठीक रहा तो एक सप्ताह के भीतर इसका संचालन होने लगेगा।



वर्ष 2020 में कोरोना के दौरान नकहा जंगल से लखनऊ तक चलने वाली इस पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया था। संभावित समय सारिणी के अनुसार प्रस्तावित 55061 पैसेंजर नकहा जंगल से रात करीब 11 बजे प्रस्थान करेगी और गोंडा, जरवल रोड, घाघरा घाट, चौकाघाट, बुढ़वल जंक्शन, बाराबंकी, सफेदाबाद और बादशाहनगर होते हुए सुबह 9:25 बजे डालीगंज रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वहीं वापसी में 55062 पैसेंजर डालीगंज से शाम 5:20 बजे रवाना होगी।

# हाईस्कूल की परीक्षा देने गई छात्रा लापता

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सुबेहा क्षेत्र के एक गांव से हाईस्कूल की परीक्षा देने गयी छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 मार्च की सुबह उनकी 18 साल की पुत्री हाईस्कूल की परीक्षा देने की बात कहकर घर से निकली, लेकिन उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी तलाश की, लेकिन छात्रा का कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने छात्रा की तलाश करने की बात कही है।

# कड़ी सुरक्षा में हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

**बाराबंकी: अमृत विचार :** दो दिवसीय दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई। इस परीक्षा में दस हजार के करीब अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण ढंग से निपटा।

जिले में आठ केंद्रों पर आयोजित होने वाली दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार से शुरू हो गई। परीक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए और प्रत्येक केंद्र पर एक स्टैटिक और एक जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती करने के साथ ही सुरक्षा के तहत तीन जोन और आठ सेक्टरों में बांटा गया था। वहीं सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा की निगरानी की गई। डीएम शशांक त्रिपाठी व एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने जवाहर लाल नेहरू पीजी कालेज, अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामिया इण्टर कालेज, राजकीय इण्टर कालेज व



परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

राजकीय महिला इण्टर कालेज परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

**छूटने से बची महिला की परीक्षा :** परीक्षा में शामिल होने आयी एक महिला अभ्यर्थी का परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज बरौली जाटा थाना सतरिख था लेकिन वह गलती से कोतवाली नगर के राजकीय इण्टर कालेज आ गई। अभ्यर्थी ने 112 पर सूचना दी। सीओ संगम कुमार की सक्रियता से पीआरवी 6520 के कर्मियों द्वारा महिला अभ्यर्थी को परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचाया गया।

# शिक्षक समस्याओं पर हुई चर्चा

रोहित बने महामंत्री

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में बड़ेल कार्यालय पर ई। बैठक में शिक्षकों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के लिए रणनीति तैयार की गई।

इनमें खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सभी शिक्षकों की सेवा पंजिका का अद्यतन न होना, एसएमसी एवं एमडीएम खातों में विभाग द्वारा प्रेषित धनराशि का विद्यालयवार विवरण उपलब्ध न कराना व विभिन्न प्रकार के अवकाशों का मानव संपदा पोर्टल पर समय से निस्तारण न होना शामिल रहा। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय पिपरौली के स.अ. रोहित



रोहित सिंह को मनोनयन पत्र देते जिला महामंत्री। ● अमृत विचार

सिंह को विकासखंड का महामंत्री मनोनीत किया गया। जिला महामंत्री नीरज वर्मा ने नवनियुक्त महामंत्री को मनोनयन पत्र प्रदान किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह यादव, शैलेन्द्र कुमार, जिला संगठन मंत्री सुधीर चौधरी, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा, बंकी अध्यक्ष शिव पूजन शर्मा, हरख अध्यक्ष रवि कुमार वर्मा, बनीकोडर अध्यक्ष चंद्र शेखर सिंह सहित अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बहन से छेड़खानी के विरोध पर भाई को पीटा

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** असन्द्रा क्षेत्र में एक युवती से छेड़खानी का विरोध करने पर भाई की पिटाई कर दी गई। पीछा करने पर ट्रैक्टर से बाइक सवार को टक्कर मार दी गई। एक गांव की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 मार्च की दोपहर वह अपनी किराना दुकान पर बैठी थी। उसी दौरान वनपुरवा मजरे सूर्यपुर निवासी रामू ट्रैक्टर से उसकी दुकान पर आया और मसाला मांगने लगा। आरोप है कि वह मसाला देने लगी तो रामू छेड़खानी करने लगा। युवती के शोर मचाने पर उसका भाई मौके पर पहुंचा जिस पर आरोपी ने भाई से लात-घूंसों से मारपीट कर दी और ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग गया।

# समाधान दिवस में 15 शिकायतों का निस्तारण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** शनिवार को जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 15 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ, वहीं अनिस्तारित मामलों के लिए टीमें गठित की गईं।

शनिवार को क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया। समस्त थानों में कुल 15 शिकायती पत्रों का निस्तारण कराया गया। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी के समक्ष भूमि सम्बन्धी कुल तीन शिकायत आई। इस दौरान ग्राम मेढिया निवासी विजय कुमार ने चकमार्ग पर अवैध रूप से गांव के अम्बरीष, रामस्वरूप, संतराम और हेतराम द्वारा कब्जा करने का आरोप लगाया। मूंजापुर निवासी सन्दीप ने शिकायत में कहा कि गांव के सत्यपाल सार्वजनिक चकमार्ग को जोतकर लोगों को निकलने मना करते है। ग्राम बरौली जाटा निवासी सलिल ने ग्राम डेढ़वा मजरे मसौली चकमार्ग पर गांव के नरेन्द्र द्वारा कब्जे का आरोप लगाया।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

शोधपत्र प्रस्तुति में श्रेया त्रिपाठी व स्वराज शुक्ला और वैशाली सिंह को किया गया सम्मानित

# सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार भारतीय परम्परा का मूल

**बाराबंकी, अमृत विचार :** टीआरसी लॉ कॉलेज में पारम्परिक ज्ञान एवं सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में भारतीय ज्ञान प्रणाली की भूमिका विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शनिवार को समापन हो गया।

द्वितीय दिवस के तकनीकी सत्र का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण से हुआ। संगोष्ठी में चार तकनीकी सत्र आयोजित हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। एसोसिएट प्रो. प्रदीप कुमार ने कहा कि बिना भेदभाव सभी के साथ निष्पक्ष व्यवहार करना भारतीय परम्परा का





सम्मानित प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

मूल रहा है। लखनऊ विवि के विधि विभागाध्यक्ष प्रो. डा. हरीश चन्द्र राम ने कहा कि अर्वाचीन भारत में पश्चिमी विधि एवं शासन व्यवस्था के अनुरूप संस्थाएं स्थापित होने के कारण प्राचीन भारतीय विधि प्रणाली पीछे छूट गई। तृतीय तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डा. प्रदीप कुमार व प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता ने की, जिसमें 16 प्रतिभागियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. (डा.) हरीश चन्द्र राम व डा. अविनाश मिश्रा ने की, जिसमें 13 प्रतिभागियों ने शोधपत्र प्रस्तुत किए। तृतीय सत्र में सर्वश्रेष्ठ शोधपत्र के लिए टीआरसी लॉ कॉलेज की परास्नातक विधि छात्रा श्रेया त्रिपाठी, जबकि चतुर्थ सत्र में लविवि के छात्र स्वराज शुक्ला व टीआरसी लॉ कॉलेज की वैशाली सिंह को स्मृति चिन्ह व नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर डा. अविनाश मिश्रा, डा. शिव शरण, डा. दीपमाला श्रीवास्तव, डा. वीर विक्रम सिंह, डा. नवीन कुमार सिंह, डा. इन्द्र दमन तिवारी, डा. मंजय कुमार यादव, डा. अमजद अंसारी, डा. प्रमोद कुमारण पाण्डेय, डा. धर्मेन्द्र कुमार, प्रवक्ता अंकित मिश्रा, रोहिणी त्रिपाठी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# घर में घुसकर कोटेदार से मारपीट

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक कोटेदार के साथ घर में घुसकर मारपीट व सरकारी मशीन तोड़ दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सुल्तानापुर निवासी प्रमोद ने बताया कि वह गांव में सरकारी गल्ले की दुकान चलाते हैं। आरोप है कि प्रमोद यादव अक्सर निर्धारित समय के बाद राशन लेने आता था और दबाव बनाता था। 28 फरवरी की शाम जब वह राशन लेने पहुंचा तो सर्वर डाउन था। इस पर इंतजार करने को कहा। आरोप है कि इसी बात पर प्रमोद ने गाली-गलौज की। सरकारी रजिस्टर फाड़ दिया और ई-पॉस मशीन को जमीन पर पटक कर तोड़ दिया। लोगों के विरोध करने पर आरोपी धमकी देते हुए चला गया।

## शिक्षकों ने चलाया शिक्षक की पाती अभियान



पत्र भेजते शिक्षक। ● अमृत विचार

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सेवारत शिक्षकों के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता के विरोध में उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ एवं अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर शिक्षक की पाती कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र में किया गया। संयोजन प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक मोर्चा के जिला संयोजक डॉ. राकेश सिंह, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ फतेहपुर ब्लॉक अध्यक्ष आनन्द वर्मा, अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष राममिलन वर्मा तथा टीएससीटी के ब्लॉक संयोजक संजय वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने पोस्टकार्ड के माध्यम से शिक्षक की पाती लिखकर राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री तथा नेता प्रतिपक्ष को प्रेषित कर टीईटी अनिवार्यता के निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की। कार्यक्रम में ब्लॉक मंत्री दिनेश मौर्य, ब्लॉक कोषाध्यक्ष भानु मिहिर, ब्लॉक उपाध्यक्ष अनवार अहमद, विश्वजीत सिंह, परमेंद्र कुमार उपाध्यक्ष तथा जिला मीडिया प्रभारी जय कुमार सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. बनवारी लाल, अनिल रावत, मनोज चौधरी, शेर मोहम्मद, शरद चंद, सरिता जोशी, आभा वर्मा, बंदना देवी, रमा मिश्रा, पूजा श्रीवास्तव, फरीहा सुम्बुल, रीना सिंह, कुसुम सिंह, रीमा श्रीवास्तव, किरन रावत, सीमा गौतम, शालिनी यादव, नैनवा काज़मी और अर्चना भारती आदि थे।

## शिक्षक की पाती अभियान एक सप्ताह बढ़ाया



बैठक करते शिक्षक नेता। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे के नेतृत्व में जिला पंचायत कार्यालय में महासंघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षक की पाती अभियान को पूरे प्रदेश में एक सप्ताह आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेशीय संयोजक अरुणेंद्र वर्मा मुन्ना, जनपद संयोजक धर्मेंद्र कुमार वर्मा, अटेवा जिलाध्यक्ष अमित वर्मा, डॉ. राकेश सिंह, मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी, श्याम किशोर बाजपेई, ओमकार, ललित, अभिजीत श्रीवास्तव सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## अर्चना अध्यक्ष व अपर्णा बनीं ब्लॉक मंत्री



बैठक के दौरान कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई की बैठक शुक्रवार को श्री सुंदर लाल इंटर कॉलेज औरेला में आयोजित हुई। बैठक का संयोजन अंकित जायसवाल ने किया। संचालन ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप तिवारी, ब्लॉक मंत्री अनूप कुमार अवस्थी, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुद्र प्रताप पांडेय तथा ब्लॉक कोषाध्यक्ष सूरज वर्मा के नेतृत्व में हुआ। बैठक में ब्लॉक स्तरीय महिला शिक्षक कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इसमें अर्चना मिश्रा को अध्यक्ष, अपर्णा श्रीवास्तव को ब्लॉक मंत्री तथा नाजली परवीन को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नामित किया गया। कंचन सिंह, ब्रेंजिल प्रकाश, रुबी वर्मा, गुंजन वर्मा और संतोष सेनी को उपाध्यक्ष बनाया गया, जबकि नेहा शुक्ला और सुप्रिया चौधरी को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन की ब्लॉक कार्यकारिणी में शिवाकांत शुक्ला को संगठन मंत्री, प्रभाकर पाण्डेय को ब्लॉक उपाध्यक्ष, अमन कुमार वर्मा को संगठन मंत्री, सूरज वर्मा को ब्लॉक कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र जायसवाल को मीडिया प्रभारी, संदीप कुमार सिद्धार्थ तथा अनुराग जायसवाल को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में अखिलेश वर्मा, अभिषेक तिवारी, अमित मिश्रा, अंकित तिवारी, आशीष बाजपेई और कृपा राम उपस्थित थे।

## रजत पदक विजेता छात्रा का विद्यालय में सम्मान



छात्रा को सम्मानित करते जिलाध्यक्ष व इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉ. राकेश सिंह।

**बाराबंकी : अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित 36वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 में विकास खण्ड फतेहपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैयां मझगवां की छात्रा महिमा राज पुत्री विनोद कुमार ने कुराश खेल के 48+ किलोग्राम भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। इस उपलब्धि पर डीएम एवं सीडीओ ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर तथा मेडल पहनाकर छात्रा को सम्मानित किया था। विद्यालय स्तर पर भी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक डॉ. राकेश सिंह तथा विद्यालय परिवार ने छात्रा महिमा को माला पहनाकर और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक सत्यानंद, सरिता सिंह, सहृदयान्कुर नारायण शर्मा, अमित जायसवाल, मोहम्मद ज़बीर, आयशा खातून तथा शिवमंगल सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## समिति पर डीएपी खाद महंगे दाम पर बेचने का आरोप

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** बुढ़वल सहकारी समिति पर किसानों ने डीएपी खाद निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर बेचने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि सचिव कुछ किसानों को खाद उपलब्ध न होने का हवाला देकर वापस कर देते हैं, जबकि अन्य किसानों को अधिक कीमत लेकर डीएपी खाद दी जा रही है। किसानों का कहना है कि बुवाई के समय में खाद वितरण जरूरी है, लेकिन सहकारी समिति पर अनियमितता बरते जाने के आरोप लग रहे हैं। किसान राहुल और रिंकू ने बताया कि जब वे डीएपी खाद लेने के लिए बुढ़वल सहकारी समिति पहुंचे तो सचिव ने यह कहकर मना कर दिया कि केंद्र पर डीएपी उपलब्ध नहीं है, जबकि उसी समय कुछ अन्य किसानों को खाद दी जा रही थी। एडीओ सहकारिता खुशबू राय ने बताया कि जांच कराई जा रही है। यदि किसानों से डीएपी खाद के नाम पर निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा वसूले जाने की शिकायत सही पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला आयोजित

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बिरौली में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता, वार्षिकोत्सव और प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग मेला आयोजित किया गया। छात्रों ने विज्ञान और पर्यावरण से संबंधित आकर्षक प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग की दौड़ में विपिन और सचिन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जूनियर में अनिल और महिमा ने शीर्ष स्थान हासिल किया। प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर कक्षा 5 की छात्रा सुनैना, और जूनियर स्तर पर प्रिया गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, प्रधानाध्यापक रमेश चंद्र, सहायक अध्यापक प्रदीप कुमार, राकेश कुमार, राहुल, राहुल गुप्ता, दुर्गेश वर्मा, सुमन सिंह, विजय सिंह यादव, सौरभ वर्मा, शैलेन्द्र कुमार आदि थे।

## बंगाल: एलपीजी वितरण केंद्रों पर लगी लंबी कतारें

**कोलकाता।** आपूर्ति बाधित होने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल के कोलकाता और कई जिलों में एलपीजी वितरण केंद्रों पर शनिवार को लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। सुबह से ही कोलकाता, दक्षिण 24 परगना और उत्तर 24 परगना जिलों में कई स्थानों पर एलपीजी वितरण केंद्रों के बाहर लोगों की भारी भीड़ नजर आई। अधिकारियों ने कहा कि इस बीच, एलपीजी सिलेंडरों की कथित जमाखोरी और हेराफेरी को रोकने के लिए अधिकारियों ने राज्य भर में निरीक्षण तेज कर दिया है।

अमृत विचार
अयोध्या, रविवार, 15 मार्च 2026
www.amritvichar.com



**बिजनेस ब्रीफ**

### अकासा एयर 15 मार्च से टिकटों पर लगाएगी ईंधन अधिभार

**नयी दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अकासा एयर 15 मार्च से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर 199 रुपये से 1,300 रुपये तक ईंधन अधिभार लगाएगी। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान टिकटों पर समान शुल्क लगाना शुरू कर दिया है। अकासा एयर ने शनिवार को बयान में कहा कि वह प्रत्येक उड़ान के लिए ईंधन अधिभार लगाएगी और यह राशि उड़ान की अवधि के आधार पर होगी।

### 5 करोड़ टन लौह अयस्क उत्पादन वाली पहली कंपनी बनी एनएमडीसी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी एनएमडीसी ने शनिवार को कहा कि वह एक ही वित्त वर्ष में पांच करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली खनन कंपनी बन गई है। एनएमडीसी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमिताव मुखर्जी ने कहा कि भारत 2030 तक अपनी इस्पात उत्पादन क्षमता को 30 करोड़ टन तक बढ़ाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में एक रणनीतिक प्राथमिकता बन गई है। लौह अयस्क इस्पात निर्माण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कच्चा माल है।

### हेटिच ने इंदौर में खोली नई विनिर्माण इकाई

**नयी दिल्ली।** जर्मनी की फर्नीचर बनाने वाली कंपनी हेटिच ने भारत को एक प्रमुख वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के इरादे से मध्य प्रदेश के इंदौर में अपनी नई विनिर्माण इकाई खोली है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह भारत में हेटिच का पहला समर्पित अंडरमाउंट ड्रॉर रनर (विशेष किस्म की फिटिंग) विनिर्माण संयंत्र है और यह देश में कंपनी के कुल लगभग 2,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है।

### गौर्स ग्रुप की बिक्री बुकिंग अप्रैल-दिसंबर में 12% बढ़ी

**नयी दिल्ली।** रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी गौर्स ग्रुप की आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियों की मजबूत मांग के कारण चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों के दौरान बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 5,347 करोड़ रुपये हो गई। गौर्स ग्रुप ने अप्रैल-दिसंबर 2024 अवधि में 4,786 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेची थीं। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों के दौरान, गौर्स ग्रुप ने 2,578 इकाइयों में लगभग 59 .2 लाख वर्ग फुट क्षेत्र बेचा। कुल बुकिंग में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी लगभग 95 प्रतिशत थी।

### जायडस की दवा को चीन के एनएमपीए से मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली।** दवा कंपनी जायडस लाइफसाइंसेज ने शनिवार को कहा कि उसकी नवोन्मेषी दवा ''डेसिडुस्टैट'' को चीन के राष्ट्रीय चिकित्सा उत्पाद प्रशासन (एनएमपीए) से विपणन की मंजूरी मिल गई है। इस दवा का उपयोग गुर्दे की बीमारी से संबंधित खून की कमी के इलाज में किया जाता है। कंपनी ने अपनी डेसिडुस्टैट टैबलेट के लिए चाइना मेडिकल सिस्टम होल्डिंग्स लिमिटेड (सीएमएस) की एक सहायक कंपनी को लाइसेंस दिया है।

# 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में शुरू हुई कॉमर्शियल एलपीजी की बिक्री

## रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने को छापेमारी, 20 पर एफआईआर दर्ज

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



पेट्रोलियम मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि देश के 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू हो गया है। साथ ही, रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी को रोकने के लिए देशभर में छापेमारी और औचक निरीक्षण तेज कर दिए गए हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू उपयोग के लिए रसोई गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के बावजूद घबराहट में बुकिंग लगातार बढ़ रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के पास पर्याप्त कच्चा तेल भंडार है और घरेलू रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। शर्मा ने कहा कि किसी भी खुदरा बिक्री केंद्र से भंडार खत्म होने की खबर नहीं है। हम घरेलू स्तर पर अपनी जरूरत के अनुसार पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का उत्पादन करते हैं और हमें आयात की आवश्यकता नहीं है। अधिकारी ने बताया कि खाड़ी देशों से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बावजूद सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और घरेलू एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी जा रही है। युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य बंद हो गया है, जो खाड़ी देशों से ऊर्जा के परिवहन का सामान्य मार्ग है। अधिकारी ने बुकिंग नियमों को स्पष्ट करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच न्यूनतम 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन का अंतर होना अनिवार्य है। सरकार ने घरेलू एलपीजी उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि की है। कालाबाजारी रोकने को उत्तर प्रदेश में 1,400 स्थानों पर छापेमारी कर 20 एफआईआर दर्ज की गई हैं। महाराष्ट्र, राजस्थान, बिहार और कर्नाटक जैसे राज्यों में भी औचक निरीक्षण किए गए हैं।

### 55 से बढ़कर 88 लाख हो गयी दैनिक बुकिंग

अधिकारी ने बताया कि युद्ध शुरू होने से पहले एलपीजी सिलेंडर की दैनिक बुकिंग लगभग 55 लाख थी। शुक्रवार को यह आंकड़ा बढ़कर लगभग 75 लाख था और आज बढ़कर 88 लाख तक पहुंच गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से केवल आवश्यकता होने पर ही सिलेंडर बुक करने का आग्रह किया।

### पीएनजी कनेक्शन देगी गेल

सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी गेल ने शहरी गैस परिचालकों से वाणिज्यिक ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में उद्योगों और होटलों को एक महीने तक वैकल्पिक ईंधन के रूप में बायोमास के उपयोग की अनुमति दी है।

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद श्रीलंका में ईंधन आपूर्ति बनी रहेगी: एलआईओसी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में लंका इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (एलआईओसी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति लगातार जारी रहेगी। यह बयान श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिथा हेरथ द्वारा अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर से ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए किए गए अनुरोध के बाद आया। हेरथ ने इस विषय पर छह मार्च को भारत दौरे के दौरान जयशंकर से चर्चा की थी। शनिवार को यहां प्रबंधन छात्रों की एक सभा को संबोधित करते हुए एलआईओसी के प्रबंध निदेशक के रघु ने कहा कि लंका आईओसी के प्रबंध निदेशक के रूप में मैं केवल लोगों को यह बताना चाहता हूं कि आप सभी सुरक्षित हाथों में हैं।

## नोटबंदी में नोट जमा न करने पर एक्सिस बैंक को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (एनसीडीआरसी) ने एक्सिस बैंक को दिल्ली स्थित प्रोकेयर लॉजिस्टिक्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को 3.19 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया है। आयोग ने बैंक को सेवा में कमी का दोषी ठहराया क्योंकि उसने 2016 के नोटबंदी के दौरान नोटों को जमा करने से मना किया था। आयोग ने कंपनी की बैंक के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई की। आयोग में पीठासीन सदस्य एवीएम जे. राजेंद्र और न्यायिक सदस्य अनूप कुमार मेंदीरत्ता शामिल थे।

आयोग ने 10 मार्च के आदेश में कहा कि बैंक ने बार-बार अनुरोध के बावजूद शिकायतकर्ता को अपने केवाईसी सत्यापित खाते में नोट जमा करने से रोक दिया और यह समस्या नोटबंदी की पूरी अवधि तक बनी रही। आयोग ने कहा कि बैंक के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं था कि वह ग्राहक के पैसे जमा करने से सीधे मना कर दे।

यदि बैंक को पैसों पर कोई शक था, तो वह इसकी सूचना अधिकारियों को दे सकता था, लेकिन नोट स्वीकार करना बैंक की मुख्य जिम्मेदारी थी।

# सेबी चेयरमैन की सलाह- अनिश्चित माहौल में धैर्य बनाए रखें निवेशक

**मुंबई, एजेंसी**



● कोरोना-युद्ध ने दिखाया कि समय के साथ स्थिर हो जाते हैं बाजार

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को निवेशकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की और इसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति करार दिया।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बाजारों में बिकवाली के दबाव के बीच पांडेय ने कहा कि कोरोना महामारी या रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी पिछली घटनाओं ने यह दिखाया है कि समय के साथ बाजार स्थिर हो जाते हैं।

सेबी के चेयरमैन ने बताया कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता बहाल करने के प्रयास जारी हैं, हालांकि दुनिया के कुछ हिस्सों में जारी तनाव ने ऊर्जा बाजार में अनिश्चितता पैदा की है। उन्होंने कहा कि कई निवेशकों, खासकर खुदरा निवेशकों के लिए, ऐसे अनिश्चित समय में सबसे अच्छी रणनीति धैर्य बनाए रखना है। भारतीय पूंजी बाजार नियामक के प्रमुख ने माना कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में अनिश्चितता हावी है, जो प्रौद्योगिकी बदलाव, कृत्रिम मेधा (एआई) के अपनाने और भू-राजनीतिक तनावों के कारण उत्पन्न होती है।

पांडेय ने पिछले अनुभव का हवाला देते हुए कहा कि बाजारों में उतार-चढ़ाव आया ... लेकिन वे अंततः स्थिर हो गए। उन्होंने कहा कि अनिश्चितता अपवाद नहीं बल्कि वित्तीय बाजारों की एक सामान्य विशेषता है।

पांडेय ने कहा कि अनिश्चित समय में पूंजी बाजार की ताकत अस्थिरता की अनुपस्थिति में नहीं है। अस्थिरता बाजारों की एक प्राकृतिक विशेषता है। असली ताकत इस विश्वास में है कि प्रणाली तनाव के समय भी निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से काम करेगी। पांडेय ने कहा कि यदि हम संस्थानों को मजबूत बनाना जारी रखें, सहभागिता बढ़ाएं और शासन व्यवस्था को बनाए रखें, तो भारतीय पूंजी बाजार अनिश्चितता से निपट कर और मजबूत भी बन सकते हैं।

## उद्योग की परिभाषा पर 17 को सुनवाई करेगी सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय पीठ

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



सुप्रीमकोर्ट की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 17 मार्च से औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत 'उद्योग' शब्द की परिभाषा के विवादास्पद मुद्दे पर सुनवाई शुरू करने वाली है। न्यायालय की 17 मार्च की कार्यसूची के अनुसार, इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ करेगी।

इस पीठ में न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति जोयमाल्य बागची, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल हैं।

इससे पहले 16 फरवरी को न्यायालय ने उन व्यापक मुद्दों को तैयार किया था, जिन पर इस पीठ को निर्णय लेना है। देश के सर्वोच्च न्यायालय को विचार करना है कि क्या 1978 के बेंगलुरु वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड मामले में न्यायमूर्ति वी आर कृष्णा अय्यर द्वारा 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए तय किए गए मानक सही हैं? साथ ही, पीठ यह भी देखेगी कि औद्योगिक विवाद (संशोधन) अधिनियम, 1982 और औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 (जो 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी है) का मूल अधिनियम में 'उद्योग' शब्द की व्याख्या पर क्या कानूनी प्रभाव पड़ता है।

पीठ द्वारा तय किए गए मुख्य मुद्दों में से एक यह है कि क्या सरकारी विभागों द्वारा चलाए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों, योजनाओं या अन्य उद्यमों को औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2(जे) के तहत औद्योगिक गतिविधियां माना जा सकता है।

अदालत ने संबंधित पक्षों को 28 फरवरी तक अपनी लिखित दलीलें देने का मौका दिया था। नौ न्यायाधीशों की यह पीठ 17 मार्च को सुनवाई शुरू करेगी और इसे 18 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उल्लेखनीय है कि 2017 में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश टी एस ठाकुर की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशों की पीठ ने इस मुद्दे के गंभीर और व्यापक प्रभावों को देखते हुए इसे नौ न्यायाधीशों की पीठ को भेजने का निर्णय लिया था।

# खाद की कोई कमी नहीं, सरकार ने दिया भरोसा

## पश्चिम एशिया संकट के बीच स्पष्ट किया-आगामी खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त से अधिक है भंडार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**



सरकार ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बावजूद देश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। सरकार ने स्पष्ट किया कि यूरिया और अन्य पोषक तत्वों का भंडार पर्याप्त से अधिक है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि भारत के अंतरराष्ट्रीय साझेदारों ने भी उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति का आश्वासन दिया है। पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रमों पर एक अंतर मंत्रालयीय संवाददाता सम्मेलन में जायसवाल ने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि इस समय भारत के पास उर्वरकों का पर्याप्त भंडार है, विशेष रूप से आगामी खरीफ सत्र के लिए। हमारे पास यूरिया का भंडार पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में अधिक है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भारत का डीएपी (डाइअमोनियम फॉस्फेट) भंडार 2025 की तुलना में दोगुना है, जबकि एनपीके (नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम) की स्थिति भी पहले से काफी बेहतर है। उन्होंने विश्लेषकों से आग्रह किया कि वे तथ्यात्मक स्थिति को देखें और अधूरी जानकारी के आधार पर घबराहट न फैलाएं।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान घरेलू उत्पादन हमारी सामान्य खपत से अधिक है, क्योंकि रबी का मौसम अब समाप्ति की ओर है। सरकार ने संयंत्रों का वार्षिक रखरखाव समय से पहले ही पूरा कर लिया है ताकि उपलब्ध गैस के साथ उत्पादन को अधिकतम किया जा सके। उर्वरक विभाग ने समय रहते वैश्विक निविदाएं जारी की थीं, जिन्हें अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और मार्च के अंत तक बड़ी आपूर्ति की उम्मीद है।

### गर्मियों में बढ़ सकती है कोयले की मांग, सरकार तैयार: रेड्डी

**चंद्रपुर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने से कोयले की मांग और अधिक बढ़ सकती है, लेकिन सरकार इस स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि कोयला कंपनियां अतिरिक्त उत्पादन कर रही हैं और सरकार लगातार उनसे संपर्क में है ताकि किसी भी बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। मंत्री ने कहा कि हम सभी कोयले की जरूरतें देश में ही पूरा करते हैं। आने वाले दिनों में गर्मी बढ़ने से कोयले की मांग और बढ़ सकती है, लेकिन हम इसे पूरा करने के लिए तैयार हैं। गर्मियों में कोयले की मांग बढ़ जाती है। इसी तरह, सर्दियों में हीटर के बढ़ते उपयोग से बिजली की जरूरत बढ़ जाती है, खासकर पहाड़ी क्षेत्रों में जहां बिजली की मांग तेजी से बढ़ती है। केंद्रीय कोयला और खनिज मंत्री यहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के मुरपार भूमिगत कोयला खदान के सतत और वैज्ञानिक बंद करने तथा पुन: उपयोग के कार्यक्रम का उद्घाटन करने आए थे। अपने दौरे के दौरान उन्होंने खदान के बंद होने से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और प्रगति की समीक्षा की। इस खदान में 2003 में कोयला उत्पादन शुरू हुआ था और 2022 में इसे बंद कर दिया गया था, जब इसे ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व (टीएटीआर) के पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र का हिस्सा घोषित किया गया। मंत्री ने कहा कि खदान का बंद होना अंत नहीं बल्कि सतत विकास की दिशा में एक नई शुरुआत है।

### पश्चिम एशिया में तनाव से कच्चे तेल में उछाल, 15 दिनों में 40% तक बढ़े दाम,

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर अब वैश्विक ऊर्जा बाजार पर साफ दिखाई देने लगा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में पिछले 15 दिनों के भीतर 40 प्रतिशत से अधिक की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि क्षेत्रीय संघर्ष और बढ़ता है या महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्ग प्रभावित होते हैं, तो आने वाले दिनों में कीमतों में और उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

#### क्या बता रहे आंकड़े

आंकड़ों के अनुसार, 27 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत करीब 73 डॉलर प्रति बैरल थी। हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव और ऊर्जा आपूर्ति को लेकर पैदा हुई चिंताओं के कारण शनिवार तक यह कीमत लगभग 103 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। इस प्रकार केवल 15 दिनों के भीतर प्रति बैरल करीब 30 डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो लगभग 41 प्रतिशत के उछाल के बराबर है। बताया जा रहा है कि अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच तनाव 28 फरवरी से और तेज हो गया, जब अमेरिकी और इस्राइली बलों ने ईरान के सैन्य ठिकानों तथा शीर्ष नेतृत्व को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर हमले किए। इस घटनाक्रम के बाद वैश्विक बाजारों में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंता गहराने लगी है।

विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बाजार में आशंका बढ़ी हुई है। यह जलमार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा परिवहन मार्गों में से एक माना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल और गैस अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचती है। यदि इस मार्ग पर किसी प्रकार की रुकावट आती है, तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

#### बाजार को लेकर विशेषज्ञों की राय

बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाला सप्ताह ऊर्जा बाजार के लिए काफी उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर के अनुसार निवेशकों की नजरें पूरी तरह पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रम पर टिकी रहेंगी। सरकारों के बयान, सैन्य गतिविधियां और संभावित कूटनीतिक पहल बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं।

**उड़ान** | सस्ती और अच्छी शिक्षा के प्रति चाहत बना रही एनआरआई

# यूरोप, सिंगापुर की ओर उड़ने को बेताब भारतीय छात्र

## अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों का आकर्षण भी बरकरार

**मुंबई, एजेंसी**



किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के कारण भारतीय छात्र तेजी से स्पेन, जर्मनी, सिंगापुर, यूएई और दक्षिण कोरिया जैसे देशों को पढ़ाई के लिए चुन रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

शिक्षा क्षेत्र पर केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी ऑक्सिलो फिनसर्व की रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश अब भी भारतीय छात्रों के लिए काफी आकर्षक बने हुए हैं, खासकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए। हालांकि, अब भारतीय छात्र पढ़ाई के लिए अन्य देशों को भी तेजी से विकल्प के रूप में चुन रहे हैं।

रिपोर्ट के अनुसार इस बदलाव के पीछे कम लागत, अच्छे शिक्षण संस्थान, वीजा के आसान नियम, प्रशिक्षण और नौकरी के बेहतर अवसर तथा छात्रों की सुरक्षा जैसे कुछ कारण हैं।

ऑक्सिलो फिनसर्व में विदेशी शिक्षा ऋण से जुड़ी मुख्य अधिकारी श्वेता गुरु ने कहा कि आज भारतीय छात्र विदेश में पढ़ाई के मामले में अधिक व्यावहारिक हो गए हैं और वे खर्च के बदले मिलने वाले लाभ को ध्यान में रखकर निर्णय ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्पेन, जर्मनी और न्यूजीलैंड जैसे देशों में पढ़ाई के लिए मांग तेजी से बढ़ रही है, क्योंकि वहां अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा, कम खर्च, स्पष्ट वीजा प्रक्रिया और पढ़ाई के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिलते हैं, खासकर स्नातकोत्तर स्तर और विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित से जुड़े पाठ्यक्रमों में। रिपोर्ट में कहा गया कि यूरोप के कई नए शिक्षा केंद्रों में वर्ष 2023 से 2025 के बीच लगातार मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार इन देशों में पढ़ाई का कुल खर्च लगभग 18 से 40 लाख रुपये प्रति वर्ष है, जबकि ब्रिटेन जैसे पारंपरिक देशों में यह 60 से 90 लाख रुपये प्रति वर्ष तक पहुंच जाता है।

वहीं जर्मनी, स्पेन और अन्य उभरते देशों में पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी मिलने में औसतन छह से नौ महीने लगते हैं, जबकि पारंपरिक देशों में यह समय नौ से 15 महीने तक हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया कि इन देशों में शुरुआती वेतन लगभग 25 से 45 लाख रुपये सालाना होता है, जबकि पारंपरिक देशों में यह 45 से 75 लाख रुपये तक हो सकता है।

## मोजाम्बिक में कोयला खदान विकसित करेगी जेएसडब्ल्यू स्टील

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू स्टील अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में कोयले की एक खदान (मिनास डी रेवुबोए) को विकसित करने जा रही है। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि यह काम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा। यह खदान मोजाम्बिक के टेते प्रांत के मोआटाइज कोयला क्षेत्र में स्थित है। इसमें कुल 85 करोड़ टन कोयले का भंडार है, जिसमें से 25 करोड़ टन कोकिंग कोल निकल सकता है।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि वह इस खदान को कई चरणों में विकसित करेगी। पहले चरण का विकास अगले लगभग ढाई साल में पूरा करने की योजना है। इसके बाद खदान से हर साल करीब 24 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले का उत्पादन किया जा सकेगा। भारत में अच्छी गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले के भंडार बहुत कम हैं, इसलिए ये जरूरी है।

# टिकटॉक से अमेरिका की मौज, मिलेंगे अरबों डॉलर और डेटा भी होगा सुरक्षित

**वाशिंगटन, एजेंसी**




चीनी एप टिकटॉक के साथ सौदा करने से अमेरिका को बड़ा लाभ होने वाला है। इससे अमेरिका को लगभग 10 अरब डॉलर की फीस मिलेगी।। साथ ही अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट में ये दावे के अनुसार इस सौदे के अंतर्गत अमेरिकी यूजर्स का डेटा भी सुरक्षित होगा।

टिकटॉक की मूल कंपनी चीनी कंपनी बाइट डांस है। लेकिन बीते जनवरी माह में अमेरिकी सरकार के दबाव के बाद बाइट डांस ने अमेरिकी कंपनी के साथ संयुक्त रूप से टिकटॉक चलाने का सौदा किया था। इस सौदे के अंतर्गत अमेरिका के यूजर्स का डेटा सुरक्षित होगा साथ ही अमेरिका को 10 अरब डॉलर मिलेंगे। बता दें कि अमेरिका में टिकटॉक के करीब 20 करोड़ यूजर्स हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बीते सितंबर में बताया था कि चीनी कंपनी के साथ संयुक्त उपक्रम वाली अमेरिकी कंपनी का मूल्य करीब 14 अरब डॉलर होगा।

सौदे के तहत अमेरिकी निवेशक ट्रंप प्रशासन को फीस के तौर पर 10 अरब डॉलर का भुगतान करेंगे। अमेरिकी निवेशकों में ओरेकल, सिल्वर लेक हैं।

ट्रंप सरकार के अधिकारियों का कहना है कि यह शुल्क जायज है क्योंकि टिकटॉक के अधिग्रहण में चीन के साथ बातचीत में ट्रंप की अहम भूमिका थी।

## सरकार ने बिजली उत्पादन मानदंडों में संशोधन किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने कंपनियों के कैप्टिव विद्युत उत्पादन संयंत्रों (सीजीपी) से जुड़े नियमों की व्याख्या को अधिक स्पष्ट करने और इसे व्यवसाय के लिए अधिक आसान एवं अनुकूल बनाने के लिए विद्युत नियमावली , 2005 के नियम 3 में संशोधन किये हैं। विद्युत मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विद्युत (संशोधित) नियमावली-2026 को अधिसूचित कर दिया गया है। मंत्रायल ने कहा कि 0इन संशोधनों का उद्देश्य नियमों की व्याख्या से जुड़ी अस्पष्टताओं को दूर करना, उद्योगों के लिए कारोबार में आसानी को सुधानाऔर कैप्टिव बिजली संयंत्र व्यवस्था को भारत के ऊर्जा संक्रमण और औद्योगिक विकास के लक्ष्यों के साथ समन्वित करना है। नये संशोधनों के कुछ प्रावधान कुछ प्रावधान 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे जबकि अन्य संशोधन तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### वीजा धोखाधड़ी में 11 भारतीयों पर आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 11 भारतीय नागरिकों पर वीजा धोखाधड़ी के लिए दुकानों में फर्जी हथियारबंद डकैती की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्धों पर फर्जी डकैतियों को अंजाम देने का आरोप है ताकि दुकान के लिपिक ग्रीन कार्ड प्राप्त करने के लिए आव्रजन आवेदनों में खुद को अपराध का शिकार बता सकें। इन 11 लोगों में 39 वर्षीय जीतेंद्रकुमार पटेल, 36 वर्षीय महेशकुमार पटेल, 45 वर्षीय संजयकुमार पटेल, 40 वर्षीय दीपिकाबेन पटेल, 52 वर्षीय रमेशभाई पटेल, 43 वर्षीय अमिताबहेन पटेल, 28 वर्षीय रौनककुमार पटेल, 36 वर्षीय संगीताबेन पटेल, 42 वर्षीय मिंकेश पटेल, 42 वर्षीय सोनल पटेल और 40 वर्षीय मितुल पटेल शामिल हैं जिन पर वीजा धोखाधड़ी की साजिश रचने का आरोप है।

### ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति बोलसोनारो बीमार

**रियो डी जेनेरियो।** ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो निमोनिया से पीड़ित हैं और देश की राजधानी ब्रासीलिया के एक अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उनका इलाज किया जा रहा है। अस्पताल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उनके चिकित्सक ब्रासिल कैआडो ने पत्रकारों को बताया कि 70 वर्षीय बोलसोनारो की स्वास्थ्य की स्थिति गंभीर है। कैआडो ने कहा कि 70 वर्ष से अधिक उम्र के रोगियों में निमोनिया हमेशा गंभीर होता है क्योंकि यह सेप्टीसीमिया में बदल सकता है और इस बैक्टीरिया के रक्तप्रवाह में प्रवेश करने की आशंका रहती है इसलिए इससे अधिक गंभीर स्थिति पैदा हो सकती है।

### 110 साल के बाद लौटा आइवरी कोस्ट का ढोल

**अबिदजान।** फ्रांस ने औपनिवेशिक काल के दौरान लूटी गई एक अमूल्य विरासत, जिजी अयोक्वे नाम वाले एक पवित्र 'ढोल' को आधिकारिक तौर पर उसके मूल देश आइवरी कोस्ट को लौटा दिया है। परंपरा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक रहे इस ढोल को शुक्रवार सुबह एक विशेष विमान के जरिए अबिदजान के हवाई अड्डे पर पहुंचाया गया, जहां आदिवासी कबीलों के पारंपरिक प्रमुखों और सांस्कृतिक अधिकारियों ने भावुक होकर इसका नाच गाकर स्वागत किया। लगभग 3 .3 मीटर लंबा और 430 किलोग्राम वजनी यह विशाल ढोल आइवरी कोस्ट के 'अचान' समुदाय की पहचान का प्रतीक है।

## उत्तर कोरिया ने जापान सागर में दागीं मिसाइलें

- अमेरिका- दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान किया शक्ति प्रदर्शन

सियोल, एजेंसी

अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच उत्तर कोरिया ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए शनिवार को पूर्वी सागर की ओर लगभग 10 बैलिस्टिक मिसाइल दागीं।

दक्षिण कोरिया की सेना ने यह जानकारी दी। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि मिसाइलें उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के निकटवर्ती क्षेत्र से दागी गईं, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि वे कितनी दूर तक गईं। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हथियार देश के विशेष आर्थिक क्षेत्र के बाहर के जलक्षेत्र में गिरे। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स' ने कहा कि सेना ने निगरानी बढ़ा दी है और संभावित अतिरिक्त हमलों के खिलाफ तत्परता बनाए रखी है तथा वह अमेरिका एवं जापान के साथ जानकारी साझा कर रही है। यह प्रक्षेपण ऐसे समय में किया गया है, जब उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यासों का जवाब देने की हाल में धमकी दी थी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच 11 फ्रीडम शील्ड युद्धाभ्यास जारी है। अमेरिका-द. कोरिया के अभ्यासों को उत्तर कोरिया खुद पर आक्रमण की तैयारी बताता रहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी की रैली से पूर्व भाजपा-तृणमूल कार्यकर्ताओं में झड़प

- मंत्री के घर पर भी पथराव, भाजपा नेता व एक पुलिस अफसर घायल

कोलकाता, एजेंसी



मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री मोदी की रैली के पूर्व भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प के बाद सड़क पर बिखरी ईंटें और मौजूद पुलिस।

मध्य कोलकाता में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली से करीब आधा घंटा पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भारतीय जनता पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक पुलिस अधिकारी और भाजपा के एक नेता घायल हो गए।

झड़प के बीच, यह आरोप भी सामने आया कि गिरीश पार्क इलाके में पश्चिम बंगाल की मंत्री शशि पांजा के आवास पर पथराव किया गया। यह झड़प रैली स्थल से लगभग पांच किलोमीटर दूर उस समय हुई जब भाजपा समर्थक प्रधानमंत्री की रैली में शामिल होने के लिए ब्रिगेड परेड मैदान की ओर जा रहे थे। यह रैली विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी की राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा' के समापन का प्रतीक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों पक्षों के समर्थकों ने कथित तौर पर एक-दूसरे पर पत्थर फेंके और नारे लगाए, जिससे इलाके में तनाव पैदा हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास में बोबाजार पुलिस थाना प्रभारी बप्पादित्य नस्कर भी घायल हो गए। भाजपा ने दावा किया कि झड़प के दौरान उत्तरी कोलकाता जिला अध्यक्ष तमघनो घोष और कई पार्टी कार्यकर्ता घायल हो गए। पार्टी नेताओं ने बताया कि घोष को अस्पताल ले जाया गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि रैली स्थल की ओर जाते समय उनके समर्थकों पर हमला किया गया। भाजपा के एक कार्यकर्ता ने एक बांग्ला समाचार चैनल को बताया, बिना किसी उकसावे के हम पर पत्थर फेंके गए। हमें गालियां भी दी गईं। पार्टी ने आरोप लगाया कि झड़प में रैली में समर्थकों को ले जा रही बसों सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, टीएमसी कार्यकर्ताओं ने इन आरोपों का खंडन किया और दावा किया कि ब्रिगेड रैली में जाते समय भाजपा समर्थकों ने पांजा के आवास पर हमला किया था। पांजा ने दावा किया कि भाजपा समर्थकों ने उनके आवास को निशाना बनाया और खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए। मंत्री ने आरोप लगाया, भाजपा के गुंडों ने हमला किया। रैली में जा रही बसों में ईंटें, कांच की बोतलें और बम ले जाए जा रहे थे।

### शुरुआत में निष्क्रिय बनी रही पुलिस

कुछ भाजपा नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि स्थिति बिगड़ने पर पुलिस शुरू में निष्क्रिय रही। बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और झड़प करने वाले समूहों को तितर-बितर करके स्थिति को नियंत्रण में किया। इलाके में तनाव बढ़ने के बाद दुकानदारों ने दुकानें बंद कर दीं। ये झड़प ब्रिगेड परेड मैदान में मोदी की रैली से ठीक पहले हुई।

# भाजपा की सरकार बनने पर दो वर्ष में पंजाब को करेंगे नशामुक्त: शाह

## केंद्रीय गृहमंत्री ने कानून व्यवस्था, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार पर मान सरकार को घेरा

- कहा-आप प्रमुख केजरीवाल के लिए एटीएम बनी मान सरकार

मोगा (पंजाब), एजेंसी



पंजाब के मोगा में बदलाव रैली के दौरान मंच पर भाजपा नेताओं तरुण चुघ, रवनीत सिंह बिट्टू और अन्य नेताओं के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दिखाई दे रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कानून-व्यवस्था, नशे की समस्या, धर्मांतरण और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर शनिवार को पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि यह सरकार आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि वे 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक मौका दें ताकि राज्य में बदलाव लाया जा सके।

मोगा में एक बदलाव रैली में चुनावी बिगुल बजाते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने राज्य के लोगों से कहा कि उन्होंने कांग्रेस, अकाली दल और 'आप' को कई मौके दिए हैं। शाह ने आरोप लगाया, आज पंजाब कर्ज, नशे, धर्मांतरण, भ्रष्टाचार और गैंगस्टरों के आतंक के कारण बर्बाद हो गया है। उन्होंने कहा कि यदि कोई पंजाब को नशे और अन्य समस्याओं से मुक्त कर सकता है, तो वह केवल नरेन्द्र मोदी और भाजपा ही हैं। उन्होंने वादा किया कि यदि भाजपा 2027 में सत्ता में आई तो नशे के कारोबार को सिर्फ दो साल में जड़ से खत्म कर दिया जाएगा। शाह ने कहा, इस राज्य में कोई सरकार नहीं है। अगर कोई सरकार होती, तो कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब नहीं होती; राज्य नशे की समस्या से जूझता नहीं और किसान इतनी पीड़ा में नहीं होते मान केवल केजरीवाल के पायलट के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार भ्रष्टाचार में डूब गई है।

शाह ने कहा, मुख्यमंत्री मान को शर्म आनी चाहिए कि दिल्ली के चार 'सूबेदार' राज्य में बैठे हुए हैं और इसकी सारी संपत्ति बाहर भेज रहे हैं। पंजाब में आप की सरकार अरविंद केजरीवाल के लिए एक एटीएम बन गई है। यह पंजाब की गरिमा के साथ खिलवाड़ कर रही है। शाह ने कहा, भाजपा को एक मौका दें, हम पंजाब में बदलाव लाएंगे। शाह ने बताया कि पार्टी ने 2027 के चुनावों के लिए अपनी चुनावी मुहिम मोग़ा से शुरू की है। उन्होंने कहा, मैं पंजाब के लोगों से अपील करने आया हूं कि भाजपा को वोट दें। शाह ने कहा कि भाजपा पहले अकालियों के जूनियर सहयोगी के रूप में पंजाब में सरकार का हिस्सा रही है। उन्होंने कहा, जब भी हम आपके सामने आए, हम छोटे भाई के रूप में आए। कहा कि भाजपा 2027 के चुनावों के बाद सरकार बनाने के लिए लड़ाई लड़ने जा रही है।

### किसानों को गुमराह कर रही आप-कांग्रेस

राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर हमलावर रुख अपनाते हुए शाह ने कहा कि 2026 में तीन गांव के सरपंच मारे गए जबकि गैंगस्टर लोगों से पैसे उगाह रहे हैं। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर, शाह ने 'आप' सरकार और कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा और किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया। मोगा के किली चाहलान गांव में रैली के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए थे। मोगा पंजाब के राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मालवा क्षेत्र में है, राज्य की 117 विधानसभा सीटों में से 69 इस क्षेत्र में हैं।

## पाकिस्तान ने मार गिराए अफगानी ड्रोन, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए गए अफगान तालिबान के ड्रोन के मलबे की चपेट में आने से दो बच्चों सहित कम से कम चार लोग घायल हो गए। पाकिस्तान की सेना ने शनिवार को बताया कि इन ड्रोन को शुक्रवार को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही राजधानी इस्लामाबाद से सटे रावलपिंडी, क्वेटा और कोहाट में रोककर नष्ट कर दिया गया। सेना की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, इन हमलों का मकसद लोगों में डर पैदा करना था और ये हमें उस आतंकवादी मानसिकता की याद दिलाते हैं, जिससे अफगान तालिबान प्रेरित है।

सेना की मीडिया शाखा ने कहा कि इन ड्रोन को बीच रास्ते में ही रोक दिया गया और वे अपने तयशुदा लक्ष्यों तक नहीं पहुंच सके लेकिन इनके मलबे के कारण क्वेटा में दो बच्चे तथा कोहाट एवं रावलपिंडी में एक-एक नागरिक घायल हो गए। उसने कहा, अफगान तालिबान एक ओर दुनिया की सहानुभूति हासिल करने के लिए खुद को पीड़ित के रूप में पेश करता है, वहीं दूसरी ओर वह अपने आतंकवादी सरगनाओं और अपने ड्रोन के जरिए नागरिकों को सक्रिय रूप से निशाना बनाता है।

## ब्रेन इम्प्लांट के व्यावसायिक उपयोग को चीन ने दी मंजूरी

- लकवाग्रस्त मरीजों के इलाज के लिए जगी नई उम्मीद

बीजिंग, एजेंसी



चीन ने लकवाग्रस्त व्यक्तियों के हाथों में जान डालने में मदद के लिए डिज़ाइन किए गए दुनिया के पहले ब्रेन इम्प्लांट को व्यावसायिक उपयोग के लिए आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह उपलब्धि हासिल करने वाला चीन दुनिया का पहला देश बन गया है।

इस डिवाइस को चीनी कंपनी 'न्यूरैकल मेडिकल टेक्नोलॉजी' ने विकसित किया है और यह 'ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस' तकनीक पर आधारित है। यह डिवाइस मुख्य रूप से उन वयस्कों (18 से 60 वर्ष) के लिए है जो गर्दन में रीढ़ की हड्डी की गंभीर चोट के कारण लकवे का शिकार हो गए हैं। बीसीआई तकनीक, किसी इंसान के तंत्रिका तंत्र को ऐसे उपकरणों से जोड़ती है जो मस्तिष्क की गतिविधियों को समझ सकते हैं। सरल शब्दों में, यह मशीन मरीज के दिमाग में चलने वाले 'हाथ हिलाने के विचार' को पकड़ती है और उसे सॉफ्टवेयर के जरिए एक रोबोटिक दस्ताने को भेजती है। यह दस्ताना मरीज के हाथ को खोलने और बंद करने में मदद करता है, जिससे मरीज चीजों को पकड़ पाता है। चीन ने हाल के वर्षों में बीसीआई तकनीक को अपनी राष्ट्रीय रणनीतिक प्राथमिकता में शामिल किया है। साउथ चायना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, चीन इसे भविष्य की आर्थिक वृद्धि के एक बड़े कारक के रूप में देख रहा है। पिछले साल, एक अन्य चीनी कंपनी 'न्यूरोएक्सिस' ने भी तब सुर्खियां बटोरी थीं, जब आठ साल से फालिज या लकवाग्रस्त एक इंसान ने इम्प्लांट के महज पांच दिन बाद अपने विचारों से डिजिटल उपकरणों को नियंत्रित करना शुरू कर दिया था।

दूसरी ओर, एलन मस्क की कंपनी 'न्यूरालिंक' भी इस दौड़ में तेजी से आगे बढ़ रही है। श्री मस्क ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि उनकी कंपनी 2026 में बीसीआई उपकरणों का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू कर देगी। न्यूरालिंक के अनुसार, दुनिया भर में अब तक 12 गंभीर रूप से लकवाग्रस्त लोग उनके इम्प्लांट का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, कमर्शियल मंजूरी के मामले में चीन ने फिलहाल बाजी मार ली है।

## राजकोट में एम्स के प्रशिक्षु डॉक्टर ने की आत्महत्या

राजकोट (गुजरात), एजेंसी



- सुसाइड नोट में अपने सहपाठियों पर लगाया राजस्थान निवासी डॉक्टर ने मारपीट का आरोप

राजकोट के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कार्यरत 25 वर्षीय प्रशिक्षु चिकित्सक ने शनिवार को आत्महत्या कर ली। मौके से मिले एक सुसाइड नोट में दावा किया गया है कि सहपाठियों ने उस पर हमला किया था।

पुलिस उपायुक्त (जोन 2) राकेश देसाई ने बताया कि राजस्थान के जैसलमेर निवासी रतनकुमार मेघवाल का शव शहर के पास घंटेस्वर और पारा पिपलिया के बीच रेलवे ट्रैक पर मिला। अधिकारी ने बताया कि गांधीग्राम पुलिस को सुबह करीब 5:30 बजे घटना की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंची और मेघवाल का शव बरामद किया।

देसाई ने बताया कि रेलवे ट्रैक के पास से मेघवाल का लैपटॉप, मोबाइल फोन, मेडिकल फाइलें और पहचान पत्र बरामद हुए। प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस को प्रशिक्षु चिकित्सक के पास से एक नोट मिला है जिसमें मेघवाल ने अपने सहपाठियों पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने बताया कि मेघवाल ने 27 जनवरी को भी उसी स्थान पर आत्महत्या का प्रयास किया था लेकिन तब पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसे राजस्थान स्थित उसके घर भेज दिया था।

## अमेरिका ने ईरानी नेतृत्व पर घोषित किया एक करोड़ डॉलर का इनाम

- रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस कार्यक्रम के तहत अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने की घोषणा

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई समेत कई प्रमुख नेताओं की जानकारी देने वाले को एक करोड़ डॉलर तक के इनाम की घोषणा की है। यह घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्रालय के 'रिवॉर्ड्स फॉर जस्टिस' कार्यक्रम के तहत की गई है।

इसमे विशेष रूप से उन अधिकारियों को लक्षित किया गया है जो ईरान की सत्ता और सैन्य तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस सूची में मोजतबा खामेनेई के अलावा अली असगर हेजाजी (डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ), मेजर जनरल यहया रहीम सफावी ( सैन्य सलाहकार), अली लारीजानी ( सलाहकार), ब्रिगेडियर जनरल एस्कंदर मोमेनी (आंतरिक मामलों के मंत्री), इस्माइल खतीब (खुफिया और सुरक्षा मंत्री) शामिल हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, ये व्यक्ति इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के विभिन्न अंगों का संचालन करते हैं, जो दुनिया भर में आतंकवाद की योजना बनाने और अंजाम देने का काम करता है। नोटिस में अमेरिका ने यह भी स्पष्ट किया है कि महत्वपूर्ण जानकारी देने वाले व्यक्ति को न केवल नकद पुरस्कार दिया जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थान पर बसाने की सुविधा भी देगा। यह कदम हाल ही में आयतुल्लाह खामेनेई और अन्य शीर्ष ईरानी अधिकारियों की मौत के बाद जारी सैन्य अभियानों की पृष्ठभूमि में उठाया गया है।

### मोजतबा को निशाना बनाया तो ईरान गंभीर कार्रवाई करेगा

**मास्को।** रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि यदि अमेरिका ईरान के नय सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या करने का प्रयास करता है, तो उसे गंभीर जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। जब उनसे पूछा गया कि यदि अमेरिका और इज़रायल ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई की हत्या का प्रयास करते हैं, तो ईरान की क्या प्रतिक्रिया होगी, तो जलाली ने कहा, आप आज ईरान की प्रतिक्रिया देख रहे हैं। हम अपने नेता (अयातुल्ला अली खामेनेई) के लिए खून का बदला चाहते हैं।

## एम्सटर्डम में यहूदी स्कूल पर हमला, कोई हताहत नहीं

**एम्सटर्डम/हेग।** नीदरलैंड्स की राजधानी एम्सटर्डम में शुक्रवार देर रात एक यहूदी स्कूल में विस्फोट हुआ जिससे स्कूल की बाहरी दीवार को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना के समय कोई भी वहां मौजूद नहीं था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। डच प्रधान मंत्री रॉब जेटन ने भी इस हमले को भयानक बताया और स्पष्ट किया कि नीदरलैंड्स में यहूदी-विरोध के लिए कोई स्थान नहीं है। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिला है जिसमें एक संदिग्ध व्यक्ति विस्फोटक उपकरण रखते हुए दिखाई दे रहा है। इस मामले में बड़े पैमाने पर जांच शुरू कर दी गई है। एम्सटर्डम की मेयर फेमके हल्सेमा ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे यहूदी समुदाय के खिलाफ कायरतापूर्ण आक्रमण" करार दिया है। मेयर ने कहा कि समुदाय में व्याप्त डर और गुस्सा जायज है क्योंकि वे लगातार बढ़ते यहूदी-विरोध का सामना कर रहे हैं, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यह घटना रॉटरडैम में एक सिनेगॉग (यहूदी प्रार्थना स्थल) पर शुक्रवार को हुई आगजनी की कोशिश के ठीक बाद हुई है, जिसके बाद से पूरे देश में यहूदी संस्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। रॉटरडैम पुलिस ने सिनेगॉग के बाहर विस्फोट करने और आग लगाने के संदेह में चार युवाओं को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों का कहना है कि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि क्या ये संदिग्ध अन्य सिनेगॉगों को भी निशाना बनाने की योजना बना रहे थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज दिन की शुरुआत काफी अच्छी रहेगी। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**तुला** – आज आय की अपेक्षा धन अधिक खर्च हो सकता है। वैवाहिक संबंधों में कुछ कड़वाहट आ सकती है। शरीर में पानी की कमी न होने दें।

**वृष** – आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। स्वयं के लिए कुछ समय अवश्य निकालें। उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है।

**वृश्चिक** – आज आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर होंगे।

**मिथुन** – आज निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। आपको कर्ज नहीं लेना चाहिए। व्यवसाय में कुछ नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**धनु** – आज व्यापार में नया प्रयोग करने से बचें। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा। परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

**कर्क** – आज आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण एवं ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। सामाजिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। व्यापारिक घाटे में कमी आएगी।

**सिंह** – आज दूसरे के मामलों में अधिक हस्तक्षेप करना उचित नहीं है। रुके हुए कार्यों को पूर्ण करेंगे। कार्यक्षेत्र में समस्याओं का अनुभव होगा।


**कुंभ** – आज आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। व्यवसाय में आपको लाभ हो सकता है। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**कन्या** – आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर अत्यधिक प्रभाव रहेगा।

**मीन** – आज फाइनेंस से जुड़े कार्यों के लिए दिन अनुकूल है। आप अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। सभी कार्य आपके अनुसार होते चले जाएंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, एकादशी 09 .16 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- श्रवण 16 मार्च 05 .56 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

### सुडोकू - 88 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 5 | 4 | 1 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 2 | 1 | 7 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 3 | 2 | 1 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 4 | 3 | 1 | 7 | 9 | 8 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 5 |
| 8 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 7 | 2 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 | 1 |

### सुडोकू -89

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | | 7 | | 8 | |
| | | 2 | | 9 | | | | 5 |
| | 8 | | | 2 | | 4 | | |
| 4 | 3 | | | | | | | 8 |
| | | | | | | | 9 | |
| 6 | | | | 3 | | | | 1 |
| | 4 | 9 | | | | 3 | | |
| 5 | | | | 4 | | 2 | | |
| | 7 | | 6 | | | | 5 | |

## ईरानी नागरिक व कुछ नौसैनिक स्वदेश रवाना

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण भारत में फंसे कई ईरानी नागरिक ईरान की एक चार्टर्ड उड़ान में शुक्रवार रात को कोच्चि हवाई अड्डे से रवाना हुए जिनमें ईरानी दूतावास के कर्मचारी, पर्यटक और कोच्चि बंदरगाह पर लंगर डालने वाले ईरान के युद्धपोत आईआरआईएस लावन के कुछ नौसैनिक शामिल हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को पश्चिम एशिया की स्थिति के बारे में विभिन्न मंत्रालयों की ब्रीफिंग में यह जानकारी दी।

## विचार

### कानूनी कामकाज में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल पर बोले उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ

# न्यायाधीश की नैतिक जिम्मेदारी का स्थान नहीं ले सकता एआई

हैदराबाद, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने शनिवार को कहा कि बुद्धिमत्तापूर्ण तरीके से इस्तेमाल किए जाने पर कृत्रिम मेधा (एआई) समय बचा सकती है और कानूनी कार्य के कुछ पहलुओं को अधिक प्रबंधनीय बना सकती है, लेकिन यह एक वकील की प्रतिभा, न्यायिक अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकती।

### विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना संस्थाओं की जिम्मेदारी

शीर्ष अदालत के न्यायाधीश ने कहा कि यह हमारे युग का विरोधाभास है, लेकिन इस विरोधाभास का बुद्धिमत्तापूर्वक समाधान करना हमारी संस्थाओं की जिम्मेदारी भी है। इसलिए हमारा दृष्टिकोण सैद्धांतिक अनुकूलन का होना चाहिए। हमें प्रौद्योगिकी को केवल इसलिए अस्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह नई है। हमें इसे अंधाधुंध स्वीकार नहीं करना चाहिए क्योंकि यह कारगर है।उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था का भविष्य केवल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से सुरक्षित नहीं होगा। यह सुनिश्चित करने से सुरक्षित होगा कि प्रौद्योगिकी कानूनी व्यवस्था के मूलभूत आदर्शों से जुड़ी रहे। उच्चतम न्यायालय के एक अन्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और तेलंगाना हाईकोर्ट के सीजे न्यायमूर्ति अपारेश कुमार सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

न्यायामूर्ति विक्रम नाथ ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने उच्चतम न्यायालय में भी कृत्रिम मेधा से उत्पन्न सामग्री के लापरवाहीपूर्वक उपयोग के मामलों पर चिंता व्यक्त जताई, जिनमें ऐसे उद्धरणों और संदर्भों का उल्लेख शामिल है जो अस्तित्व में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झूठे उद्धरण केवल तकनीकी त्रुटियां नहीं हैं, वे कानूनी दलीलों की शुचिता और स्वयं न्याय प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रहार करते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ ने कहा, लेकिन एक उपकरण को उपकरण ही रहना चाहिए। यह एक वकील के प्रशिक्षित दिमाग, अदालत के अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी या न्यायाधीश से अपेक्षित अनुशासित निर्णय का स्थान नहीं ले सकता।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी किसी नोट का मसौदा तैयार करने में मदद कर सकती है, लेकिन इसे कानून बनाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। साथ ही कहा कि, एआई के दुरुपयोग से हमें इसके विपरीत चरम सीमा तक नहीं पहुंचना चाहिए।



वह आईपीएल के आने वाले सत्र में वह दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने आईपीएल 2026 सत्र की शुरुआत एक अप्रैल को लखनऊ में इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच से करेगा

-केविन पीटरसन

स्टेडियम

अयोध्या, रविवार ,15 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

## किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया : पीसीबी

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने में नाकाम रहने के कारण टीम के किसी भी सदस्य पर जुर्माना नहीं लगाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान की टीम के सुपर आठ चरण से बाहर होने के बाद खिलाड़ियों पर जुर्माना लगाया गया, लेकिन पीसीबी के प्रवक्ता आमिर मीर ने इसका खंडन किया। मीर ने यहां पत्रकारों से कहा, किसी भी खिलाड़ी पर जुर्माना नहीं लगाया गया है, लेकिन बोर्ड खिलाड़ियों के लिए एक फार्मूला तैयार करने के बारे में सोच रहा है क्योंकि अच्छा प्रदर्शन करने पर उन्हें अच्छी प्रोत्साहन राशि मिलती है।

## लोकेश ने नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली ।** भारत के युवा एथलीट लोकेश सत्यनाथन ने अर्कांसस के फेयेटविले में एनसीएए इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की लंबी कूद में नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर अपने करियर में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 8 .21 मीटर की छलांग लगाकर नया इंडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। इससे वहां लंबी कूद के भारत के स्टार एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन (8 .42 मीटर) और मुरली श्रीशंकर (8 .41 मीटर) के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गए हैं। टार्लेटन स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेल रहे लोकेश ने अपने चौथे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके पहला स्थान हासिल किया।

## भारत महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में हारा

**हैदराबाद।** भारत को एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में शनिवार को इंग्लैंड से 0–2 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने इस साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह विश्व कप नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित होगा। दुनिया की छठे नंबर की टीम इंग्लैंड के लिए ग्रेस बाल्सडन ने 13वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पहला गोल किया। इसके बाद 43वें मिनट में एलिजाबेथ नील ने मैदानी गोल कर इंग्लैंड की बढ़त 2–0 कर दी। भारतीय टीम ने पूरी कोशिश की लेकिन सफल नहीं हुई।



# कुलदीप यादव ने वंशिका संग लिए सात फेरे

- बरारियों में पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी शामिल
- रोल्स-रॉयस विंटेज कार से पहुंचे कुलदीप
- तिलक वर्मा और मोहम्मद कैफ परिवार के साथ पहुंचे

खेल डेस्क



**अमृत विचार।** भारतीय क्रिकेट टीम के चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने बचपन की मित्र वंशिका चड्ढा के साथ विवाह रचाया। शादी समारोह उत्तराखंड के मसूरी स्थित सेवाय होटल में तीन दिनों से चल रहा है। रिंकू सिंह, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद कैफ के अलावा क्रिकेट जगत से जानी-मानी हस्तियां समारोह में शामिल होने पहुंची। खास मेहमानों में बागेश्वर धाम प्रमुख पंडित धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री 1.5 करोड़ की गाड़ी से पहुंचे। शादी के बाद 17 मार्च को लखनऊ के फाइव स्टार होटल में रिसेप्शन का कार्यक्रम है। इससे पहले 13 मार्च को मसूरी के होटल में हल्दी और मेहंदी की रस्म हुई थी।

**'रोल्स-रॉयस' विंटेज कार से कुलदीप ने ली एंट्री :** शादी को यादगार बनाने के लिए बारात की एंट्री अलग अंदाज में कराई गई। इसके लिए दूल्हे कुलदीप यादव की बारात में घोड़ी के साथ-साथ एक रॉयल विंटेज कार 'रोल्स-रॉयस' भी मंगाई गई है।

**अफगानी और पहाड़ी व्यंजन परोसे गए :** विवाह समारोह में मेहमानों के लिए खास दावत रखी गई। डिनर में अफगानी व्यंजनों से लेकर उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजन शामिल रहेंगे। शादी के दौरान भव्य आतिशबाजी का भी हुआ।

**द सेवाय होटल में शाही इंतजाम :** कुलदीप यादव और वंशिका की शादी को खास बनाने के लिए मसूरी के 'द सेवॉय' होटल में शाही इंतजाम किए गए। होटल मैनेजमेंट ने शादी के पलों को यादगार बनाने के लिए किए सारे प्रयास किए।

**छह हजार रुपये प्रति प्लेट खाना :** शादी में सजवाट के अलावा खाने पर विशेष ध्यान दिया गया। खबरों के मुताबिक खाने की कीमत 6 हजार रुपये प्रति प्लेट रही। वहीं भव्य मंडप और संगीत समारोह खास आकर्षण का केंद्र रहा।

**केकेआर ने कुलदीप यादव को दी शादी की बधाई :** कोलकाता नाइटराइडर्स की टीम ने कुलदीप यादव को शादी की बधाई दी है. फ्रेंचाइजी ने लिखा है, कुलदीप यादव और वंशिका को शादीशुदा जिंदगी की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम को सम्मानित करेगा बीसीसीआई

## नमन पुरस्कार समारोह : कई पुरुष और महिला क्रिकेटरों को मिलेंगे अवॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक नमन पुरस्कार समारोह के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बीसीसीआई नमन पुरस्कार 2026 का मुख्य आकर्षण हाल के समय में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम आठ मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी20 विश्व कप जीतने ओर खिताब का बचाव करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं वह घरेलू मैदान पर टी20 विश्व कप जीतने वाली पहली टीम भी बन गई है।



टी–20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम। फाइल फोटो

इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं। इनमें 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम, 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम, 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम और 2025 में अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम शामिल हैं। बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, जिनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था। भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा, जबकि स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर (महिला) के रूप में सम्मानित किया जाएगा। पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड का सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा, जबकि पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा।

बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की। द्रविड़ के नाम पर 24,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन दर्ज हैं। भारत के महानतम बल्लेबाजों में शामिल द्रविड़ ने भारतीय टीम के मुख्य कोच की भूमिका भी निभाई। उनके कोच रहते हुए भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप जीता था।

पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी, जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा। आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन को बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य एसोसिएशन का पुरस्कार मिलेगा। उसकी टीम ने इस सत्र में चार खिताब जीते और वह दो प्रतियोगिताओं में उपविजेता रही।

# आईपीएल में धोनी का हो सकता है यह अंतिम सत्र



- पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने लगाए कयास

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) महेंद्र सिंह धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की तरफ से एक खिलाड़ी के रूप में यह अंतिम सत्र हो सकता है। जैसे-जैसे 2026 का आईपीएल करीब आ रहा है, धोनी के संन्यास को लेकर चर्चाएं फिर से तेज हो गई हैं। सीएसके ने राजस्थान रॉयल्स से संजू सैमसन को लेकर अपनी टीम से जुड़ा है जिसके बाद अटकलें लगाई जा रही हैं कि धोनी इस बार खेल के मैदान पर कम दिखेंगे और वह मेंटोर की भूमिका निभा सकते हैं।

इरफान ने कहा धोनी के बिना सीएसके की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। हो सकता है कि इस सत्र में हम उन्हें आखिरी बार पीली जर्सी में देखें। लेकिन उनके बिना सीएसके और आईपीएल की कल्पना करना मुश्किल है। उन्होंने कहा आईपीएल शुरू होने के साथ ही हम धोनी को फिर से खेलते हुए देखने लगते हैं। इसका मतलब है कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं और वह काफी फिट भी दिख रहे हैं। यह 44 वर्षीय खिलाड़ी इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में सीएसके शिविर में शामिल हो चुका है और अभ्यास कर रहा है।

## श्रेयस व सॉल्ट को जाने देना केकेआर का गलत फैसला: कुंबले

**मुंबई।** महान क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 2024 में खिताब जीतने के बाद श्रेयस अय्यर और फिल सॉल्ट को जाने देकर गलत फैसला किया। उन्होंने कहा कि जब तक तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम अहम खिलाड़ियों को अपने पास बनाए रखने की अहमियत नहीं समझेगी तब तक उसे खिताब का गंभीर दावेदार नहीं माना जा सकता। अय्यर केकेआर छोड़कर पंजाब किंग्स में शामिल हो गए जिसकी कप्तानी करते हुए उन्होंने पिछले सत्र में करीब एक दशक बाद टीम को पहली बार आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।

# मयंक चक्रवर्ती ने रचा इतिहास

- पूर्वोत्तर से पहले और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बने

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया, जिससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बन गए। वह के पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।

असम के गुवाहाटी के रहने वाले 17 वर्षीय चक्रवर्ती 2024 में इंटरनेशनल मास्टर बने थे। उन्होंने 'होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूर्नामेंट' के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। लिंडग्रेन पर जीत के दौरान चक्रवर्ती अपने खेल के चरम पर थे। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे।

आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो के साथ एक रोमांचक ड्रॉ खेला और इस तरह अपने अब तक के सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी। इस प्रक्रिया में चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया। उनकी मौजूदा रेटिंग इस सीमा से कुछ अंक ऊपर है जिससे अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के नियमों के अनुसार उनका ग्रैंडमास्टर खिताब पक्का हो गया है। चक्रवर्ती ने इस दौरान एक बाजी गंवाई, दो ड्रॉ खेले और बाकी छह बाजियां जीती। इस तरह उन्होंने कुल नौ में से सात अंक हासिल किए। साथ ही उन्होंने टूर्नामेंट का खिताब भी अपने नाम कर लिया।


## स्विस ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

**बासेल ।** भारत के थारुन मन्नेपल्ली के इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग से तीन गेम तक चले क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारने के साथ ही स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई।

विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी मन्नेपल्ली को 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी टूर्नामेंट में गिंटिंग से 19-21 21-19 13-21 से हार का सामना करना पड़ा। गिंटिंग ने शुरुआत में ही 6-2 की बढ़त बना ली, हालांकि मन्नेपल्ली ने वापसी की पर इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल कर ली।

# सबालेंका और रिबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

इंडियन वेल्स, एजेंसी





एरिना सबालेंका व एलेना रयबाकिना।

दो बार उपविजेता रह चुकीं एरिना सबालेंका ने लिंडा नोस्कोवा को 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

बेलारूस की शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी सबालेंका ने शुक्रवार रात बीएनपी पारिबास ओपन में नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में हराया। रविवार को फाइनल में उनका मुकाबला कजाकिस्तान की तीसरे नंबर की खिलाड़ी एलेना रिबाकिना से होगा। रिबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में यूक्रेन की नौवें नंबर की खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना को 7-5, 6-4 से हराया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में रिबाकिना से मिली थी।

सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। सबालेंका ने कहा मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं रविवार को पूरी तरह से तैयार रहूं। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलूंगी और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करुंगी कि इस साल मेरा दबदबा रहे।

## भांबरी-गोरानसन का सफर सेमीफाइनल में थमा

इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी : भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के उनके साथी आंद्रे गोरानसन का कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में शानदार अभियान सेमीफाइनल में हारने के साथ समाप्त हो गया। भांबरी और गोरानसन की गैरवरीय जोड़ी फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच और मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट से 5–7, 7–6(7), 5–10 से हार गई। यह एक कड़ा मुकाबला था जिसका फैसला टाईब्रेकर से हुआ। भांबरी और गोरानसन पहले सेट में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। उन्होंने दूसरे सेट में बेहतर खेल दिखाया और टाईब्रेकर में जीत दर्ज करके मुकाबला को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया।

आग्रह

बैडमिंटन विश्व महासंघ ने वर्तमान तीन गेमों वाली 21 अंक की प्रणाली को 15 अंक में बदलने का किया है प्रस्ताव

# अंक प्रणाली में बदलाव पर सतर्कता बरतनी चाहिए : साइना

नई दिल्ली, एजेंसी



- वर्तमान प्रारूप का किया समर्थन, बोलीं- इसमें बनी रहती है खेल की गति व दमखम

ओलंपिक पदक विजेता साइना नेहवाल ने बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) से स्कोरिंग में प्रस्तावित बदलाव पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है और उनका मानना है कि वर्तमान की 21 अंक की प्रणाली खेल की गति और दमखम बनाए रखती है।

बैडमिंटन की विश्व में सर्वोच्च संस्था बीडब्ल्यूएफ ने वर्तमान तीन गेम वाली 21 अंक की प्रणाली को तीन गेम की 15 अंक वाली प्रणाली में बदलने का प्रस्ताव किया है। इस बदलाव पर सदस्य 25 अप्रैल को डेनमार्क के होर्सेंस में बीडब्ल्यूएफ की वार्षिक आम बैठक में मतदान करेंगे। साइना ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा बैडमिंटन की परंपरा समृद्ध है तथा ऑल इंग्लैंड ओपन और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप जैसे टूर्नामेंट में खिलाड़ियों की गति और सहनशक्ति की परीक्षा होती है। उन्होंने कहा स्कोरिंग या प्रारूप में किसी भी तरह के बदलाव पर सतर्कता पूर्वक विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान की 21 अंक वाली प्रणाली अच्छा काम कर रही है और खिलाड़ी इससे अच्छी तरह तालमेल बिठा चुके हैं।

साइना ने कहा यदि कुछ बदलाव किए भी जाते हैं तो यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रैलियों की गुणवत्ता और खेल के प्रतिस्पर्धी संतुलन पर कोई असर न पड़े। निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा और खेल भावना पर ही ध्यान केंद्रित रहना चाहिए।'''' बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर के लिए प्रस्तावित नए प्रारूप के अनुसार एशिया और यूरोप में होने वाले पांच सुपर 1000 टूर्नामेंटों में एकल वर्ग में एक नया प्रारूप लागू किया जाएगा, जिसमें 48 खिलाड़ी ग्रुप चरण में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उसके बाद नॉकआउट राउंड होंगे। युगल स्पर्धाओं में 32 जोड़ियों के नॉकआउट ड्रॉ होंगे। प्रत्येक सुपर 1000 टूर्नामेंट 11 दिन तक चलेगा। साइना का मानना है कि बीडब्ल्यूएफ को खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उनका मानना है कि व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के कारण आराम के लिए बहुत कम समय बचता है और इससे खिलाड़ियों के चोटिल होने और उन पर थकान हावी होने की संभावना बनी रहती है।

## बैडमिंटन शारीरिक व मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल

साइना नेहवाल ने कहा बैडमिंटन शारीरिक और मानसिक दोनों दृष्टि से मुश्किल खेल रहा है। इसमें लंबी रैलियां होती हैं और खिलाड़ी लगभग प्रत्येक सप्ताह टूर्नामिंट में खेलते हैं। बीडब्ल्यूएफ ने कैलेंडर को व्यवस्थित करने की कोशिश की है लेकिन एक खिलाड़ी के लिए रिकवरी का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। चोटें और थकान प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं और करियर को भी छोटा कर सकती हैं। साइना ने लक्ष्य सेन की अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए सराहना की जो पिछले सप्ताह ऑल इंग्लैंड ओपन में पुरुष एकल में उपविजेता रहे थे। यह दूसरा मौका था जबकि लक्ष्य सेन इस प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ऑल इंग्लैंड ओपन जैसी बड़ी प्रतियोगिता के फाइनल में दो बार जगह बनाना बड़ी उपलब्धि है। यह शुरू से बैडमिंटन का प्रमुख टूर्नामेंट रहा है।

